RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 33
लखनऊ, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आदिवासियों के बीच जागरूकता पैदा करें लेखक
राष्ट्रीय-11

# उत्तरकाशी में संकट बरकरार

● नौवें दिन भी सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने में नहीं मिली सफलता, उठे सवाल कि क्या अधिकारियों की उदासीनता के कारण हुआ सिल्कयारा सुरंग हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



उत्तरकाशी में सोमवार को इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्नाल्ड डिक्स हादसा स्थल का जायजा लेने पहुंचे

**उत्तरकाशी** जिले के सिल्कयारा सुरंग में 12 नवंबर से फंसे श्रमिकों के बचाव अभियान के नौवें दिन सोमवार को आधिकारिक तौर पर बहुत कम प्रगति हुई। हालांकि ऐसे आपदा मामलों में राहत बचाव अभियान के दौरान चुनौतियों को सामना करना पड़ता है, लेकिन इस मामले को लेकर लोग सरकारी परियोजना शुरू करते समय नाजुक (फ्रेजाइल) हिमालय को लेकर बुनियादी वैज्ञानिक सिद्धातों की अनदेखी और आधारभूत ढांचा परियोजना में अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते इसे मानव निर्मित आपदा बता रहे हैं। विशेषज्ञ सवाल कर रहे हैं कि क्या उस समय सरकार सरकार सो रही थी जब इस परियोजना की योजना बनाई गई और कार्यान्वयन शुरू हुआ। उस समय नाजुक चट्टानों और सिल्क्यारा परियोजना में एक एस्केप सुरंग की अनुपस्थिति जैसे पहलुओं का हवाला देते हुए सवाल उठाए गए। सभी मौसम में चार धाम की महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना के तहत राडी दर्रे क्षेत्र के पास 853.79 करोड़ रुपये की लागत से 4,531 मीटर लंबी सिल्कयारा सुरंग का निर्माण किया जा रहा है जो गंगोत्री और यमुनोत्री धुरी को जोड़ने वाली है। भूविज्ञानी, वैज्ञानिक और पर्यावरणविद् सभी मौसम सड़क परियोजना के शुरू होने के बाद से ही कहते रहे हैं कि परियोजना के क्रियान्वयन के बाद से सड़कों पर भूस्खलन बढ़ गया है।

हिमालयन पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन (हेस्को) के संस्थापक और पद्म भूषण से सम्मानित अनिल प्रकाश जोशी का कहना है कि सिल्क्यारा की घटना निर्माण कंपनी की चूक लग रही है। पहाड़ों में काम मैदानी इलाकों के मुकाबले धीमा और अलग होता है। बुनियादी ढाँचे का विकास करते समय नाजुक हिमालय की भूवैज्ञानिक विशेषताओं और जलवायु परिवर्तन पर विचार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैदानी इलाकों की तरह ही पहाड़ों में भी निर्माण कार्य हो रहे हैं और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। जोशी ने कहा, हमें अपने पहाड़ों में बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरत है, लेकिन इसमें इलाके के भूवैज्ञानिक पहलू और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को ध्यान में रखना होगा जो अब एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लिए सभी योजनाओं और क्रियान्वयन के केंद्र में विज्ञान को रखना होगा।

एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूविज्ञानी, एमपीएस बिष्ट ने कहा कि सुरंग निर्माण के लिए जब इस तरह के बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग कार्य किया जाता है, तो उस विशिष्ट चट्टान की पूरी तरह से भू-तकनीकी और भूभौतिकीय मानचित्रण करना महत्वपूर्ण होता है। पहाड़ों में किसी भी बुनियादी ढांचा परियोजना के निर्माण से पहले सुरक्षा उपायों को बनाए रखना जरूरी है, ऐसे में जब वहां काम चल रहा हो तो व्यक्ति को सुरक्षा को लेकर नजर रखनी होती है। चट्टान की स्थितियाँ अलग-अलग होती हैं, इसलिए भूभौतिकीय मानचित्रण पूरे पर्वत पर चट्टान की गुणवत्ता का विवरण देता है। ऐसी परियोजनाओं को शुरू करने से पहले पहाड़ी चट्टानों की भार वहन क्षमता को भी देखा जाना चाहिए। बिष्ट ने कहा, सतत विकास के लिए, भविष्य में किसी भी नुकसान से बचने के लिए निर्धारित जांच और निर्धारित मानदंडों का सख्ती से पालन करना होगा। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर रेस्क्यू ऑपरेशन की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्नोल्ड डिक्स भी बचाव प्रयास में सहायता के लिए सोमवार को सिल्क्यारा पहुंचे। जबकि अधिकारी 12 नवंबर से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए छह विकल्पों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, कई लोग सिल्कयारा सुरंग हादसे के पीछे सरकारी तंत्र की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए विशेषज्ञों के अनुसार घटना के पीछे का कारण मान रहे हैं।

उधर, बचाव अभियान में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली जब बचावकर्मियों ने सुरंग के अवरूद्ध हिस्से में ड्रिलिंग कर मलबे के आर-पार 53 मीटर लंबी छह इंच व्यास की पाइपलाइन डाल दी जिसके जरिए सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को ज्यादा मात्रा में खाद्य सामग्री, संचार उपकरण तथा अन्य जरूरी वस्तुएं पहुंचाई जा सकेंगी।

इससे पहले, श्रमिकों तक आक्सीजन, हल्की खाद्य सामग्री, मेवे, दवाइयां और पानी पहुंचाने के लिए चार इंच की पाइप का इस्तेमाल किया जा रहा था। दूसरी लाइफ लाइन कही जा रही इस पाइपलाइन के जरिए अब श्रमिकों तक रोटी और सब्जी भी भेजी जा सकेगी।

## पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में बेअदबी के आरोप

**एजेंसी।** नई दिल्ली/लाहौर



फाइल चित्र

**पाकिस्तान** के करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में बेअदबी का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि गुरुद्वारा परिसर में पाकिस्तानी अफसरों द्वारा शराब और मांसाहार का सेवन किया गया। पाकिस्तानी अफसरों पर ये आरोप भाजपा नेता और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने लगाया है। उधर, करतारपुर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) द्वारा कथित तौर पर डांस पार्टी आयोजित करने का एक वीडियो सामने आने के कुछ दिनों बाद अधिकारियों ने सोमवार को उन खबरों को खारिज किया कि प्रतिभागियों ने सभा में शराब पी और मांसाहारी भोजन किया।

भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए बताया कि करतारपुर गुरुद्वारा प्रशासन ने करतारपुर साहिब परिसर में डांस पार्टी का आयोजन कर के गुरुद्वारे को अपवित्र किया है। इस पार्टी के आयोजन का आरोप करतारपुर साहिब कॉरिडोर में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के सीईओ सैयद अबू बकर कुरैशी पर लग रहे हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'मैं पाकिस्तान सरकार से आह्वान करता हूं कि वे सभी आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें। हमें इस पार्टी से गहरी निराशा हुई है।' भाजपा नेता ने कहा कि, 'दुनिया भर में सिख समुदाय हमारे पवित्र स्थल के इस अपमान से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। जहां गुरु नानक देव जी ने अपनी अंतिम सांसें ली थीं। मैं इस संबंध में पाकिस्तान सरकार से तुरंत जवाबदेही और कार्रवाई की मांग करता हूं।' बताया जाता है कि श्री दरबार साहिब की दर्शनी देवरी (मेन गेट) से 20 फीट की दूरी पर आयोजित पार्टी रात 8 बजे शुरू हुई थी। जिसमें नारोवाल के उपायुक्त मोहम्मद शाहरुख, नारोवाल के जिला पुलिस अधिकारी सहित अलग-अलग समुदायों के 80 से ज्यादा लोग शामिल थे।

इस बीच, लाहौर में पीएमयू के दो अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 18 नवंबर को हुए स्वागत कार्यक्रम में मदिरायुक्त पेय पदार्थ नहीं परोसे गए और न ही वहां कोई नृत्य हुआ। अधिकारियों ने कहा कि व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो जिसमें रात्रिभोज में शराब दिखाई गई है, उसमें प्रचार के उद्देश्य से छेड़छाड़ की गई होगी।

## योगी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

● चुनावी रैली में कहा, पिछले पांच साल में राज्य का कोई विकास नहीं हुआ

**भाषा।** जयपुर



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच साल में कोई विकास नहीं हुआ। योगी ने जयपुर के आमेर निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जहां राजस्थान सरकार रामनवमी पर कर्फ्यू लागू करती है, वहीं उत्तर प्रदेश में चार करोड़ लोगों की शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा बिना किसी व्यवधान के जारी रहती है। उन्होंने अपराध, गौ तस्करी, साइबर अपराध, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच वर्षों में राज्य में कोई विकास नहीं हुआ। योगी ने लालसोट में भी चुनावी रैली को संबोधित किया और कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजस्थान को बहुत नुकसान हुआ है। एक बयान के अनुसार योगी ने कहा, आखिर पांच वर्ष में ऐसा क्या हो गया कि कांग्रेस राज में राजस्थान विकास, पर्यटन, रोजगार देने में, किसानों की खुशहाली में नंबर एक पर नहीं है, अब राजस्थान अपराध में नंबर एक पर होता है, अराजकता, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गोकशी, महिला संबंधी अपराध और साइबर अपराध में नंबर एक है। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बन रहा है, वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, भारत का सम्मान बढ़ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अन्य रैलियों को भी संबोधित किया।

## उप्र में एसटीएफ को सौंपी गई हलाल सर्टिफिकेशन मामले की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार द्वारा हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट पर की गई पाबंदी के बाद अब हलाल सर्टिफिकेशन देने वाली कंपनियों के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और आतंकी संगठनों को टेरर फंडिंग करने की जांच यूपी एसटीएफ को सौंप दी है। शासन ने बीती 17 नवंबर को राजधानी की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज मुकदमे की विवेचना एसटीएफ से कराने का निर्णय लिया है। मामले में तीन कंपनियों समेत देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और दंगे भड़काने की साजिश करने वाले अज्ञात लोगों को नामजद किया गया था। इसकी जांच एसटीएफ से कराने का निर्णय ले लिया गया। एसटीएफ जल्द ही चेन्नई, दिल्ली और मुंबई स्थित हलाल सर्टिफिकेट देने वाली कंपनियों की जांच करेगी। साथ ही कंपनी, उसके प्रबंध तंत्र और कर्मचारियों के बैंक खातों की भी पड़ताल होगी। हजरतगंज में दर्ज कराए गये मुकदमे में उल्लेख किया गया था कि कई कंपनियों द्वारा समुदाय विशेष के नाम पर कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे हैं।

## विशाखापत्तनम में आग लगने से 35 नौकाएं जलकर राख

● हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं, पुलिस को नौका पर सवार 10-15 लोगों की तलाश

**एजेंसी।** विशाखापत्तनम



विशाखापत्तनम में सोमवार तड़के नावों में लगी आग को बुझाने में लगे अग्निशमनकर्मी

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक घाट में आग लगने से मछली पकड़ने वाली कम से कम 35 नौकाएं जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने उन 10-15 लोगों की तलाश शुरू कर दी है, जो कथित रूप से नौका पर सवार थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घाट पर बालाजी की एक नौका में आग लग गई। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह चार बजे आग पर काबू पा लिया गया। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विशाखापत्तनम बंदरगाह के सहायक पुलिस आयुक्त बी मोसेस पॉल ने कहा कि पुलिस ऐसे 10-15 लोगों की भूमिका की जांच कर रही है, जिन्होंने लेनदेन को लेकर झगड़ा किया था। पॉल ने बताया, एक नौका में आग लगने के बाद समूह ने नौका को खोलकर समुद्र में धकेल दिया, लेकिन वह नौकाओं की ओर वापस चली आई, जिससे भीषण आग लगी। उन्होंने बताया कि आग विशाखापत्तनम कंटेनर टर्मिनल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पास एक क्षेत्र में लगी, जहां मछली पकड़ने वाली नौकाएं खड़ी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को झड़प में शामिल लोगों के नाम का पता चल गया है। पॉल ने कहा कि लोगों से पूछताछ के बाद ही आग लगने के कारण के बारे में ज्यादा जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही शहर भर से अग्निशमन की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया तथा नौसेना की अग्निशमन नौका कि मदद से फोम और रेत छिड़ककर आग पर काबू पाया गया। पॉल ने बताया कि शुरुआत में दमकल की गाड़ियां आग पर काबू नहीं पा सकी, क्योंकि लगभग हर नौका में डीजल और रसोई गैस सिलेंडर थे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक 10 से 15 मिनट पर नौका पर रखे सिलेंडरों में विस्फोट हो रहा था। विशाखापत्तनम के जोन दो के पुलिस उपायुक्त आनंद रेड्डी ने कहा कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात तेज हवा चल रही थी, जिससे फाइबर (प्लास्टिक) से बनी नौका और आसपास खड़ी नौकाओं में आग तेजी से फैल गई। रेड्डी ने कहा, इनमें से कई नौकाएं 5,000 लीटर तक डीजल वाली भी हैं, क्योंकि मछुआरे हफ्तों तक समुद्र में रहते हैं। कई नौकाएं एलपीजी सिलेंडरों से भी लदी होती है, जिनका उपयोग मछुआरे खाना पकाने के लिए करते हैं। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए रेड्डी ने कहा कि विजाग स्टील प्लांट अग्निशमन विभाग और नौसेना को भी सतर्क कर दिया गया था। विशाखापत्तनम जिला अग्निशमन अधिकारी एस.रेणुकय्या ने कहा कि उन्हें देर रात करीब एक बजे दुर्घटना के बारे में फोन आया, जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट से मदद मांगा तथा घटनास्थल पर दमकल की 12 गाड़ियों को भेजा। रेनुकय्या ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने आधे घंटे में आग को आसपास की अन्य नौकाओं तक फैलने से रोका और लगभग दो घंटे में आग पर काबू पा लिया।

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में आईआरबी के जवान समेत दो की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने सुरक्षा बल के एक कर्मी और उनके चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों व्यक्ति एक वाहन में यात्रा कर रहे थे कि तभी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय से संबंधित संदिग्ध उग्रवादी समूह के सदस्यों ने हाराओथेवल और कोब्शा गांवों के बीच गाड़ी पर घात लगाकर हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना में मारे गए दो लोगों में से एक इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) का कर्मी था। अधिकारियों ने बताया कि घटना सिंगदा डैम के समीप हुई जो मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के दौरान आदिवासी समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाने वाले विद्रोही समूहों के लिए एक प्रमुख केंद्र (हॉटस्पॉट) बन चुका है। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया और जिले में बंद घोषित कर दिया गया।

## पूर्व नौकरशाह ने राम लला को अर्पित की पूरी कमाई

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

● पूर्व केंद्रीय गृह सचिव 1970 बैच के आईएएस एस लक्ष्मी नारायणन ने अपनी सारी चल और अचल संपत्ति भक्ति के लिए दान कर दी



पूर्व केंद्रीय गृह सचिव एस लक्ष्मी नारायणन

**भगवान** विष्णु की आराधना में सनातन धर्म भक्ति वाक्य से प्रेरित, तेरा तुझको अर्पण; क्या लागे मेरा (यह सब तुम्हारा है और मेरा कुछ नहीं), एक सेवानिवृत्त नौकरशाह ने अपने जीवन की सारी कमाई पांच करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और उससे संबंधित सामग्री के उपयोग करने की पेशकश की है। 22 जनवरी को मंदिर को खोलने की तैयारी की जा रही है। भक्त ने न केवल वित्तीय बचत बल्कि अपनी सारी चल और अचल संपत्ति भी भक्ति के लिए अर्पित कर दी है।

'तुम्हें मेरा अर्पण, मुझे क्या पसंद आएगा?' भगवान विष्णु की आरती की इन पंक्तियों से प्रेरित होकर पूर्व केंद्रीय गृह सचिव 1970 बैच के आईएएस एस लक्ष्मी नारायणन ने अपने जीवन की कमाई राम लला को अर्पित की है। हालांकि दानदाता सार्वजनिक रूप से बताने से कतरा रहा है, लेकिन मंदिर ट्रस्ट के सूत्रों ने कहा कि भगवान राम के अभिषेक के बाद दानदाता ने पांच करोड़ रुपये की लागत से 151 किलोग्राम रामचरितमानस तैयार कराने का संकल्प लिया है, जिसे मूर्ति के सामने स्थापित किया जाएगा। ट्रस्ट के सूत्रों ने पायनियर को बताया, '10,902 छंदों वाले इस महाकाव्य का प्रत्येक पृष्ठ तांबे से बना होगा। पन्ना को 24 कैरेट सोने में डुबोया जाएगा। फिर स्वर्ण जड़ित अक्षर लिखे जायेंगे। इसके लिए 140 किलो तांबा और पांच से सात किलो सोना लगेगा। सजावट के लिए अन्य धातुओं का उपयोग किया जाएगा। इस किताब के लिए नारायणन ने अपनी सारी संपत्ति बेचने और अपने बैंक खाते खाली करने का फैसला किया है। मानस को रामलला के चरणों के पास रखा जाएगा।' नारायणन हाल ही में अपनी पत्नी के साथ पवित्र शहर अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने दान की अपनी इच्छाओं के बारे में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से अनुमति मांगी। भारत में सबसे बड़ी परिसंपत्ति वित्तपोषण एनबीएफसी ने 24 जनवरी 2015 को कोलंबो में आयोजित बोर्ड बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अध्यक्ष के रूप में एस. लक्ष्मीनारायणन के चुनाव की घोषणा की थी। श्री लक्ष्मीनारायणन सितंबर 2009 से एसटीएफसी के स्वतंत्र निदेशक रहे हैं। सिविल सेवाओं में एक शानदार करियर के अलावा लक्ष्मीनारायणन ने एक बड़ी वित्त कंपनी में अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। राय के एक इंटरव्यू के मुताबिक राम मंदिर के निर्माण पर करीब 1800 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मंदिर 12 घंटे खुला रहे तो 70,000-75,000 लोग आसानी से दर्शन कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि नई संसद के लिए सेनगोल तैयार करने वाली कंपनी सोने से जड़ित रामचरित मानस बनाने पर सहमत हो गई है। सेवानिवृत्त केंद्रीय गृह सचिव एस. लक्ष्मीनारायणन ने जिस तरह से रामचरित मानस पुस्तक की कल्पना की है, मंदिर के लोगों के साथ एक संक्षिप्त बातचीत में सेवानिवृत्त आईएएस ने साझा किया उनका यह नाम देवी लक्ष्मी की मन्नत के कारण पड़ा। गर्भवती होने के दौरान उनकी मां ने दिल्ली के बिड़ला मंदिर यानी लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रार्थना की थी कि अगर उन्हें बेटा होगा तो वह उसका नाम लक्ष्मी नारायण रखेंगी।

पूर्व केंद्रीय गृह सचिव ने अपनी पत्नी सरस्वती के साथ मंदिर ट्रस्ट के लोगों के साथ अपने विचार साझा करते हुए कहा था कि भगवान ने मुझे जीवन भर बहुत कुछ दिया है। प्रमुख पदों पर रहा। मेरी जिंदगी अच्छी गुजरी। रिटायरमेंट के बाद भी खूब पैसा मिल रहा है। मैं दाल-रोटी खाने वाला इंसान हूं। पेंशन ही खर्च नहीं होती। भगवान ने मुझे जो दिया, मैं उसे लौटा रहा हूं। 'दान के नाम पर पैसा लूटने से बेहतर है कि उनकी पुस्तक को भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया जाए।' एक साक्षात्कार में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए पैसा लोगों से आ रहा है और इसमें कोई सरकारी भागीदारी नहीं है।

## राम मंदिर में पुजारी पद के लिए तीन हजार आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

● इनमें से 200 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया

**अयोध्या** में श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निर्माणाधीन राम मंदिर में पुजारी पद के लिए तीन हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उनमें से 200 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने सोमवार को बताया कि ट्रस्ट को प्राप्त 3000 आवेदनों में से 200 अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर साक्षात्कार के लिए चुना गया है और उन्हें ट्रस्ट द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कारकर्ताओं का तीन सदस्यीय पैनल इन चयनित अभ्यर्थियों से अयोध्या स्थित विश्व हिन्दू परिषद के मुख्यालय कारसेवक पुरम में साक्षात्कार कर रहा है। उनके अनुसार पैनल में वृंदावन के प्रसिद्ध हिंदू उपदेशक जयकांत मिश्रा और अयोध्या के दो महंत मिथिलेश नंदिनी शरण और सत्यनारायण दास शामिल हैं। गिरि ने बताया कि साक्षात्कार के जरिए पुजारी की नौकरी के लिए 20 उम्मीदवार चुने जाएंगे। उनके मुताबिक चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के आवासीय प्रशिक्षण के बाद पुजारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा और राम जन्मभूमि में विभिन्न पदों पर तैनात किया जाएगा। उनका कहना था कि हालांकि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले गैर-चयनित उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कोषाध्यक्ष ने बताया, साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों से संध्या वंदन क्या है, इसकी विधि क्या है और इस पूजा के मंत्र क्या हैं? भगवान राम की पूजा के लिए कौन-कौन से मंत्र हैं और इसके लिए कर्म कांड क्या हैं, इत्यादि सवाल पूछे जा रहे हैं।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में हर नागरिक की बड़ी भूमिका



● 26 जनवरी तक प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों व 2341 नगरीय क्षेत्रों तक पहुंचेगी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

● मुख्यमंत्री योगी ने की यात्रा के तैयारियों की समीक्षा, कहा सफल आयोजन के लिए बनाएं ठोस कार्ययोजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत साढ़े 9 वर्ष का कालखंड एक नए भारत-समृद्ध भारत का स्वरूप गढ़ने वाला रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के शताब्दी वर्ष (2047) तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने की परिकल्पना की है। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सभी को इस परिकल्पना को साकार रूप देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। विगत 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यात्रा के माध्यम से आगामी 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश के सभी 57709 ग्राम पंचायतों एवं 2341 नगरीय क्षेत्रों को कवर किया जाना है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में हर पात्र जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाने की योजना है। यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने यात्रा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं को शामिल किया जाए। जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में स्किल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित कराया जाना चाहिए।

यात्रा में आमजन से सीधा संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। यात्रा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित नागरिकों को 'पंच प्रण' की शपथ भी दिलाई जाए।

यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव प्राप्त किए जाएं। प्रगतिशील किसानों से संवाद करें, उन्हें सम्मानित करें। आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस की स्थिति जैसी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया जाए। आयोजन स्थल पर क्विज प्रतियोगिताएं, स्थानीय खिलाड़ियों का अभिनंदन, स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए रूट आदि का चयन कर लिया जाए। इस संबंध ने राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, जनपद स्तर व स्थानीय निकायों में जिलाधिकारी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान के नेतृव में कमेटियां गठित की जा चुकी हैं। जहां कार्यक्रम आयोजित होने हैं, उसकी विधिवत जानकारी पहले से ही क्षेत्रीय जनता को होनी चाहिए, ऐसे में इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा की सफलता में लेखपाल, आशा बहू, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, पंचायत सहायक, आशा बहू, रोजगार सेवक, पोस्ट मास्टर, बीसी सखी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र में कृषि विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में नगर विकास विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में समन्वय का किया जाए।

# यूपी-112 के दूसरे चरण के लिए 2 अरब 39 करोड़ 43 लाख से अधिक की धनराशि निर्गत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार यूपी 112 के द्वितीय चरण के लिए 2 अरब 39 करोड़ 43 लाख रूपये से अधिक की धनराशि निर्गत कर दी गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत यूपी 112 के द्वितीय चरण के सिस्टम इन्टीग्रेटर हेतु 2 अरब 39 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। बाराबंकी के थाना बड्डूपुर में 48 क्षमता के हास्टल/बैरक एवं 01 विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 13 लाख 18 हजार रुपए व 10वी वाहिनी पीएसी बाराबंकी में 200 व्यक्तियों की क्षमता की बैरक के निर्माण कार्य के लिए 59 लाख 49 हजार रूपये की धनराशि निर्गत कर दी गयी है। स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनों का बेहतर उपयोग हो सके। निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाए जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को दण्डित किए जाने के भी निर्देश दिए गए है।

● निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर दोषी कर्मियों को किया जाएगा दण्डितः प्रमुख सचिव गृह

# करोड़ों के खर्च से सिविल समेत प्रदेश के चार अस्पतालों का होगा मेकओवर

● वित्तीय धनावंटन को मिली योगी सरकार से स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में जनता तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुचाकर समुचित निदान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश के 4 मुख्य अस्पतालों के कायाकल्प की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदेश के अस्पतालों के अपडेशन को लेकर सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसी पर कार्य करते हुए योगी सरकार द्वारा गौतमबुद्धनगर के जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिद्धार्थनगर (बांसी) के संयुक्त चिकित्सालय, भदोही के महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल लखनऊ के मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन तीनों अस्पतालों में उच्चीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए हजारों मॉडर्न मेडिकल इक्विप्मेंट्स की खरीद की जाएगी। वहीं अस्पतालों को आधुनिक फर्नीचर व साज-सज्जा से लैस करने की योजना को भी पूर्ण किया जाएगा। इस क्रम में कुल 9.98 करोड़ रुपए के धनावंटन को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है और इन सभी प्रस्तावित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश भी योगी सरकार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के अस्पतालों के अपडेशन को लेकर बनी कार्ययोजना के अनुसार ही अपडेशन की प्रक्रिया को क्रियान्वित किया जा रहा है।

सिद्धार्थनगर (बांसी) के संयुक्त चिकित्सालय में 205 से ज्यादा मदों में हजारों मेडिकल इक्विप्मेंट्स, फर्निचर्स व अन्य साजो-सामान की खरीद के लिए कुल 3.25 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इसी प्रकार गौतमबुद्धनगर के जिला संयुक्त चिकित्सालय में 2.98 करोड़, भदोही के महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय में 2.36 करोड़ व लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में मेडिकल इक्विप्मेंट्स की खरीद के लिए 1.47 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इन सभी खरीद व उच्चीकरण प्रक्रियाओं को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के महानिदेशक की देखरेख में उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा।

लखनऊ के सिविल अस्पताल में जिन मेडिकल इक्विप्मेंट्स की खरीद निश्चित की गई है उनमें ऑप्थैल्मिक ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप मुख्य है। कई मायनों में विशिष्ट इस माइक्रोस्कोप की खरीद के लिए 45 लाख रुपए की रकम निर्धारित की गई है। इसी प्रकार, सिद्धार्थनगर (बांसी) के संयुक्त चिकित्सालय के लिए जिन उपकरणों की खरीद प्रक्रिया को पूर्ण किया जाना है उसमें इमरजेंसी यूनिट, आईसीयू वॉर्ड, ऑपरेशन थिएटर, डेंटल, ऑर्थोपेडिक, ईएमटी, पैथोलॉजी, फिजियोथेरेपी व रेडियोलॉजी समेत तमाम यूनिट्स के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों की खरीद सुनिश्चित होगी। इसी तर्ज पर भदोही के महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय व गौतमबुद्धनगर के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भी मेडिकल इक्विप्मेंट्स मॉडर्नाइजेशन की प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाएगा।

# अस्सी हजार श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में बसाई जा रही टेंट सिटी

● प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए स्थापित की जा रही टेंट सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**अयोध्या** में श्री राम जन्मभूमि स्थल पर बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय धीरे धीरे निकट आ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें ठहरने और भोजन की उत्तम व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया माझा गुप्तार घाट में 20 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जाएगी। लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में ब्रह्मकुंड के पास भी एक टेंट सिटी स्थापित की जा रही है। इसमें 35 टेंट लगेंगेए जिसमें लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था की जा रही है।

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बाग बिजेसी में 25 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें लगभग 25 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था हो सकेगी। इसके अलावा कार सेवकपुरम व मणिराम दास की छावनी में भी श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी स्थापित की जाएगी।

विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के समय कड़ाके की ठंड रहेगी। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए टेंट सिटी स्थापित की जा रही है। शीतकाल में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देखते हुए टेंट सिटी का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि श्रद्धालुओं को ठंड से राहत मिल सके। इसके लिए गद्दे-कंबल का भी प्रबंध हो रहा है। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय व स्नान गृह के अतिरिक्त भोजन के लिए भंडारागृह व मेडिकल शिविर का भी प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एडीए की ओर से जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है वह ठेकेदारों द्वारा निर्मित की जाएगी।

# एक माह में परिवहन निगम ने कमाए साढ़े 32 लाख

● सीएम के निर्देश पर अक्टूबर में परिवहन निगम ने चलाया चेकिंग अभियान

**लखनऊ।** पिछली सरकारों में घाटे में चल रहे प्रदेश के विभिन्न विभागों को सरप्लस रेवेन्यू वाला विभाग बनाने के लिए योगी सरकार लगातार कदम उठा रही है। योगी सरकार की यह पहल रंग भी ला रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले जहां दर्जनों विभाग घाटे में चल रहे थे, वहीं आज वह न केवल घाटे से उबरे हैं बल्कि सरप्लस रेवेन्यू वाले विभाग बनकर उभरे हैं। इसी के तहत समय-समय पर उप्र परिवहन निगम रेवेन्यू कलेक्शनए बिना टिकट व बुकभार यात्रा करने वालों के खिलाफ जांच अभियान चलाता रहता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रवर्तन कार्मिकों द्वारा अक्टूबर में चेकिंग की गयी, जिसमें विभाग को केवल एक माह में 32 लाख 58 हजार 385 रुपए का रेवेन्यू प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबन्धक (कार्मिक) अशोक कुमार ने बताया कि परिवहन निगम को घाटे से उबारने के लिए कई कदम उठाए गए। मुख्यालय स्तर से गठित सूमो चालाक दल एवं इन्टरसेप्टर के माध्यम से समय-समय पर परिवहन निगम की बसों की नियमित जांच की जाती है। ऐसे में अक्टूबर में परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की 116834 बार जांच की गयी। जांच के दौरान कुल 4901 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाये गये जबकि 172.4 टन बिना बुक भार पकड़ा गया है। जांच दल द्वारा की गई कार्यवाही से विभाग को 32 लाख 58 हजार 385 रुपए वसूले गए। इस दौरान 8420 चालकों, परिचालकों का एल्कोहल टेस्ट भी किया गया।

# प्रदेश के किसान छुट्टा पशुओं के कारण फसलों की बर्बादी से परेशानः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा अध्यक्ष** अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में छुट्टा पशुओं के कारण प्रदेश में लोग बुरी तरह परेशान है। किसानों की फसलें तबाह हो रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से लापरवाह है। प्रदेश में हर दिन छुट्टा पशुओं के कारण किसी न किसी की मौत हो रही है। भाजपा सरकार में छुट्टा पशु, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध सब बेतहाशा बढ़ रहा है। भाजपा सरकार को जनता की तकलीफों की कतई परवाह नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने छुट्टा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए हवाई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने तो छुट्टा पशुओं को सड़कों और किसानों के खेतों से हटाने के लिए न जाने कितनी बार निर्देश दिए हैं लेकिन हालात जस के तस हैं। यह समस्या और बढ़ती जा रही है। पूरे प्रदेश का किसान छुट्टा पशुओं के कारण फसलों की बर्बादी से परेशान है। अन्ना जानवर किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं।

यादव ने कहा कि इस महंगाई में किसान लागत लगाकर दाल, सब्जी तथा अन्य फसलें तैयार करता है। छुट्टा जानवर उन्हें चरने के साथ उन्हें रौंद डालते हैं। किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है साथ में भाजपा सरकार में प्रदेश में अब तक सैकड़ों लोग छुट्टा पशुओं से अपनी जान गंवा चुके हैं। अभी कल ही एटा में खेत पर काम कर रहे किसान की सांड़ के हमले में मौत हो गई। कुछ दिन पहले निधौलीकलॉ में एक किसान की मौत सांड़ के हमले से हुई थी। कन्नौज में किसानों की फसलों को अन्ना जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान दिन रात जागकर खेत की रखवाली कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनका प्रशासन आवारा पशुओं की इस समस्या को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने प्रदेश के किसानों और आम जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। छुट्टा पशुओं को लेकर सरकार की कागजी कार्रवाई और झूठी घोषणाओं का अब तक कोई असर नहीं दिखा है। प्रदेश का कोई जिला नहीं बचा है जहां पर छुट्टा पशुओं के कारण मौत न हुई हो लेकिन सरकार ने अब तक किसी पीड़ित परिवार की कोई आर्थिक मदद नहीं की है।

## दो छात्र नेता कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद बाराबंकी से छात्र नेता योगेश कुमार एवं ओमकार ने पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद एवं प्रदेश महासचिव, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं सैन्य संख्या 15427455ए नायक कल्लाप्पा लाड यूनिट ए0एम0सी0 अभिलेख कार्यालय, लखनऊ वर्तमान निवासी गाँव व पोस्ट – केदनूर, तहसील बेलगावी, जिला–बेलगावी (कर्नाटक) पिन–591143 शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम व जन्मतिथि त्रुटिवश मेरे सर्विस दस्तावेज में बलवंत और जन्मतिथि 05–06–1957 दर्ज हो गयी थी। जबकि उनका सही नाम बलवन्त पुन्नाप्पा लाड और सही जन्मतिथि 01–01–1956 है। उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र 81AE763618 दिनांक 07–11–2023 संलग्न है।

# उत्तरकाशी हादसे में फंसे मजदूरों की कुशलता के लिए कांग्रेस ने की प्रार्थना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तरकाशी** के सिल्क्यारा गांव में निर्माणाधीन टनल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने जाने से उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से लगभग 41 मजदूर के विगत 8 दिनों से फंसे हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्यालयों पर आज उनके सकुशल बाहर आने की कामना के लिए प्रार्थना की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व पूर्व राज्यमंत्री डॉ. सीपी राय ने बताया कि इसी क्रम में राजधानी स्थित हनुमान मंदिर हजरतगंज एवं माल एवेन्यू स्थित हजरत मोहम्मद दादा मियां साहब की दरगाह पर इबादत कर उनके सकुशल बाहर आने की कामना की गई। प्रार्थना करने वालों में पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, प्रदेश महासचिव व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह काली, रूद्र दमन सिंह बब्लू, बृजेन्द्र सिंह, नितान्त सिंह, विनोद मिश्रा, सोम विकल, सुभाष श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# यूपी में नई टीम के साथ मिशन 2024 फतह करेगी भाजपा

## सभी 6 क्षेत्रीय प्रभारियों समेत 55 जिलों के भी प्रभारी बदले

● प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को ब्रज क्षेत्र का प्रभारी, प्रदेश महामंत्री संजय राय अवध क्षेत्र के प्रभारी, सुभाष यदुवंश पश्चिम क्षेत्र प्रभारी, अनूप गुप्ता कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रभारी, अमर पाल मौर्य काशी क्षेत्र प्रभारी, गोविन्द नारायण शुक्ला को गोरखपुर क्षेत्र प्रभारी बनाए गए

● मुख्यमंत्री के कार्यक्षेत्र गोरखपुर में भी फेरबदल करते हुए मौजूदा जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम को संतकबीरनगर का प्रभार सौंपते हुए सलिल विश्नोई को गोरखपुर जिला प्रभारी बनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा अब 2024 के चुनाव के लिए तैयारी कर रही है। सोमवार को लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई और सभी 98 संगठात्मक जिलों के जिला अध्यक्षों और 6 क्षेत्र के प्रभारियों के कामकाज का फीडबैक लिया गया। बैठक में काम-काज के आधार पर नई सूची का ऐलान भी किया गया। इस नई सूची में सभी 6 क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रभारियों सहित 98 में से 55 जिलों के जिला प्रभारी बदल दिए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में क्षेत्रीय प्रभारियों, मोर्चा प्रभारी व सहप्रभारियों तथा जिला प्रभारियों के नाम घोषित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को ब्रज क्षेत्र का प्रभारी, प्रदेश महामंत्री संजय राय अवध क्षेत्र के प्रभारी, सुभाष यदुवंश पश्चिम क्षेत्र प्रभारी, अनूप गुप्ता कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रभारी, अमर पाल मौर्य काशी क्षेत्र प्रभारी, गोविन्द नारायण शुक्ला को गोरखपुर क्षेत्र प्रभारी घोषित किया गया।

जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा एवं सुरेश पासी युवा मोर्चा के सह प्रभारी घोषित किए गए। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री अंजुला माहौर एवं शकुन्तला चौहान को महिला मोर्चा प्रदेश सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा को किसान मोर्चा का प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे एवं शंकर गिरि को किसान मोर्चा का प्रदेश सह प्रभारी घोषित किया गया। जबकि प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री पूनम बजाज तथा अभिजात मिश्रा को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश सह प्रभारी घोषित किया गया है। प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत को अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी तथा प्रदेश मंत्री डीपी भारती को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश सहप्रभारी घोषित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री शंकर लोधी को प्रदेश सहप्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश सहप्रभारी घोषित किया गया है। प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह को माननीय प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के घोषित जिला प्रभारियों के क्रम में पश्चिम क्षेत्र से रामपुर राजा वर्मा, मुरादाबाद महानगर व मुरादाबाद राजेश यादव, शामली विकास अग्रवाल, अमरोहा श्री सत्यपाल पालए बिजनौर श्री हरिओम शर्माए सहारनपुर महानगर वाईपी सिंह, सहारनपुर जिला डीके शर्मा, मुजफ्फरनगर सूर्यप्रकाश पाल, मेरठ महानगर विजय शिवहरे, मेरठ जिला मयंक गोयल, गाजियाबाद महानगर व गाजियाबाद जिला मानवेन्द्र सिंह एमएलसी हापुड़ सत्यपाल सैनी, नोएडा महानगर कान्ता कर्दम, गौतमबुद्ध नगर प्रमोद गुप्ता, बागपत चन्द्र मोहन, संभल हेमंत राजपूत, बुलन्दशहर बंसत त्यागी को जिला प्रभारी घोषित किया गया। भाजपा ब्रज क्षेत्र के जिला प्रभारियों में आगरा महानगर धर्मेन्द्र सिंह, आगरा जिला अमित बाल्मीकि, मथुरा जिला एवं मथुरा महानगर अशोक कटारिया, फिरोजाबाद महानगर व फिरोजाबाद जिला ब्रज बहादुर, एटा हर्षवर्धन आर्य, अलीगढ़ जिला मानवेन्द्र सिंह लोधी, अलीगढ़ महानगर श्रीचन्द्र शर्मा, हाथरस डीपी भारती, मैनपुरी अनिल चौधरी, कासगंज पूनम बजाज, बरेली महानगर मोहित बेनीवाल, बरेली जिला देवेन्द्र चौधरी, ऑवला दोदराम कुशवाहा, शाहजहांपुर महानगर व शाहजहांपुर जिला सुरेश राणा, पीलीभीत गुलशन आनन्द तथा बदायूं में दिनेश कुमार शर्मा को जिला प्रभारी घोषित किया।

भाजपा कानपुर बुन्देलखंड क्षेत्र के जिला प्रभारियों के क्रम में कन्नौज इन्द्रपाल पटेल, औरैया आनन्द सिंह, कानपुर देहात अशोक राजपूत, कानपुर ग्रामीण राधेश्याम पाण्डेय, कानपुर उत्तर एवं कानपुर दक्षिण पंकज सिंह, फतेहपुर रंजना उपाध्याय, जालौन अशोक जाटव, झांसी ग्रामीण एवं झांसी महानगर संत विलास शिवहरे, ललितपुर सुरेश अवस्थी, हमीरपुर देवेश कोरी, फर्रूखाबाद शिव महेश दुबे, महोबा संजीव श्रृंगीऋषि, बांदा राम किशोर साहू, चित्रकूट अनिल यादवए इटावा में कमलावती सिंह को जिला प्रभारी घोषित किया गया। भाजपा अवध क्षेत्र के जिला प्रभारी की घोषित सूची में लखनऊ महानगर एवं लखनऊ जिला त्रयम्बक त्रिपाठी, रायबरेली पीयूष मिश्रा, सीतापुर नीरज सिंह, लखीमपुर खीरी वासुदेव मौर्य, हरदोई शंकर लोधी, अंबेडकरनगर पद्म सेन चौधरी, बाराबंकी अवनीश सिंह, बलरामपुर राहुलराज रस्तोगी, बहराइच शिव भूषण सिंह, गोण्डा विजय बहादुर पाठक, श्रावस्ती शिव नायक वर्मा, अयोध्या महानगर विजय प्रताप सिंहए अयोध्या जिला मिथलेश त्रिपाठी तथा उन्नाव जिले में अर्चना मिश्रा को जिला प्रभारी घोषित किया गया। भाजपा काशी क्षेत्र के जिला प्रभारी सूची में वाराणसी महानगर एवं वाराणसी जिला अरूप पाठक, गाजीपुर राकेश द्विवेदी, प्रतापगढ़ कौशलेन्द्र पटेल, भदोही नागेन्द्र रघुवंशी, जौनपुर अशोक चौरसिया, मछलीशहर संतोष पटेल, सुल्तानपुर मीना चौबे, अमेठी शंकर गिरि, प्रयागराज महानगर महेश श्रीवास्तव, प्रयागराज गंगापार उत्तम मौय, प्रयागराज यमुनापार सुशील त्रिपाठी, चन्दौली अनामिका चौधरी, मिर्जापुर सरोज कुशवाहा, कौशाम्बी अवधेश गुप्ता तथा सोनभद्र में अमर नाथ यादव को जिला प्रभारी घोषित किया गया। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के जिला प्रभारी सूची में गोरखपुर महानगर एवं गोरखपुर जिला सलिल विश्नोई, संतकबीरनगर अजय सिंह गौतम, बस्ती समीर सिंह, सिद्धार्थनगर हरिचरण कुशवाहा, महराजगंज राम जियावन मौर्य, देवरिया संतराज यादव, कुशीनगर शकुन्तला चौहान, आजमगढ़ अशोक सिंह, लालगंज मुराहु राजभर, मऊ आनन्द शुक्ला तथा बलिया में नीलम सोनकर को जिला प्रभारी घोषित किया गया।

## यूपी की सभी 80 सीटे जीतेगी बीजेपीः भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों तथा सेवा कार्यों के माध्यम से अनवरत जनता के बीच कार्य करने वाला देश का एकमात्र राजनैतिक दल है। जबकि अन्य राजनैतिक दल सिर्फ चुनाव के समय ही सक्रिय होते है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के लिए संगठनात्मक रूप से पार्टी सभी तैयारियां पूरी कर रही है। चौधरी ने कहा कि बूथ की मजबूत इकाई से लेकर प्रदेश स्तर तक की सभी संगठनात्मक तैयारियां पूरी हो रही है। प्रदेश के 14 लोकसभा क्षेत्रों में संगठन ने चुनाव संचालन समितियों के साथ ही विधानसभा स्तर पर विस्तारक तथा अन्य संगठनात्मक संरचना पहले ही पूर्ण कर ली थी और जल्द ही अन्य लोकसभा क्षेत्रों की चुनाव संचालन समितियां भी पूर्ण होने वाली है।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटे जीतेगी।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन में समय.समय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्व में परिवर्तन होता है, यह संगठन की आदर्श परम्परा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर निश्चित विजय की रणनीति पर काम करना है और उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता अपने परिश्रम से विजय का परिणाम देने में सक्षम है। वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से संगठन के कार्यकर्ता लगातार जन सम्पर्क कर रहे है। उन्होंने कहा कि अब कम समय में अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। आप सब के परिश्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। सभी क्षेत्र प्रभारियों, मोर्चा प्रभारी व सहप्रभारियों तथा जिला प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

# छठ पूजा : उगते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



# बच्चों के हितों के लिए सरकार नीतियों में परिवर्तन के लिए भी तैयार: पाठक

**● अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर समागम समिट-2023 का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**अन्तर्राष्ट्रीय** बाल दिवस पर सूबे की राजधानी में बच्चों के अधिकारों से जुड़े हर मुद्दे पर सोमवार को गहन मंथन किया गया। पहली बार उत्तर प्रदेश में समागम समिट 2023 नाम से किए गए इस नवाचार के दौरान सरकार के साथ सिविल सोसाइटी और कार्पोरेट के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एक मंच पर बैठे और तय किया कि समन्वित प्रयासों से सूबे में बच्चों के हालात बदले जाएंगे। आयोजन के दौरान बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल स्वास्थ्य और बाल पोषण जैसे मुद्दों पर पैनल डिस्कसन के बाद ठोस कार्ययोजना भी तैयार की गई। समागम समिट का शुभारंभ प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के हितों के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। समागम समिट का जो निष्कर्ष निकले उससे उन्हें अवश्य अवगत कराया जाए। बच्चों के हित में जो निष्कर्ष सामने आएंगे उनको लागू करने के लिए अगर सरकार को नीतियों में परिवर्तन करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ और बच्चों के लिए काम कर रहे स्वयंसेवी संगठनों के साथ बैठने के लिए भी सरकार हमेशा तैयार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जन कल्याण के तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनकी प्रेरणा से चलाए गए कार्यक्रमों का ही असर है कि प्रदेश में मातृ शिशु मृत्यु दर को अपेक्षाकृत कम करने में सफलता हासिल हुई है। जन स्वास्थ्य की दिशा में अभी और भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं जिनमें यह समागम एक मार्गदर्शन की भूमिका निभाएगा। स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सुझावों पर उनके साथ बैठ कर विचार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि भारत आज विश्व का नेतृत्व कर रहा है। कोविड का टीका हमारे अपने देश में तैयार किया गया और पूरा विश्व उससे लाभान्वित हुआ है। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति यही है कि बच्चों को सारी सुख सुविधाएं दी जाएं। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहतर व्यवस्था पर जोर होगा। प्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी समिट को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों की सूरत बदली है। शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर देने की आवश्यकता है जिसमें स्वयंसेवी संगठन अहम भूमिका निभा सकते हैं। सरकार अपना काम कर रही है और बदलाव ला रही है लेकिन सिविल समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी।

केंद्र सरकार में राज्य मंत्री कौशल किशोर का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहनलालगंज के विधायक अमरीश रावत ने भी केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की और कहा कि बच्चों के हित में हर एक जरूरी कदम उठाया जाएगा। इससे पहले आयोजन का नेतृत्व कर रही सेफ सोसाइटी संस्था के निदेशक विश्व वैभव शर्मा ने कहा कि नेशनल एक्शन एंड कोआर्डिनेशन ग्रुप फ ॉर एंडिंग वॉयलेंस अगेंस्ट चिल्ड्रेन के उत्तर प्रदेश चैप्टर के नेतृत्वकर्ता के तौर पर सेफ सोसाइटी संस्था बच्चों के साथ लगातार कार्य कर रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 20 नवम्बर 1959 को बाल अधिकारों की घोषणा की थी।

उसी समय से 20 नवम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जा रहा है। एनएसीजी ईवीएसी के भारत चैप्टर के चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की राजधानी में इस मौके पर समागम समिट के जरिये सरकार और उसके विभागों के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं, कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलीटी के प्रैक्टिशनर्स, कार्पोरेट, उद्यमी, शिक्षाविद्, कानूनविद् और मीडिया के प्रतिष्ठित लोगों के एक मंच पर बैठने का उद्देश्य यही है कि प्रदेश में बच्चों के मुद्दों और उनके लिए काम के दौरान आने वाली चुनौतियों का समाधान निकाला जाए। संस्था के प्रोग्राम मैनेजर बृजेश चतुर्वेदी ने प्रदेश में बच्चों की स्थिति पर प्रकाश डाला और संभावित समाधान के बारे में भी चर्चा की।

# गोवंश आश्रय केन्द्र के शुभारंभ की राह में खामियों का रोड़ा

**● कमियां दूर कराने के लिए बीडीओ ने पशुपालन विभाग को भेजा पत्र**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**खामियों** ने सवा करोड़ से बनकर तैयार वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र के शुभारंभ में रोड़ा अटका दिया है। लिहाजा मोहनलालगंज की पंचायतों में छुट्टा गोवंश की समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है। फिर भी पशुपालन विभाग के अधिकारी मौन साधकर बैठे हुए हैं। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत खुजेहटा में एक करोड़ बीस लाख की लागत से तीन सौ गोवंश की क्षमता वाले वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र का निर्माण जून 2022 में शुरु हुआ था। सोलह माह बीत चुके हैं फिर भी वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र की शुरुआत नही कराई जा सकी है। लाखों की लागत से क्षेत्र पंचायत निधि से वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र की वायर फेन्सिंग भी कराई जा चुकी है। लेकिन बिजली कनेक्शन और रोशनी के वैकल्पिक स्रोत के तौर पर सोलर लाइटें अब तक नही लगवाई जा सकी हैं। यही नही गोवंश आश्रय केन्द्र परिसर में बारिश के पानी निकासी का भी पुख्ता इंतजाम नही किया जा सका है। गोवंश के लिए पीने के पानी की भी बेहतर सुविधा नही दी गई है। यही नही वृहद गोवंश आश्रय केन्द्र तक आवागमन के कच्चे रास्ते को अब तक पक्का नही कराया जा सका है। इन तमाम खामियों को लेकर बीडीओ और डिप्टी सीवीओ ने संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट पशुपालन विभाग को भेजी है।

## निराश्रित गोवंश बन रहे मुसीबत, धरपकड़ ठप

**मोहनलालगंज।** कैटिल कैचर गाड़ियों की कमी से मोहनलालगंज में छुट्टा गोवंश की धरपकड़ का अभियान रफ्तार नही पकड़ पा रहा है। लिहाजा पंचायतों में छुट्टा गोवंश खेत.खलिहान से लेकर सड़क कर घूमते नजर आ रहे हैं। मुख्य सचिव की सख्ती के बावजूद मोहनलालगंज की पंचायतों में छुट्टा गोवंश की धरपकड़ का अभियान रस्मअदायगी की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। नगर पंचायत और नगर निगम से ब्लाक प्रशासन को कैटिल कैचर गाड़ियां नही मिल पा रही हैं। लिहाजा ग्राम पंचायतों में छुट्टा गोवंश पकड़ने का प्रभावी अभियान नही चल पा रहा है। नवम्बर बीतने में चंद दिन ही बचे हैं फिर भी मोहनलालगंज में नई जेल रोड खुझौली बाजार सेंवई रोड जगन्नाथगंज दहियर धरमावत खेड़ा सिसेण्डी फत्तेखेड़ा और गोपाल खेड़ा के आसपास छुट्टा गोवंश के झुण्ड अक्सर सड़क पर नजर आ रहे हैं। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कैटिल कैचर गाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार छुट्टा गोवंश को पकड़कर आश्रय केन्द्रों में संरक्षित करने का अभियान चलाया जा रहा है। सभी सचिवों को अभियान में किसी भी तरह की कोताही नही बरतने की हिदायत दी गई है।

## अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह पर आयोजित गोष्ठी में आज शिरकत करेंगे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे चौधरी चरण सिंह सहकारिता भवन (पीसीयू) सभागार लखनऊ में 70 अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह-2023 के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड एवं आईसीसीएमआरटी के संयुक्त तत्वावधान में सहकारी समितियों हेतु 'ईज ऑफ डूइंग विजनेस (व्यवसाय करने में आसानी) एवं उभरते क्षेत्र' विषयक विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे।

# नारी शक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर खो-खो प्रतियोगिता आयोजित



**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व मिशन शक्ति समिति के संयुक्त तत्वाधान में नारी शक्ति दिवस के उपलक्ष पर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज व गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज की मध्य मैच खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में नवयुग कॉलेज ने प्रथम स्थान व गुरु नानक कॉलेज ने द्वितीय स्थान 21-12 के स्कोर से प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय जी द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती लीना जी प्राचार्य बालिका महिला विद्यालय, श्री अनु श्रीवास्तव जी पौध भेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण करके हुई।

साथ ही इसमें महाविद्यालय की मार्शल आर्ट की छात्राओं ने आत्म सुरक्षा के प्रदर्शन का शानदार प्रदर्शन भी किया। जीत कुनो डी संगठन के मार्शल आर्ट कोच श्री सुधीर कुमार शर्मा के संरक्षण में किया गया।



लोहिया पथ स्थित गोल्फ क्लब में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन फार्म जमा करने आये लोग

# शस्त्र लाइसेंस फर्जीवाड़ा मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**● हाईकोर्ट ने कहाए जन प्रतिनिधि होते हुए ऐसा कृत्य करना गंभीर विषय है**

**शस्त्र** लाइसेंस फर्जीवाड़ा मामले में निरुद्ध विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त के पास से हजारों की मात्रा में कारतूस बरामद किए गए जो मेटल के थे और ऐसे कारतूस स्पोर्ट्स शूटिंग में प्रतिबंधित हैं। यह भी कहा है कि एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद अभियुक्त ने ऐसा कृत्य किया है जो गंभीर विषय है।

जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर दिया है।अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसके पास से बरामद हथियार को रखने का लाइसेंस उसके पास था। चूंकि वह स्पोर्ट्स शूटर है लिहाजा उसे एक लाइसेंस पर तीन असलहे रखने का अधिकार है। यह भी दलील दी गई कि शस्त्र लाइसेंस के दिल्ली में स्थानांतरित होने के संबंध में वहां के अधिकारियों द्वारा लखनऊ के जिलाधिकारी को पत्राचार किया गया था। लिहाजा यह नहीं कहा जा सकता कि अभियुक्त ने शस्त्र लाइसेंस के स्थानांतरण की बात छिपाई। वहीं जमानत का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अभियुक्त के पास कुल आठ असलहे बरामद हुए थे। यही नहीं चार हजार से ज्यादा कारतूस भी बरामद किए गए थे। कहा गया कि जो असलहे व कारतूस बरामद हुए हैं वो मेटल के हैं और जिन्हें स्पोर्ट शूटिंग में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। अभियुक्त ने इन असलहों को खरीदने के लिए एक ही लाइसेंस के दो यूआईडी का इस्तेमाल किया। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है।

# दुनिया ने युद्ध और भारत ने विश्व को बुद्ध दिया: जयवीर

**● बौद्ध परिपथ पर आयोजित 10 दिवसीय बुद्धिष्ट कानक्लेव-2023 धम्म यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए पर्यटन मंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा, करुणा एवं दया के कालजयी संदेश युगों-युगों तक मानव समुदाय को प्रेरणा देते रहेंगे। भगवान बुद्ध ने मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए जो मार्ग दिखाए उस पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व ने जहां एक ओर युद्ध दिया वहीं भारत ने पूरी दुनिया के लिए बुद्ध दिया। उनके शांति के संदेश आज के दौर में और भी प्रासंगिक हैं।

पर्यटन मंत्री सोमवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित बौद्ध बिहार शांति उपवन वीआईपी रोड पर बुद्धिष्ट कानक्लेव को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र में बुद्धिष्ट श्रद्धालुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तीर्थ स्थल मौजूद हैं। जहॉ विश्व के कोने-कोने से बौद्ध अनुयायी भारी संख्या में दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध परिपथ के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने कहा कि उप्र में कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बुनियादी सुविधायें सुलभ कराई जा रही हैं। उन्होंने लाइट आफ बुद्ध धर्म फ ाउन्डेशन इण्टरनेशनल द्वारा बौद्ध परिपथ पर 10 दिवसीय बुद्धिष्ट कानक्लेव के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। इसके साथ ही इस कानक्लेव में देश-विदेश से आए हुए बौद्ध अनुयायियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मंत्री जी ने इसके पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष स्व. भंते शांति मित्र के चित्र पर मल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर सम्पूर्ण धम्मपद का अखण्ड पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व एशिया के बौद्ध देशों-कम्बोडिया, थाईलैण्ड, लाओस, पीडीआर, श्रीलंका, वियतनाम, म्यानमार, जापान, मलेशिया के बौद्ध भिक्षु के अलावा यूरोपी देश अमेरिका, ब्रिटेन, ब्राजील के श्रद्धालु भी भाग ले रहे हैं। बौद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम मुम्बई एवं नागपुर से आए कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को बुद्ध धर्म फाउंडेशन इण्टरनेशनल की कार्यकारी निदेशक डॉ. वांगमो डिक्सी व ब्रिटेन से आए डॉ. रिचर्ड डिक्सी ने भी सम्बोधित किया। पर्यटन महानिदेशक एवं प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने भी बौद्ध दर्शन एवं प्रदेश में बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर भारी संख्या में बौद्ध अनुयायी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जयंती पर याद किये गये देवरस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में संघ कार्य की आधारशिला रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक भाऊराव देवरस के जन्मदिवस के अवसर पर महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक व सामाजिक समरसता विभाग अवध प्रान्त के प्रमुख राजकिशोर ने कहा कि भाऊराव देवरस ने देश व समाज के कार्य में अपना सम्पूर्ण जीवन लगाया। उत्तर प्रदेश में संघ के काम को हर जिले तक फैलाने का कम भाऊराव देवरस ने किया। राष्ट्रधर्म मासिकए पांचजन्य साप्ताहिक तथा तरुण भारत जैसे दैनिक पत्र भाऊराव देवरस की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए। ष्विद्या भारतीष् के पास एक लाख से अधिक विद्यालय हैं। सरस्वती शिशु मंदिर की नींव 1952 में गोरखपुर में भाऊराव जी ने ही रखी थी।



राजकिशोर ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्यायए रज्जू भैया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जैसे अनेक राजनैतिक कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम भाऊराव जी ने ही किया था।

सामाजिक समरसता विभाग के प्रान्त कार्यकारिणी के सदस्य बृजनन्दन राजू ने कहा कि भाऊराव देवरस मेधावी छात्र थे। भाऊराव ने लखनऊ विश्वविद्यालय में बीण्कॉम तथा एलण्एलण्बीण् में प्रवेश ले लिया और दोनों विषयों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने मेधावी छात्र की स्मृति में भाऊराव देवरस द्वार का निर्माण कराया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाण् रणजीत दीक्षित ने की। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डाण् मनीष शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता विभाग के कुलदीप तिवारीए डा एस के सिंह डा जेएन सिंह और डा जीएस बाजपेई समेत चिकित्सालय के समस्त फर्मासिस्टएनर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंचलिक विज्ञान नगरी में नवप्रवर्तन महोत्सव आरंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आंचलिक** विज्ञान नगरी में तीन दिवसीय नवप्रवर्तन महोत्सव का उद्घाटन एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व उप महानिदेशक डॉ. एससी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं आम दर्शक मौजूद थे। महोत्सव में अध्यापकों के लिए इन्नोवेटिव टीचिंग लर्निंग कार्यशाला का आयोजन हो रहा है जिसका संचालन केन्द्र के शिक्षा अनुभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें 50 अध्यापक भाग ले रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों एवं अध्यापकों हेतु तोड़ फोड़ जोड़ कार्यशाला, एरोमा ऑयल उत्पादन पर कार्यशाला, रोबोटिक प्रतियोगिता, नवप्रवर्तन स्टार्टअप एवं पारिवारिक नवप्रवर्तन प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। आंचलिक विज्ञान नगरी के परियोजना समायोजक एम. अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के अन्दर नवप्रवर्तन की प्रवृत्ति जागृत करने एवं प्रदेश के अन्दर ऐसी छिपी प्रतिभाओं को खोजने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी केके चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस महोत्सव की विभिन्न प्रतिभागिताओं में लगभग 180 विद्यार्थी, शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। आज के कार्यक्रमों में लगभग 250 बच्चों ने इन प्रोजेक्ट को देखा। यह नवप्रवर्तन महोत्सव आम जनमानस एवं विद्यार्थियों हेतु 22 नवम्बर 2023 तक खुला रहेगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण होंगे।

प्रो. पाण्डेय ने महोत्सव में प्रदर्शित लगभग 50 प्रकल्पों को बारीकी से देखा तथा लगभग प्रत्येक प्रोजेक्ट के बारे में प्रतिभागियों से वार्ता की एवं अपने सुझाव व्यक्त किये। कुछ प्रोजेक्ट जैसे मूक बधिर हेतु वाइब्रेटर मशीनए ब्लूतूथ वायलेस नोटिस बोर्ड, स्मार्ट ब्लाइंड स्टीक, आटोमेटिक सिंचाई पद्धति, ऊर्जा का संरक्षण, एडवांस एलपीजी एवं हाइड्रोफोनिक फर्मिंग का मॉडल इत्यादि प्रोजेक्टों की उन्होंने भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को अत्यंत सरल शब्दों में इन्नोवेशन यानी नवप्रवर्तन को उदाहरण पूर्वक समझाया। उन्होंने कई प्रश्न भी पूछे जिसमें बच्चों के वैज्ञानिक ज्ञान को परखा गया और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया कि जो केवल पढ़कर कुछ बनाएंगे, वह केवल पुनरावृत्ति ही होगी। जो हट के सोचेगें और कुछ नया करेगें वही नवप्रवर्तन या इन्नोवेशन होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्साहित करने के उद्देश्य से कहा कि उनके अन्दर हमेशा नई चीजों को सीखने के लिए जिज्ञासा होनी चाहिए



तथा हमेशा प्रश्न पूछने के लिए तत्पर रहना चाहिए तभी वे कुछ नया कर सकते हैं।

विज्ञान में आगे बढ़ने के लिए हमेशा अपनी नींव को मजबूत रखना होगा। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि उनमें नवप्रवर्तन की क्षमता है और इस प्रकार के महोत्सव तथा प्लेटफार्म विद्यार्थियों में इस प्रकार की प्रवृत्ति को जागृत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इसके लिए उन्होंने आंचलिक विज्ञान नगरी की तथा उनके प्रयासों की प्रशंसा की। महोत्सव में उत्तर प्रदेश के लगभग 5 नवप्रवर्तक भी सक्रिय प्रतिभागिता कर रहे हैं।

# कार्य में फिसड्डी दस अधिशासी अभियंताओं को यूपीपीसीएल चेयरमैन ने दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश कारपोरेशन प्रबन्धन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ओटीएस की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने इसको और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन प्रदेश के सबसे पीछे रहने वाले अधिशासी अभियन्ताओं से वीडियों कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से पूछताछ करने का निर्णय लिया है। ऐसे अधिशासी अभियन्ताओं से वार्ता कर उन्हें आवश्यक निर्देश देंगे। उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने आज एक मुस्त समाधान योजना एवं राजस्व वसूली में बेहतर परिणाम न देने वाले अधिशासी अभियन्ताओं को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि दिसम्बर तक ओटीएस एवं विद्युत सम्बन्धी कार्यो में सुधार दिखना चाहिए अन्यथा कार्रवाई होगी।

उन्होंने वितरण के कोसी, अलीगढ़, शाहजहांपुर, हापुड़, बरेली एवं फतेहपुर के तथा लेसा, नोएडा एवं गोरखपुर के परीक्षण खण्ड के अधिशासी अभियन्ताओं से वीडियों कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से बात की। उन्होंने बताया कि कार्यो की प्रगति की लगातार मानीटरिंग की जाए। बकायेदारों से सम्पर्क किया जाए जिससे उन्हें अपना बकाया जमा करने हेतु प्रेरित किया जा सके। इसके लिए प्रतिदिन फ ोन एवं व्यक्तिगत सम्पर्क करें।

अध्यक्ष ने बरेली के मुख्य अभियन्ता तथा शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियन्ता तथा अधिशासी अभियन्ताओं को कारण बताओं नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। नवम्बर से प्रदेष के विद्युत उपभोक्तओं के लिये एकमुस्त समाधान योजना प्रारम्भ की गयी है जोकि 31 दिसम्बर तक चलेगी। अध्यक्ष ने कहा है कि योजना का लाभ हर बकायेदार उपभोक्ता को प्राप्त हो इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुये योजना को प्रभावी ढ़ग से लागू करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए समय से पंजीकरण कराकर अपना बकाया जमा करें।

उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु उप्र पावर कारपोरेषन ने जन सुविधा केन्द्रों पर भी ओटीएस के पंजीकरण एवं बकाया बिल जमा करने की सुविधा प्रारम्भ करायी है। उपभोक्ता जनसुविधा में जा कर ये लाभ ले सकता है। इसी तरह ओटीएस योजना के अन्तर्गत निजी नलकूप संयोजनों में 31 मार्च 2023 तक के देय विद्युत बिलों में छूट देने की प्रक्रिया के अन्तर्गत सिस्टम में आ रही तकनीकी कमियों को दूर कर दिया गया है। अब उपभोक्ता पंजीकरण कराकर ओटीएस के अन्तर्गत छूट का लाभ उठा सकता है।

## मदरसों में आयोजित कराई जाएंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं: दानिश आजाद अंसारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा है कि मदरसों के बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास के लिए खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के समस्त मदरसों में



दिनांक 22 नवंबर से 30 नवंबर तक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेल-कूद की प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में आपसी प्रेम एवं सोहार्द विकसित हो सकेगा और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी। अंसारी ने कहा कि बच्चों और युवाओं में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की नीति के दृष्टिकोण से मदरसों में खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मदरसों के बच्चों के लिए जितनी आवश्यक आधुनिक शिक्षा है उतनी ही जरूरी खेल-कूद की गतिविधियां हैं। खेल-कूद के माध्यम से बच्चे शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक रूप से अधिक मजबूत होंगे।

# प्रदेश में स्थापित होगी 1600 मेगावॉट की नई विद्युत परियोजना

- **यूपी राज्य उत्पादन निगम ने प्रस्ताव किया अनुमोदित, स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा शासन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए 1600 मेगावाट की नई उत्पादन इकाई 'आनपरा-ई' का निर्माण होगा। इसके लिए उप्र राज्य उत्पादन निगम ने सोमवार को निगम की बोर्ड मीटिंग में इस प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को शीघ्र भेजा जाएगा। उप्र पावर कारपोरेषन एवं राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि इन इकाईयों के निर्माण में लगभग 18624 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। इसे एनटीपीसी एवं उत्पादन निगम लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम मेजा उत्पादन निगम लिमिटेड के अन्तर्गत स्थापित किया जायेगा। अभी तक अनपरा में अनपरा-अ, अनपरा-ब, अनपरा-द की कुल 2630 मेगावॉट की इकाइयां उत्पादन निगम की हैं तथा अनपरा-स 1200 मेगावाट लेंको की परियोजना है। अध्यक्ष ने उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम की सोमवार को समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने उनिलि की नयी तापीय परियोजनाओं ओबरा 'सी' (2ग660 मेवा) एवं जवाहरपुर (2ग660 मेवा)की प्रथम इकाइयों में चल रह कोल फायरिंग ट्रायल को सम्पन्न कराते हुए इन इकाइयों से नियमित रूप से शीघ्र विद्युत उत्पादन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

उनिलि की नयी तापीय परियोजना पनकी (1ग660 मेवा) की इकाई के दिनांक 18 नवंबर को सम्पन्न हुए ब्वायलर लाइटअप के उपरान्त इकाई से आगामी ग्रीष्म काल तक विद्युत उत्पादन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। आगामी ग्रीष्म काल में प्रदेश की जनता को अबाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिए निगम के अनपरा, पारीछा एवं ओबरा तापीय परियोजनाओं पर इकाइयों की चल रही एवं आगामी ओवरहॉलिंग को शेड्यूल के अनुसार माह जनवरी-24 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अनपरा की बन्द चल रही इकाई में एलपी टरबाइन की समस्या को दूर करते हुए इसे शीघ्रतिशीघ्र भार पर लाए जाने के निर्देश दिए। निगम की इकाइयों को लम्बी अवधि में बन्द होने से बचाने के लिए क्रिटीकल/इन्श्योरेन्स स्पेयर्स क्रय करने के निर्देश दिए गए।

# मरीज से रिश्वत लेने के आरोप में हटाए गए चिकित्सक

**लखनऊ।** मरीज से रिश्वत लेने के आरोपी सुलतानपुर स्थित बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को हटा दिया गया है। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश जारी किए हैं। बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मालती को भर्ती कराया गया था। मरीज ने बताया कि डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए आठ हजार रुप, मांगे। ऑपरेशन से पहले चार हजार रुपए दिए। बाकी पैसे ऑपरेशन के बाद देने का वादा किया था। ऑपरेशन के बाद बकाया धनराशि भी दे दी। दवा के लिए 15 हजार रुपए भी लिए। मरीज का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने सीएमओ को जांच के आदेश दिए। जांच में डॉ. राजेश प्रजापति पर आरोप सही मिले। इन्हें हटा दिया गया है। आरोपी डॉक्टर को कादीपुर के विजेथुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तैनात किया गया है। वहीं दूसरी ओर से सीतापुर में दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस नहीं मिली। फ ोन करने के बावजूद एम्बुलेंस नहीं मिली। डिप्टी सीएम ने सीतापुर सीएमओ को प्रकरण में कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए हैं। तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए हैं। प्रतापगढ़ के बाघराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशु की मौत का मामला गरमा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सीएमओ ने दो सदस्यों जांच कमेटी गठित की है। एसीएमओ डॉ. एएन राय और महिला चिकित्सक डॉ. पारूल सक्सेना शामिल हैं। प्रकरण में किसी भी चिकित्साधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता परिलक्षित होने पर उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।



छावनी चिकित्सालय में कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन करतीं दीपा वाजवा।

# एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक गलियारे बनाएगी प्रदेश सरकार

- **आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक एवं गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे लगेंगे उद्योग**
- **परियोजना पर अनुमानित सात हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी सरकार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** प्रदेश में नए-नए एक्सप्रेसवे बनाकर न सिर्फ प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर बना रही है, बल्कि अब इन एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करके इसे औद्योगिक गलियारे के रूप में विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है। इस संबंध में सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में 5 एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा। इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित 7 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। शनिवार को ही यूपीडा ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी के समक्ष इन पांचों एक्सप्रेसवेज के किनारे चिन्हित औद्योगिक गलियारों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके अनुसार प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफ ल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफ ल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है। इसी तरह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफ ल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफ ल 1586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफ ल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है।

कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफ ल 5800 हेक्टेयर से ज्यादा है। यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। जनपद स्तर पर भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण फि लहाल प्रक्रिया में है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य है। प्रदेश में अभी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे क्रियाशील हैं। वहीं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे, दिल्ली सहारनपुर देहरादून एक्सप्रेसवे,

गाजियाबाद कानपुर एक्सप्रेसवे और गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज गति से चल रहा है। जिस तरह यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही फि ल्म सिटी, टॉय पार्क, लॉजिस्टिक पार्क समेत विभिन्न कॉमर्शियल और रेजीडेंशियल स्कीम्स के माध्यम से औद्योगिक केंद्र बनाए जा रहे हैं, उसी तर्ज पर अन्य एक्सप्रेसवेज के किनारे इसी तरह की गतिविधियों को गति दिए जाने की संभावना है।

## प्रदेश में अब तक 3.07 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रुपए प्रति कुंतल और धान ग्रेड-ए 2203 रुपए प्रति कुंतल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 3.07 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 51798 किसानों को लाभान्वित करते हुए 553.75 करोड़ रुपए का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान खरीद से सम्बन्धित शिकायतें और सुझाव का पंजीकरण टोल फ्री नं.1800-1800-150 पर दर्ज कराई जा सकती हैं।

# अब डिजिटली होंगे परिवहन निगम के सभी अनुबंध

- **डिजिटलाइजेशन से पेपरवर्क के साथ रेवन्यू में भी होगा इजाफा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** प्रदेश में डिजिटलाइजेशन पर लगातार जोर दे रही है। प्रदेश के ज्यादातर विभागों की कार्यप्रणाली को डिजिटल कर दिया गया है। ऐसे में अब योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा सभी अनुबंधों को डिजिटल माध्यम से निष्पादित करने का फैसला किया है। इस उद्देश्य से परिवहन निगम ने आईओयूएक्स फर्म के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। मालूम हो कि अभी तक निगम द्वारा अनुबन्धों को भौतिक रूप से डॉक्यूमेंट्स तैयार करके पूर्ण किया जाता रहा है जिससे जटिल पेपरवर्क के कारण समय और रेवन्यू का नुकसान होता था। साथ ही एकरूपता का भी अभाव रहता था। इसी विषमता को दूर करने व आधुनिक कार्यप्रणाली को अंगिकार करने के उद्देश्य से विभाग में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में अनुबन्धों के डिजिटल होने से इनकी समयबद्ध मॉनिटरिंग होगी। इससे निगम को होने वाले सभी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकता है। इस प्रक्रिया से सप्लायर्स द्वारा दी गई बैंक गारंटी, डॉक्यूमेंट्स की समाप्ति तिथि की चेकिंगए ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस, कंडक्टर्स एवं अन्य कर्मचारियों के अन्य संबंधित डॉक्यूमेंट्स की एक्सपाइरी डेट की मॉनीटरिंग काफी आसान हो जाएगी। अभी तक इसके अभाव में निगम को काफी परेशानी होती थी। नये एमओयू से निगम को अपने सभी काम करने में आसानी होगी। साथ ही ड्राइवर/कंडक्टर एवं अन्य कर्मचारियों को कांट्रेक्ट आधार पर नियुक्ति/ विभिन्न ढाबा, कैन्टीन, रेस्टोरेंट्स, बस स्टेशन पर स्थित दुकानें के अनुबंध, निगम में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के साथ होने वाले अनुबन्ध, बसों एवं स्टाफकार इत्यादि के अनुबन्ध के सभी लीगल एवं कामर्शियल कॉन्ट्रैक्ट्स को डिजिटल किया जाएगा। इससे न केवल पेपरवर्क में कमी आएगी बल्कि निगम के खर्च और समय की भी बचत होगी।

# एलडीए ने अवैध रेस्टोरेंट व दुकान को किया सील

**लखनऊ।** लाविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा शहर में अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफप्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन जोन.1 की टीम ने गोमती नगर विस्तार में आवासीय भू.उपयोग में अवैध रूप से बनाये जा रहे एक रेस्टोरेंट को सील किया। वहींए प्रवर्तन जोन.4 की टीम ने अवैध से बनायी जा रही दुकान के सीलिंग की कार्यवाही की। प्रवर्तन जोन.1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि रियाजुल प्रधान व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.6 में भूखण्ड संख्या.6/934 पर अवैध रूप से रेस्टोरेंट का निर्माण कराया जा रहा था। आवासीय भू.उपयोग में किये जा रहे इस अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में आज सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन.4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि अजीत श्रीवास्तव, आलोक सिंघल व अन्य द्वारा मड़ियांव के फैजुल्लागंज में बिना स्वीकृत मानचित्र के लगभग 150 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से दुकान का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिये गये थे। इसके अनुपालन में आज सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

# पूर्व मंत्री स्वर्गीय आशुतोष टंडन को दी गई श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व मंत्री** स्वर्गीय आशुतोष टंडन गोपाल की पुण्य स्मृति में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ नीरज बोरा सहित विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाई सुबोध टंडन और अमित टंडन व अन्य परिवार जन भी उपस्थित रहे।





उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आशुतोष टंडन गोपाल का निधन अत्यंत दुखद है वह एक अत्यंत जनप्रिय कर्मठ और जुझारू राजनेता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हमेशा संगठन के प्रति समर्पण और कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। भले ही टंडन आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके बनाये आदर्श और मूल्य हमेशा हमे ऊर्जा देते रहेंगे। डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि गोपाल जी ने बाबूजी लालजी टंडन जी की राजनैतिक विरासत का बखूबी निर्वाह किया और क्षेत्र चाहे राजनितिक हो या फिर सामाजिक सभी में उन्होंने एक छाप छोड़ी। पंकज सिंह ने कहा कि यह सच्चाई है लेकिन यह यकीन नहीं हो रहा है कि वह हम लोग के बीच में नहीं है। बीते कई महा से हम लोग उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे थे और ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे कि शीघ्र स्वस्थ हों।आज हम लोग के बीच में शरीर से नहीं है लेकिन हम लोग की स्मृति में हमेशा जीवित रहेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि अत्यंत द्रवित मन से आज गोपाल भैया को श्रद्धांजलि अर्पित की है और ईश्वर से प्रार्थना है कि ईश्वर उनको सदगति प्रदान करें। भाई अमित टंडन ने द्रवित मन से कहा कि लखनऊ महानगर का पहला कार्यक्रम है कि जिसमें गोपाल भैया मौजूद नहीं है और उनकी अनुपस्थिति में हम सब यहां मौजूद हैं लेकिन विधि का विधान है आज उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम कर रहे हैं। बाबूजी की विरासत को आगे बढ़ने का पूरी निष्ठा से कार्य किया। सभी कार्यकर्ताओं से एक पारिवारिक रिश्ता था और सदैव उनके कार्य को शीघ्रता से करने का प्रयास करते थे और क्षेत्र में सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनता की आवश्यकताओं के कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है।

# एलडीए तीस साल की लीज पर देगा होटल

- **चटोरी गली में मिलेंगे लखनऊ के लजीज व्यंजन**
- **लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ बैठक करके प्रस्ताव का खाका किया तैयार, जल्द जारी होगी आरएफपी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण गोमती नगर स्थित बजट होटल को पीपीपी मॉडल पर 30 साल की लीज पर देगा। साथ ही समतामूलक चौराहे से प्रतीक स्थल के मध्य स्थित चटोरी गली लखनऊ के लजीज व्यंजनों से गुलजार होगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सोमवार को अधिकारियों व कंसलटेंट के साथ बैठक करके इन प्रस्तावों का खाका तैयार किया। जल्द ही प्राधिकरण इन प्रोजेक्ट्स की आरएफपी निकालेगा। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि गोमती नगर में अयोध्या रोड पर स्थित बजट होटल में कुल 186 कमरे हैं। इसके अलावा यहां 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फूड कोर्ट, टेरेस गार्डेन/ओपर एयर रेस्टोरेंट, दो कॉन्फ्रेंस हॉल, ऑफिस स्पेस, मल्टी यूटिलिटी किचन के साथ-साथ लगभग 150 वाहनों का पार्किंग एरिया है। प्राधिकरण द्वारा इसे रेवेन्यू शेयरिंग मोड पर 30 वर्षों की लीज पर दिया जाएगा। इसी तर्ज पर वीआईपी रोड स्थित मान्यवर काशीराम जी जनसुविधा परिसर के रेस्टोरेंट एंड कैफेटेरिया को भी लीज पर दिया जाएगा। इससे पर्यटकों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी और स्मारक समिति की आय भी होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि समतामूलक चौराहे से प्रतीक स्थल के मध्य स्थित चटोरी गली ;आशा ज्योति लेनद्ध पर बनी 10 दुकानों व मान्यवर काशीराम जी स्मारक स्थल की कैन्टीन को भी लीज पर देने का प्रस्ताव बनाया गया है। इसके अंतर्गत चटोरी गली में लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंजन परोसे जाएंगेए जिसका शहर वासियों के साथ ही शहर में घूमने आने वाले पर्यटक भी लुत्फ उठा सकेंगे।

इसके अलावा ईको गार्डेन, 1090 चौराहे पर स्थित गोमती विहार पार्क व डॉ. भीमराम अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में लोगों की सुविधा के लिए अस्थायी क्यॉस्क बनाकर रिफ्रेशमेंट प्वाइंट्स विकसित किये जाएंगेए जहां लोगों को पीने का साफपानी व चाय.कॉफी आदि रिफ्रेशमेंट मिल सकेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह समस्त कार्य रेवेन्यू शेयरिंग मोड पर कराये जाएंगे/ जिसके लिए इसी सप्ताह आरएफपी निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य अभियंता ए0के0 सिंहए वित्त नियंत्रक दीपक सिंह व अधिशासी अभियंता अजीत कुमार समेत पीएमसी/ स्मारक समिति व कंसलटेंसी फर्म के अधिकारीए सदस्य व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सपा के संस्थापक मुलायम सिंह के जन्म दिन पर कल निकलेगा साइकिल जुलूस

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**22 नवम्बर** को सपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक स्व0 मुलायम सिंह यादव जी के जयंती के अवसर पर विशाल साईकिल जुलुस भेलूपुर, सोनारपुरा, मदनपुरा, गोदौलिया गिरजाघर, नईसड़क होते हुए लहुराबीर चौराहे की ओर प्रस्थान करेगी।

सपा के महानगर अध्यक्ष दिलीप डे ने आगे बताया कि आज वर्तमान समय में भाजपा समाजवादी पार्टी से घबरा गई है जिस कारण भाजपा आई.टी.सेल. समाजवादी पार्टी के पी0 डी0 ए0 के नारे के बाबत जनता में भ्रम फैला रही हैं जबकि पी.डी.ए. समाज के हर वर्ग की बात करता है। पी. डी.ए. का मतलब पी से पिछड़ा तो डी से दलित है, तो ए का मतलब अल्पसंख्यक, अगड़ा, और आदिवासी से इसलिए 24 के लोकसभा चुनाव में पी.डी.ए. का इंकलाब होगा और भाजपा की हार होगी।साइकिल यात्रा का उद्देश्य लोगों को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों से होने वाले नुकसान और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए तथा जाति जनगणना के महत्व के बारे में जन जागरण करना है।भाजपा विपक्ष के एकता से बिल्कुल घबड़ा गयी है इसलिए प्रशासनिक अमला द्वारा विपक्षी दलों के समर्थको को मतदान से वंचित करने के लिए उनके द्वारा गंभीर साजिश रची जा रही है, जो पिछले 27 अक्टूबर को वोटरलिस्ट के प्रकाशन के दौरान देखने को मिला।

वोटर लिस्ट देखने से एकदम बोगस लिस्ट लगती है, उदाहरण के स्वरूप एक मतदाता का नाम उसके मुहल्ले के लिस्ट में न रखकर किसी अन्य मोहल्लों के लिस्ट में अंकित किया गया है। वर्तमान में जिस वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया है वह बोगस लिस्ट के समान है उदाहरण के तौर पर दक्षिणी विधानसभा का बूथ 190,77,132, 29,28,33, 34 उत्तरी में 64, 98,116 व कैण्ट 212,77,201, ज़ 202 बूथ सेन्टर पर स्थानीय व्यक्तियों का नाम के साथ ही अन्य मोहल्लों के मतदाताओं के नाम अंकित हो जाने से भ्रम की स्थिती उत्पन्न हो रही है तथा जानकारी के अभाव में जिन मतदाताओं के अतिरिक्त नाम जोड़ा गया है, वे मतदान से वंचित हो जायेंगे। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसे भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष सबूत के साथ भेजा जायेगा।बनारस विश्व की धार्मिक नगरी है और आने वाले दिनों में देव दिपावली का पर्व भी है परन्तु गंगा घाटों की स्थिती बद से बदत्तर है। जिसकी सुध लेने की आवश्यकता भी अधिकारियों को अब तक नहीं है।

भाजपा सरकार में दंबगों और अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है प्रदेश में हर दिन हत्या, डकैती और बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं। अपराधी बेखौफ है और प्रशासन तंत्र उनके आगे नतमस्तक जिसकी समाजवादी पार्टी भर्तस्ना करती है।

# उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर किया महापर्व डाला छठ का समापन

**सुशील कुमार मिश्रा।** वाराणसी



**चराचर** जगत के प्राण धार, संपूर्ण सृष्टि को ऊर्जा व प्रकाश से पोषण करने वाले भवन के प्रत्यक्ष देव भगवान भास्कर की उपासना, साधना व अलौकिक आस्था के महापर्व डाला छठ सप्तमी पूरे जनपद में अब अब अपूर्व उल्लास व भक्ति वातावरण में मनाई गई। सोमवार की सुबह उदयमान मां सूर्य भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के लिए पतित पावनी गंगा व वरुणा समेत जनपद की अन्य नदियों पवित्र कुंडो व सर्वरों के तटीय घाटों पर आस्था का रैला उमड़ पड़ा ।सड़कों पर पसरा सन्नाटा और तटो के किनारे अपार्जन समूह पर्व के प्रति लोगों की अटूट आस्था का स्वयं में परिचय दे रही थी। की सुबह डाला छठ पर्व की जो शरीर वह देकर महिलाओं ने पूजन अर्चन किया तथा घाटो पर हवन पूजन कर अपने 36 घंटे के व्रत का पालन किया।

इस अवसर पर नमो घाट से लेकर अस्सी घाट व अंबेडकर घाट डाला छठ के श्रद्धालुओं की रैला उमड़ पड़ी। हमारे रामनगर संवाददाता सुरेंद्र यादव के अनुसार रामनगर के शास्त्री घाट, बलुआ घाट, सिपाही घाट सहित डुमरी के अन्य गांव के तटो पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। व्रती महिलाओं ने कार्तिक शुक्ल सप्तमी की दूसरी अर्घ्य भगवान सूर्य भास्कर को दिया तथा अपना 36 घंटे का व्रत का पारण भी किया। बनारस रेल इंजन कारखाना परिसर स्थित सूर्य सरोवर कुंड में भी व्रती महिलाओं ने डाला छठ के अवसर पर भगवान सूर्य भास्कर को अर्घ देकर अपना पारण समाप्त किया ।इसके साथ ही वरुण स्थित शास्त्री घाट पर भी लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य भास्कर को अर्घ देकर अगले वर्ष के लिए एक बार फिर आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पूरे शहर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे ।कोहरा और आकाश में बादल होने के कारण सूर्य भास्कर ने देर से दर्शन दिया जिससे व्रती महिलाओं का परीक्षा भी लिया लेकिन इस परीक्षा में व्रती महिलाओं ने धैर्य रखकर भगवान सूर्य भास्कर को आगे देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस पर आयोजित किया जाएगा भव्य समारोह

**संवाददाता।** मीरजापुर



**श्रदेय** नेताजी मुलायम सिंह यादव जी का जन्मदिवस 22 नवम्बर को सबरी स्थित साई गार्डेन में जोनल, सेक्टर व बूथ अध्यक्षो के अगुवाई में मनाया जायेगा। यह उद्गार पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्क्ष देवी प्रसाद चौधरी ने नेताओ व कार्यकर्ताओं के बीच कही। उन्होने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने देश व प्रदेश के लिए बहुत कुछ किया है। कार्यकर्ताओं को लेकर सड़क से लेकर संसद तक सरकार के खिलाफ आन्दोलन का बिगुल भी फूंका था। उनके कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं था। आप अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुॅचकर जन्मदिवस को सफल बनाने का काम करें। श्री चौधरी ने बताया कि जन्मदिवस के बतौर मुख्य अतिथि स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा के अलावा प्रदेश सचिव श्रीमती कमला यादव, शोभनाथ यादव, गणेश यादव आदि मौजूद रहेंगे। जन्मदिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष के अलावा कार्यकर्ताओं को भी बुलाया गया है।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में आशीष यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला, दामोदर मौर्या, रामराज पटेल, रामगोपाल बिन्द, संजय यादव, सुबाष पटेल, राजेश भारती, नूरबानो, सूर्यमणि यादव, स्वामी शरण दूबे, चन्दन पटेल, देवेन्द्र मिश्रा, कन्हैया यादव, ओमप्रकाश सोनकर, श्याम अचल यादव, सलीम बादशाह, जमाल अहमद, अरशद अली, हरिशंकर पटेल, आयुष यादव, विजय मौर्या, विकास केशरी, राजकुमार यादव, उदित नारायण, पतलू यादव, शराफल उल्ला खां, बबलू मौर्या, अनिल चौधरी, साजन चौधरी, भरत लाल बिन्द, जगदीश बिन्द आदि मौजूद रहे।

## कौशलेन्द्र पटेल बने प्रतापगढ़ के जिला प्रभारी

**वाराणसी।** 

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठन के पेंच कसने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने प्रतापगढ़ में पिछड़ा कार्ड खेलते हुए कुर्मी समाज़ के मज़बूत और सांगठनिक व प्रशासनिक दक्षता के अनुभवी नेता कौशलेन्द्र सिंह पटेल को जनपद संगठन के प्रभारी का दायित्व सौंपा है।

कौशलेन्द्र पटेल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति का ककहरा सीखा है। प्रदेश भाजपा के जिम्मेदार दायित्वों पर रहे हैं। श्री पटेल भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ावर्ग आयोग के सदस्य थे। सन् 2006 में उज़्प्रज़्के वाराणसी नगरनिगम से सबसे कम उम्र के महापौर निर्वाचित हुए थे।

कार्यकर्ता भाव से सबकी सुनने तथा सबको साथ लेकर चलने के सांगठनिक अनुभव के चलते उन्हें प्रतापगढ़ कि जिम्मेदारी दी गई है।

## तीन पग में तीन लोक नाप कर बलि के अंहकार का प्रभु ने किया नाशः ज्ञानवी श्री

**संवाददाता।** अमेठी

**भगवान** भक्तों के अहंकार का भाजन करते हैं। इसी से भक्त का कल्याण होता है ढ्ढ ये बातें जिले के विकासखंड जामों के सूरतगढ़ गांव में दुर्गा बक्श सिंह के यहाँ चल रही संगीत मयी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस सोमवार को कथा वाचक ज्ञानवी श्री ने कही। इस दौरान कथा पंडाल में भगवान वामन की झांकी सभी भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रही तथा संगीतमयी कथा से समस्त श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा वाचक ने कहा कि भगवान को भक्त में अभिमान पसंद नहीं, रास के समय श्री कृष्ण ने गोपियों के माध्यम से यही शिक्षा दी कि जब हमारे अंदर अभिमान प्रवेश करता है तो हम भगवान से दूर होने लगते हैं ढ्ढ भक्त प्रहलाद के पौत्र राजा बलि को जब अपने दान का अहंकार हो गया तो भगवान ने दो पग में धरती और अंतरिक्ष नापकर तीसरा पग बलि के सिर पर रखकर उसे पाताल पहुंचा दिया। वहां का राजा बनाकर उनका सम्मान बरकरार रखा तो सिर पर पैर रखकर उसके अहंकार का नाश कर दिया। गज ग्राह का प्रसंग सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि गज-ग्राह(मगरमच्छ) का युद्ध- महर्षि देवल के श्राप के कारण उस झील में हुआ जहां हुहू नामक गंधर्व रहता था। वह ग्राह(मगरमच्छ) जलक्रीड़ा करते समय चुपचाप गजराज के पास आया और वह गजराज का पैर पकड़कर पानी में खींचने लगा।

गजराज चिल्लाया, अन्य हाथियों ने भी मदद करने की कोशिश की, लेकिन ग्राह(मगरमच्छ) बहुत ताकतवर था।जब वह हर तरह से निराश हो गया तो हर तरह लाचार होकर उसने विष्णु भगवान की करुण पुकार की और भगवान ने गजराज को ग्राह के चंगुल से उबारा। इस अवसर पर त्रिभुवन सिंह, हरि बक्श सिंह,देवेन्द्र सिंह गल्लू , विजय, गुड्डु सिंह, नीरज सिंह, सुरजीत सिंह, राम पदारथ दुबे ,देवराज सिंह, दीपराज सिंह, राहुल, शिवराज सिंह, राम खेलावन सिंह, संजय, शीतला सिंह, लाले ,अशोक सिंह, रामप्रसाद मौर्य, दयाराम, राम बोध, टिक्कू, पल्लर, सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अद्वितीय चित्रांश महासभा द्वारा कायस्थ समाज के वरिष्ठ पत्रकार का किया गया सम्मान



**रायबरेली।** भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती पर अद्वितीय चित्रांश महासभा उ0प्र0 की रायबरेली शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम व शोभा यात्रा के साथ ही समापन होने के साथ विषिष्ट गण सम्मानित भी किये गये थे। जो भी आमंत्रित गण किसी कारण वष सम्मान समारोह में षामिल नहीं हो पाये थे, अद्वितीय चित्रांश महासभा उ0प्र0 की रायबरेली शाखा के सदस्यों ने घर-घर जाकर उन व्यक्तियों को सम्मानित किया। दैनिक लोकमित्र रायबरेली के जिला संवाददाता हिमांषु कुमार श्रीवास्तव को भी अद्वितीय चित्रांष महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर डॉ0 विजय श्रीवास्तव संरक्षक,कमल श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव,सुबोध श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष,आकाश श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, मोहित श्रीवास्तव नगर महामंत्री,पंकज श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष, स्वप्निल श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी,यश श्रीवास्तव संगठन मंत्री,पंकज श्रीवास्तव संगठन मंत्री, अद्वितीय चित्रांश महासभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति के लिए 08 दिसम्बर तक होंगा आनलाईन आवेदन

**सोनभद्र।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरिजा शंकर ने बताया कि वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा-9-10 में छात्रों को आनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण तक की निर्गत समय सारिणी के अनुसार समयान्तर्गत कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सुसंगत छात्रवृत्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम योजना के क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद की पूर्वदशम कक्षाओं के छात्र-छात्राए आनलाईन आवेदन करेंगें, छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन करने एवं छात्रवृत्ति वितरण तक समस्त सुसंगत कार्यवाही के लिए समय सारिणी निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन किये जाने की तिथि 08 दिसम्बर, 2023 तक तथा आनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र छात्राओं द्वारा वांछित संलग्न कों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाने की तिथि 11 दिसम्बर, 2023 तक निर्धारित किया गया है।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से डीजे संचालक की मौत से कोहराम

**सकलडीहा/चंदौली ।** डाला छठ महापर्व पर पौनी गांव में ग्रामीणों की ओर से भक्तिगीत के लिये डीजे बुलाया गया था। सोमवार को सुबह उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर डीजे के साथ ग्रामीण लौट रहे थे। इसी बीच स्कूल के समीप लटकती हाईटेंशन की तार की जद में आने से डीजे संचालक की मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने घटना को लेकर अनभिज्ञता जताया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। सदर कोतवाली के नरोज़ा गांव निवासी घनश्याम जायसवाल का पुत्र राहुल डीजे चलाता था। डाला छठ पर्व पर वह पौनी गांव के तालाब पर डीजे बजाने के लिए वाहन पर डीजे रखकर आया था। वापस ग्रामीणों के साथ लौटते समय डीजे वाहन के ऊपर बैठा 22 वर्षीय राहुल जायसवाल हाई टेंशन की लटकते तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस नीचे गिर गया। घटना के बाद व्रती महिला सहित ग्रामीणों में भगदड़ मच गया। आनन फानन में महिलाओं सहित चालक भागकर जान बचाये। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने नईबाजार स्थित एक निजी हास्पीटल पर ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम गच गया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर नही दिया गया है।

### अज्ञात महिला का शव मिलने पर मचा हडकंप

**जगदीशपुर ,अमेठी।**हाइवे के किनारे अधेड महिला का शव मिलने से लोगो मे हडकंप मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा । कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर स्थित मलावा गांव के निकट लहूलुहान अधेड महिला का शव मिलने पर वहां काफी भीड लग गई घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश किया परंतु कोई अता पता ना चलने पर अंतोगत्वा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।इस सम्बन्ध थानाध्यक्ष ने बताया शव शव की शिनाख्त नही हो पाई फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा ।

### बैसवारा एजू. ट्रस्ट व फ्तेहपुर ने जीता उद्घाटन मैच

**लालगंज-रायबरेली।** बैसवारा एजुकेशन टेस्ट द्वारा संचालित सूबेदार सिंह स्मारक प्रांतीय फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने यह संदेश दिया। उद्घाटन मैच में बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट एलेवन ने सुदर्शन नवरंग क्लब लालगंज को 2-1 पराजित किया। मध्यांतर के पूर्व के खेल के 22वें मिनट में सुदर्शन नवरंग क्लब एलेवन का खिलाड़ी विशाल ने अपनी टीम के लिए गोल करके बढ़त बनाई । मध्यांतर के बाद के खेल में 48 मिनट में सुदर्शन नवरंग क्लब एलेवन के खिलाफ पेनल्टी किक बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट 11 को मिली ट्रस्ट एलेवन को मिली अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी आयुष ने गोल करके टीम को बढ़त दिलाई 59 वे मिनट में खिलाड़ी गौरव ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया और बड़त दिलाई यही मैच का निर्णयाक गोल साबित हुआ। बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट 2-1 से विजई रही। आज का दूसरा मैच डी एफए रायबरेली और ओमनी क्लब फ्तेहपुर के बीच खेला गया मध्यांतर के पूर्व के खेल में 27वे मिनट में फ्तेहपुर के खिलाड़ी सनी ने गोल करके फ्टिंग उड़ा दियास खिलाड़ी के विरुद्ध पेनल्टी दी गई जिसे रायबरेली के खिलाड़ी सनी ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाईस इस मैच का निर्णय ट्राईबेकर से समाप्त हुआ जिसमें फ्तेहपुर विजयी हुई।

### सृजन वैलफेयर ने किया विधिवत विसर्जन



बरेली। दीपावली पर लोग जिन भगवानों को साल भर पूजते हैं, उन्हें चौराहों पर एक तरह से फेंक ही जाते हैं।ये देखकर बहुत बुरा लगता है। सृजन वैलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ दीक्षा सक्सेना ने ये जानकारी साझा करते हुए बताया कि हमारी सोसाइटी हर साल ही गणेश -लक्ष्मी जी की मूर्तियां और पूजन सामग्री इन चौराहों से इकट्ठा करके उनका किसी खेत में गड्ढा खोदकर विधिवत विसर्जन कर देते हैं। मीडिया प्रभारी अमित गौड़ ने बताया कि विसर्जन के लिए हमने मेरे खेत में कल ही गड्ढा खुदवा दिया था। उपाध्यक्ष रविन्द्र पाठक ने जानकारी दी कि सोसाइटी पूजन सामग्री और मूर्तियां आदि उठाने के लिए लारी और झाड़ूए ,कट्टे सभी साथ ही लाती है। बहुत बुरा लगता है ये देखकर कि जिन भगवानों को साल भर पूजा उनकी क्या शक्ति अब खत्म हो गई जो इस तरह घरों से बाहर निकाल दिया। सोसाइटी सबसे अपील भी करती है कि चांदी के या ईको फ्रेंडली गणपति और लक्ष्मी जी की मूर्तियां लें। जिससे भगवानों का इस तरह अपमान नहीं हो। आज हमारी सोसाइटी ने राजेंद्र नगर के सभी चौराहों की सफाई अभियान के अंतर्गत सफाई करने के साथ -साथ लोगों से कहा भी है कि भगवानों का ऐसा अपमान नहीं करें। सफाई अभियान में सोसाइटी से अध्यक्ष डॉ दीक्षा सक्सेना, अमित गौड़, रविन्द्र शर्मा, हरीश आदि संस्था सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# उदीयमान भगवान भाष्कर को महिलाओं ने दिया अर्घ्य

**संवाददाता।** सकलडीहा/ चन्दौली

**आस्था** का चार दिवसीय महापर्व डाला छठ का सोमवार को समापन होगया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूजा का समापन किया। इस मौके पर कस्बा सहित क्षेत्र में देवी जागरण सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पूरी रात होता रहा। वही ग्राम प्रधान सहित समाज सेवी संस्थाओं द्वारा व्रती महिलाओं को फल सहित अन्य सामान का वितरण किया।



डाला छठ महापर्व को लेकर बीते चार दिनों से सकलडीहा कस्बा के प्राचीन शिव सरोवर, चतुर्भुजपुर कालेश्वर सरोवर, धरहरा, विशुनपुरा, खड़ेहरात,तुलसी आश्रम, नईबाजार, जमुनीपुर,कटसिल, फेसुड़ा सहित कोतवाली क्षेत्र के 22 स्थानों पर डाला छठ महापर्व का समापन हुआ। इस दौरान प्रधान और समाज सेवी संस्थाओं द्वारा देवी जागरण गीत का आयोजन किया गया था। सुरक्षा को लेकर पुलिस के आलाधिकारी डटे रहे। महिलाओं ने विधि विधान से उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हुए पूजा का समापन किया। वही देवी जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने शिव तांडव की गीतों पर सबको मंत्र मुंग्ध कर दिया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश मौर्या, कस्बा प्रभारी मीरा यादव, धर्मदेव सिंह सहित प्रधान अशोक कुमार, मंजू वर्मा, सुरेन्द्र यादव, मनोज यादव,घासी राजभर, दीनबंधु राजभ्ज्ञश्र, रतेन्द्र, गोलू यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला आयुष समिति की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आयुष विभाग के निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर/प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर सैंपल एकत्रित कर जांच करने के निर्देश दिए एवं रजिस्टर लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सालयों में मरीज हेतु समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जो भी चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनको हैंडोवर कराया जाए।

# सोना लूट की घटना में पुलिस के हाथ अभी भी खाली

● **घटना को लेकर व्यापारी नेताओं ने जताया आक्रोश**

**संवाददाता।** लालगंज-रायबरेली



**सर्राफ** व्यापारी से हुई करीब एक करोड़ के सोने के जेवरातों की लूट के मामले में पुलिस के हांथ दूसरे दिन खाली रहे। पुलिस के आलाहाकिमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अविलम्ब वर्कआउट का दावा जरूर कर रहे हैं मगर बेखौफ बदमाशों की सही गिरफ्तारी व माल बरामदगी की व्यापार मंडल ने कल से ही जोरदार न मांग कर रहा है। उल्लेखनीय है कि बीती देर रात अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोलू सोनी पुत्र भानुशंकर सोनी को बदमाशों ने उस समय लूट लिया जब वह सोने व चांदी के झोलों को लेकर दूकान बंद करने के बाद घर जा रहे थे। बदमाशों ने उससे दोनो झोले लूटे लेकिन झीना झपटी में चांदी वाला झोला गिर गया लेकिन सोने का झोला लेकर भागने में सफ्ल रहे। गोलू सोनी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में 1550 ग्राम सोने को लूटे जाने की जानकारी पुलिस को दी है। जिसकी कीमत 65 लाख रूपये बतायी गयी है।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक व अपरपुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। जानकारी के अनुसार घटना रिपोर्ट 65 लाख के सोने के आभूषणों की लूट की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। घटना को लेकर व्यापारी नेताओं व आमव्यापारियों में खांसा आक्रोश रहा। व्यापारियों का कहना था कि जब प्रदेश में कानून का राज स्थपित करने का पुलिस दावा कर रही है तो लालगंज में आये दिन ऐसी घटनाएं आखिर क्यों हो रही हैं। व्यापारी नेता राहुल भदौरिया मौके पर ही पुलिस अधीक्षक से यह सवाल किया और ऐसी घटनाओ से व्यापारियों में न केवल असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है बल्कि पुलिस महकमें के प्रति अविश्वास भी। सीसीटीवी की व्यवस्था करने के बाद भी व्यापारियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। पुलिस आज पूरे दिन सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आपस में विचार विमर्श जरूर करती नजर आयी लेकिन उसे अभी तक ठोस सुराग हासिल नहीं हो सके हैं।

# योजनाओं से पात्रों को किया जा रहा है लाभान्वित : अनुप्रिया

**संवाददाता।** सोनभद्र



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुगैल के पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ उनकी कहानी उनकी जुबानी यह बात सुनी जाए, विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन मानस को जानकारी दी जा रही है, जिससे कि समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और वह इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हो, इस यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभाग द्वारा सरकार योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल भी लगाये जा रहे हैं जिसके माध्यम से जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड नें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज के वंचित पिछड़े अति पिछड़े लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कहा की जनजाति समुदाय को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती पटेल द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विकासित राष्ट्र की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद पकौडी लाल कोल, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, को-आपरेटिव बैंक अध्यक्ष जगदीश पटेल जिलाध्यक्ष अपना दल एस0 सत्य नारायण पटेल जिला विकास अधिकार शेषनाथ चौहान, उप जिलाधिकारी ओबरा प्यारेलाल मौर्या, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, उप निदेशक कृषि जय प्रकाश, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## मुगल दरबार में कथक के विद्यार्थियों ने जीता दिल



**बरेली।** श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार की शाम कथक के विद्यार्थियों के नाम रही। विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका मुगल दरबार में सलामी से अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद लाइव ट्रैक पर दरबारी नजराना और अदा ए पेशकार को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। महफिल ए इश्क में अपनी कथक प्रतिभा से विद्यार्थियों ने सभी को अचंभित किया। नृत्य नाटिका को कोरियोग्राफकथक गुरु रियाश्री चटर्जी, देबाज्योति नस्कर और अंशू शर्मा ने किया। इसमें कथक के विद्यार्थी आहना, अभया, गौरिका, अंतरा, रिद्म, समीक्षा, लघिमा, नितारा, प्रियभाषिनी, सपना, सुषमा, आराध्य, हितिका, करुण्य, वरनी, निष्ठा, एश्वर्य, प्रज्ञा, खुशी, अंशू, क्षमा, दीक्षा ने मंच पर प्रस्तुत किया। इंट्रूमेंट पर इनका साथ उमेश मिश्रा (सारंगी), कुंवर पाल (सितार), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), आदित्य मिश्रा (तबला), सुमन बिस्वास (पखावज), सोनू पांडेय (बांसुरी) ने दिया। जबकि बोल पढ़ंत देबाज्योति नस्कर और रियाश्री चटर्जी के रहे। संगीत संपादन रियाश्री चटर्जी ने किया, जबकि स्टेज डिजाइनिंग देबाज्योति नस्कर ने की।

# श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ मनाया गया सूर्या षष्टी पर्व

**संवाददाता।** सोनभद्र



**एनटीपीसी** सिंगरौली शक्तिनगर में रविवार को चिल्काझील में सूर्या षष्टी का पर्व टाउनशिप वासियों तथा शक्तिनगर के आस पास के रहवासियों द्वारा बड़ी श्रद्धा भक्ति तथा उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतियों द्वारा भगवान सूर्य सायं अर्घ्य दिया गया। चिल्काझील में व्रतियों हेतु रात में भजन संध्या तथा देवी जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर द्वारा किया गया। चिल्काझील में रात भर व्रतियों के साथ उनके परिजन भी हर्सोल्लास के साथ थे। रात भर चले इस कार्यक्रम में व्रतियों ने इसका आनंद उठाया। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा चिल्काझील में छट्ट पर्व को सफ्ल बनाने के लिए सभी आवश्यक जरूरतों के अतिरिक्त सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे। अगले दिन सोमवार को व्रतियों ने उषा काल में सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु तथा दर्शक मौजूद थे। इस अवसर पर अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक अनुरक्षण सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन गोपाल दत्त कमांडेंट सीआईएसएफ डी के सारस्वत अपर महाप्रबंधक एमजीआर अवनीश कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक आईटी छठ पूजा समिति के सदस्य सीआईएसएफकर्मी शक्तिनगर पुलिस कर्मी लोकल सेक्युर्टी कर्मी आदि उपस्थित रहें।

## वायु गुणवत्ता
### थोड़ा सुधार

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ है, पर अभी सावधानी बरतने की जरूरत है। जाड़े के महीनों में आमतौर से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर के स्मॉग से घिरे व प्रदूषण ग्रस्त वातावरण में यह राहत अच्छी बात है। भयानक प्रदूषण के लिए कुख्यात राजधानी में सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है क्योंकि वायु विषाक्तता का स्तर घटा है और स्कूलों को पुन: खोला जा रहा है। वायु की बेहतर गुणवत्ता निवासियों के लिए राहत की बात है क्योंकि वे लंबे समय से प्रदूषण से समस्याओं का शिकार थे। लेकिन यह स्वीकारना भी महत्वपूर्ण है कि लड़ाई फिलहाल भले ही जीती गई हो, पर युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। विडंबना है कि इस अचानक और सुखद घटनाक्रम में अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं है, बल्कि इसका कारण बेहतर मौसमी स्थितियां हैं। इस सप्ताहांत दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई में महत्वपूर्ण सुधार हुआ जिसे 'गंभीर' से 'बहुत खराब' स्थितियों में परिवर्तन कहा जा सकता है। इस सकारात्मक परिवर्तन के कारण सरकार ने राजधानी में सभी स्कूल खोलने का आदेश दिया है, लेकिन मैदानों में खेल गतिविधियां तथा सवेरे की प्रार्थना कम से कम इस सप्ताह स्थगित रहेंगी। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-ग्रैप की उप-समिति ने चरण-4 को वापस ले लिया है जिसके अंतर्गत प्रदूषण से मुकाबले के लिए कठोर कदम उठाए जाते हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप का चरण-4 हटाते हुए राजधानी में मझोले और भारी मालवाहक वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी है। इन सबसे वायु गुणवत्ता परिदृश्य में सुधार के प्रति विश्वास प्रकट होता है। लेकिन इसके साथ ही वर्तमान सुधार को आगे बढ़ाने के लिए लगातार निगरानी और सक्रिय उपाय जारी रखने की जरूरत है।



दिल्ली में एक्यूआई का स्तर 300 से अधिक बना हुआ है जो अब भी स्वीकार्य सीमा से अधिक है और इस वायु गुणवत्ता को 'बहुत खराब' ही परिभाषित किया जा सकता है। गाजियाबाद, गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और फरीदाबाद भी इसी श्रेणी में आते हैं जिससे एनसीआर दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों में शामिल हो जाता है। तार्किक व चिकित्सकीय रूप से 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता स्तर को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और घर के बाहर किसी गतिविधि की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि इसके कारण दमा तथा अन्य श्वसन तंत्र रोगों का खतरा बहुत बढ़ जाता है। बच्चे, वृद्ध तथा पहले से बीमार लोग ऐसे में पीएम 2.5 की अधिकता से प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि हवा में मौजूद कण सीधे रक्त प्रवाह में मिल कर उनको बीमार बना सकते हैं। इस बीच जब एनसीआर ने धीरे-धीरे सावधानी से स्वयं को खोलने के नए चरण में कदम बढ़ाया है तो सभी निवासियों, अधिकारियों व शिक्षा संस्थानों को सहभागितापूर्ण ढंग से काम करते हुए समुदाय की बेहतरी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके लिए सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। टिकाऊ व्यवहारों का क्रियान्वयन, हरित पहलों को प्रोत्साहन तथा प्रदूषण नियंत्रण उपायों को कठोरता से लागू करना क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता में सुधार तथा उसे बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, तत्काल भविष्य उज्ज्वल लग रहा है, पर एनसीआर के सभी निवासियों की बेहतरी हेतु पर्यावरण चेतना के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता बहुत जरूरी है। सरकार को समस्या से निपटने के लिए निरंतर प्रयास करने की जरूरत है क्योंकि यह समस्या न केवल राजधानी की छवि पर धब्बा है, बल्कि यह सभी निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भयानक खतरा भी है।

# पराली समस्या का उपयुक्त समाधान

**राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण-एनजीटी ने 2015 में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, पर दबाव की अनेक विधियां प्रयोग करने के बावजूद पराली जलाना लगातार जारी है।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, आर्थिक नीति विशेषज्ञ हैं)



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने पराली जलाने को रेखांकित करते हुए पंजाब में धान की खेती पर कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। उसका विचार है कि समस्या से सीधे निपटने के लिए किसानों को धान के बजाय अन्य फसलों की खेती पर गौर करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने समस्या के टिकाऊ समाधान के लिए किसान समूहों के साथ बैठक का आह्वान भी किया है। यह सही दिशा में एक कदम हो सकता है। केन्द्र और राज्य सरकारों को समस्या की गंभीरता स्वीकार करते हुए किसानों से सहयोग कर समस्या का समाधान निकालना चाहिए। यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि जब हम चंद्रमा पर चंद्रयान-3 भेज सकते हैं तो निश्चित रूप से पराली जलाने की समस्या का समाधान भी खोज सकते हैं।

पंजाब में किसानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 250 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं, पर यह समझदारी भरा समाधान नहीं है। राज्य में सालों से जारी जागरूकता अभियानों के साथ पराली प्रबंधन मशीनों पर 1,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी के बावजूद पराली जलाने में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं आया है। इसलिए समस्या के ज्यादा व्यावहारिक समाधान खोजने की जरूरत है। इसमें किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर भी गौर करना चाहिए। किसान निश्चित रूप से पराली नहीं जलाना चाहते हैं, पर इसके बजाय उनको फसल अवशेषों या पराली प्रबंधन से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सहायता दी जानी चाहिए। हर साल जाड़े में खेतों में लगाई आग, घरों में खाना बनाने, पटाखों, डीजल-संचालित एसयूवी, वाणिज्यिक वाहनों, उद्योगों, धूल व अन्य कारणों से आसमान स्मॉग से भर जाता है तथा हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जाती है। हालांकि, यह राष्ट्रीय समस्या है, पर पराली जलाने को आमतौर से पंजाब व हरियाणा के किसानों से जोड़ दिया जाता है तथा शहर-निवासी व नीति-निर्माता उनको अनुचित रूप से दोषी ठहराते हैं।

लेकिन यह दृष्टिकोण न केवल भ्रामक, बल्कि नीति-निर्माताओं की ओर से भयानक गलती है जो समस्या को व्यावहारिक रूप से संबोधित नहीं कर रहे हैं। यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि स्वयं किसान तथा उनके परिवार पराली जलाने से पैदा प्रदूषण के सबसे पहले व सर्वाधिक शिकार होते हैं। जिद तथा संकुचित मानसिक सोच इस समस्या का समाधान तलाशने में मुख्य बाधा है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए ज्यादा बेहतर व बुद्धिमानीपूर्ण समाधान तलाशने की जरूरत है। नीति निर्माताओं को समस्या से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान तलाश कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए। उनको सबके लिए एक सुरक्षित व स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहिए। धान की फसल काटने के बाद पराली जलाने पर प्रतिबंध है, पर अक्सर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा देश के अन्य भागों में अक्सर ऐसा होता है। समस्या के वर्तमान समाधान प्रभावी नहीं हैं। हालांकि, पराली के बचे हिस्से हटाने के लिए मशीन हेतु सब्सिडी व्यवस्था लागू की गई है, पर इसे केवल सीमित सफलता ही मिली है। अधिकांश छोटे व मझोले किसानों के लिए इसका प्रयोग लाभकारी नहीं है।

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण-एनजीटी ने पराली जलाने पर 2015 में प्रतिबंध लगा दिया था तथा पंजाब के अधिकारी इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसानों पर जुर्माना लगाते हैं। लेकिन दबाव के उपाय व आर्थिक जुर्माने किसानों को पराली जलाने से हतोत्साहित करने में प्रभावी नहीं रहे हैं।

पंजाब और हरियाणा में धान की फसल काटने तथा गेहूं की बुआई के बीच समय बहुत कम होता है, इसलिए धान के पौधों या पराली का मुद्दा गंभीर हो जाता है। धान की फसल आमतौर से अक्टूबर के पहले से अंतिम सप्ताह के बीच काटी जाती है और किसान नवंबर के पहले सप्ताह से गेहूं की फसल बोना शुरू कर देते हैं। कंबाइन हार्वेस्टर व थ्रेशर मशीनें आमतौर से खेत में धान के पौधे का काफी हिस्सा छोड़ देते हैं जो गेहूं बोने में बाधा डालते हैं। धान की फसल काटने तथा गेहूं की फसल बुआई के बीच केवल 10-15 दिन का समय होने के कारण किसानों को फौरन खेत खाली करने के लिए मजबूरी में पराली जलानी पड़ती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-आईसीएआर ने 'पूसा' नामक बायो-डिकंपोजर स्प्रे तैयार करने में सफलता का दावा किया है जो एक महीने में अधिकांश पराली को खाद में बदल देता है।

लेकिन धान की फसल कटाई तथा गेहूं की फसल बुआई के बीच 10-15 दिन का समय ही होने के कारण पंजाब में बायो-डिकंपोजर के प्रयोग को बढ़ावा नहीं मिला है। वर्तमान समय में पराली जलाने पर नियंत्रण की धीमी प्रगति को देखते हुए एक व्यावहारिक वाणिज्यिक माडल विकसित करने की जरूरत है जो प्रभावी रूप से वातावरण तथा लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन का कारण बन सके। सौभाग्य से पंजाब की कुछ निजी फर्मों ने किसानों से पराली खरीदने तथा बायोगैस प्लांटों में उससे गैस व अन्य उपोत्पाद तैयार करने की पहल की है। हमें पराली जलाने की स्थानीय समस्याओं के लिए वैश्विक समाधान तलाशने के प्रयास करने चाहिए। भारत कुछ अन्य देशों से सबक सीख सकता है जहां फसल अवशेष जलाने के ऐसे प्रतिबंध किसानों को हतोत्साहित करने में विफल रहे हैं। धान किसानों के बीच व्यापक विरोध के कारण केवल सरकारी पहलें प्रभावी नहीं हो सकती हैं। पराली जलाने की समस्या के तकनीकी व विधिक हस्तक्षेप वाले समाधान नाकाफी हैं।

ऐसे में उन किसानों का खर्च घटाने तथा उनके आय के स्रोत बढ़ाने पर विचार होना चाहिए जो पराली निस्तारण के वैकल्पिक उपाय चुनना पसंद करें। मिस्र में सरकार ने किसानों से फसल अवशेष खरीदने पर व्यापारियों को प्रोत्साहित किया है। वैकल्पिक निस्तारण विधियों में जानवरों के चारे के लिए इसके उपयोग, खेत में प्राकृतिक खाद के रूप में इसकी पुन: जुताई, जैव-ऊर्जा पैदा करना तथा इसका प्रयोग मशरूम खेती के आधार के रूप में करना शामिल है। किसानों को अक्सर सदियों पुरानी पराली जलाने की परंपरा रोकने में समस्या आती है। इसका कारण पराली प्रबंधन की वैकल्पिक विधियों के लिए अतिरिक्त खर्च है जिसे आमतौर से स्वयं किसानों को वहन करना पड़ता है। पराली प्रबंधन में औसतन 5,000-6,000 रुपये प्रति एकड़ खर्च होता है, लेकिन वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य सरकार का प्रोत्साहन लगभग 2,500 रुपये प्रति एकड़ है।

समस्या को अनदेखा करना भी समाधान नहीं है, इसलिए किसानों को प्रभावी पराली प्रबंधन के लिए उनके खेत पर मुफ्त 'रीपर बाइंडर' व 'पैडी स्ट्रा चापर' उपलब्ध कराए जाने चाहिए। 'बेलर्स' को किसानों के लिए मुफ्त काम करने की व्यवस्था कर राज्य सरकार किसानों से धान के साथ पराली भी खरीद सकती है। इससे धान की फसल कटाई के बाद गेहूं के लिए खेत तैयार करने में उनको सहायता मिलेगी। इसके बाद पराली को बायोमास-आधारित बिजली प्लांटों, पेपर मिलों तथा कार्डबोर्ड फैक्ट्रियों को बेचा जा सकता है।

दीर्घकालीन रूप से लंबे समय तक खेतों में रहने वाली धान की किस्मों के बजाय कम समय में तैयार होने वाली पूसा बासमती-1509 व पीआर-126 का प्रयोग हो सकता है। इससे पराली जलाने में कमी आएगी। इन किस्मों की कटाई सितंबर के तीसरे सप्ताह में ही हो सकती है, जिससे पराली को डिकंपोज करने के लिए, काफी समय मिल जाएगा और पराली जलाने की आवश्यकता नहीं होगी। किसानों को आवश्यक सहायता व उपकरण देने से वे पराली न जलाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। हम सभी जानते हैं कि फसल अवशेषों को खेतों में बनाए रखने के अनेक लाभ हैं, पर इससे लिए रोगों, खर-पतवारों व कीटों के प्रबंधन पर समुचित दृष्टिकोण अपनाना होगा। किसानों को इस बात के लिए भी जागरूक करना होगा कि वे पराली जला कर अपनी ही मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट कर रहे हैं।

# खान-पान की आदतों को बदलना जरूरी

**"जितना हो सके घर का बना खाना खाना चाहिए, बाहर का खाना हानिकारक हो सकता है।"**

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, एक एजुकेटर हैं)



क्या आपने कभी देखा है कि विशेष अवसरों पर टेबल अधिक फास्ट फूड से भरी होती है, चाहे वह सोडा, मीठा और संरक्षित फलों का रस, चिप्स, के क, कुकीज़ और भी बहुत कुछ हो? लेकिन क्या आपने महसूस किया है कि तथाकथित वास्तविक भोजन जो पहले से बना हुआ है जैसे इंस्टेंट आलू, इंस्टेंट पनीर बॉल्स, रसायन से भरी ड्रेसिंग या स्टफिंग, माइक्रोवेव करने योग्य खाद्य पदार्थ आदि शरीर को बर्बाद कर रहे हैं? आज वैश्विक आबादी का लगभग 45 प्रतिशत या तो मोटापे से ग्रस्त है या अधिक वजन वाला है। दुनिया की अधिकांश आबादी उच्च बीएमआई, फूला हुआ शरीर, निर्जलीकरण, कब्ज, कम सफल वजन घटाने और अत्यधिक वजन बढ़ने की समस्या से पीड़ित है। लेकिन सवाल यह उठता है कि हम किसे दोषी मानते हैं : खाद्य उद्योग कंपनियां या जेन जेड खाद्य प्रभावकार? खैर, ये तय करना मुश्किल है। तेजी से आगे बढ़ती दुनिया में रहते हुए, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाला फास्ट-फूड उद्योग, तैयार भोजन, फ्रोजेन खाद्य पदार्थ, सूखे पदार्थ, बेक किए हुए उत्पादों और यहां तक कि पेय पदार्थों में भी इतनी तेजी से उछाल आया है कि इसने पूरी तरह से एफएमसीजी बिक्री की मात्रा में वृद्धि की है।

इसके अलावा, तकनीकी प्रगति में तेजी से वृद्धि के साथ, लुभावने ऑफर और छूट के साथ चल रहे विभिन्न एप्लिकेशन के माध्यम से खाद्य पदार्थों का ऑर्डर देकर उत्पाद उपलब्ध कराना और निकटतम कियोस्क पर वेंडिंग मशीनों की आसान उपलब्धता, जिसमें बस मशीन में एक सिक्का डालना या बस क्यूआर स्कैन करना शामिल है। कोड किसी व्यक्ति को उनकी पसंद के अनुसार नाश्ता या पेय दिलवा सकता है, बिना यह जाने कि ऐसी मशीनों में अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद होते हैं जो न के वल शरीर के लिए अस्वास्थ्यकर और हानिकारक होते हैं बल्कि मोटापे के खतरे को बढ़ाने का कारण होते हैं क्योंकि ये खाद्य पदार्थ होते हैं। वसा में उच्च और फाइबर में कम, एक संयोजन जो पाचन प्रक्रिया को धीमा कर देता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां और आईटी कंपनियां आजकल इन औद्योगिक खाद्य पदार्थों का उपयोग अपनी सुविधा, सस्ती लागत और अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार प्रणाली के रूप में करती हैं। इसके अलावा, अस्वास्थ्यकर खाद्य विपणन रणनीतियां जैसे आकर्षक दृश्यों, सेलिब्रिटी समर्थन और लोकप्रिय कार्टून चरित्रों का उपयोग अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों और सकारात्मक भावनाओं के बीच शक्तिशाली संबंध बनाता है जिसके परिणामस्वरूप लक्षित युवा और बड़े पैमाने पर बच्चे उन उत्पादों के लिए प्राथमिकताएँ विकसित करते हैं जो उनके लिए हानिकारक हैं। स्वास्थ्य। इतना ही नहीं, बल्कि फास्ट फूड भी बच्चों के लिए एक लत बनने की ओर अग्रसर है, इसलिए यदि उन्हें उनका पसंदीदा बर्गर, पिज्जा, फ्राइज़ या पेय न दिया जाए, तो वे आक्रामक हो जाते हैं। और सोने पर सुहागा तब होता है जब युवा पीढ़ी शहर में लगभग हर नई चर्चा के लिए सोशल मीडिया से सलाह लेना शुरू कर देती है और कई सोशल मीडिया प्रभावशाली लोग और खाद्य ब्लॉगर इसे अपने स्वार्थ के लिए लाभ के रूप में लेते हैं।



माता-पिता ने फास्ट फूड को अत्यधिक खाने से रोकने के लिए अनूठे और अलग-अलग तरीकों की कोशिश की है, लेकिन व्यर्थ है। आधुनिक अध्ययनों ने साबित कर दिया है कि ये सभी एडिटिव्स और नशे की लत वाले खाद्य पदार्थ सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना यथास्थिति प्रतीत होते हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग इन तथाकथित आरामदायक खाद्य पदार्थों का सेवन बिना किसी पूर्व विचार के कर रहे हैं कि ये खाद्य पदार्थ उनके स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डाल सकते हैं। उन्हें दिल का दौरा पड़ने का खतरा अधिक होता है; मधुमेह; बीपी से संबंधित समस्याएं और यहां तक कि कैंसर भी। यह बहुत जरूरी है कि आज के बच्चों को कम उम्र से ही स्वस्थ और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाने का महत्व सिखाया जाए, जैसे कि डिब्बाबंद जूस के बजाय साबुत फल खाना; दाने और बीज; साबुत अनाज उत्पाद और कई अन्य, ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करने से उनके पौष्टिक विकल्प शामिल होंगे, और अंतत: उन्हें जीवन की उच्च गुणवत्ता का आनंद लेने में मदद मिलेगी।

इससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जितना संभव हो सके घर का बना खाना खाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि हमें से किसी को भी बाहर खाना खाते समय उपयोग की जाने वाली सामग्रियों और सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में पता नहीं होता है। व्यक्ति को भोजन के चयन में होशियार रहना चाहिए।

## आप की बात

### क्रिकेट महाकुंभ

**क्रिकेट** का महाकुंभ खत्म हो चुका है। भारत की हार के साथ ही देशवासियों की तमाम उम्मीदें टूट गईं और सपने चूर-चूर हो गए। लगातार 10 मैच जीतकर रोहित सेना फाइनल में पहुंची थी। ऑस्ट्रेलिया ने उसे हराते हुए ऐसा दर्द दिया जिससे भारतीय क्रिकेट फैंस को उबरने में शायद कई वर्ष लग जाएं। 20 नवंबर की सुबह जब हुई तो शायद ही कोई क्रिकेट फैन बीती रात के बारे में बात करना चाहता होगा। कुछ ऐसे ही हालात टीम इंडिया के साथ रहा होगा। भारतीय टीम जब विश्व कप 2023 के फाइनल को गंवाने के बाद ड्रेसिंग रूम पहुंची तो सन्नाटा था। और उसमें से कुछ चेहरे मिसिंग थे। लेकिन तथ्य यही है कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है भारत का फाइनल हारना निराशाजनक है। भारतीय टीम के फाइनल के बाद भी सबसे ज्यादा अंक है और वह 11 में से सिर्फ एक मैच में हारी जबकि ऑस्ट्रेलिया दो मैच हारी। हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद यह परिणाम दर्द दे गया। मगर अब कहना होगा, बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लेहि। अगले मैच और ओलंपिक की तैयारी में अभी से जुट जाना है। कमियां दूर करना जरूरी है, पर पराजय के बावजूद भारत ने अपनी विश्व स्तरीय श्रेष्ठता तो जाहिर कर ही दी है।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### डिजिटल विज्ञापन नीति

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय** ने हाल ही में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा डिजिटल मीडिया क्षेत्र में अभियानों के संचालन हेतु डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार और विज्ञापन में पारदर्शिता की बात मुख्य रूप से की गई है। यह नीति मीडिया परिदृश्य तथा मीडिया प्रयोग के बढ़ते डिजिटलीकरण के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में जानकारी के प्रसारण एवं जागरूकता उत्पन्न करने के मिशन में महत्वपूर्ण अभियान चलाने की शक्ति देती है। हम अक्सर टीवी में विभिन्न कार्यक्रमों के बीच विज्ञापन देखते हैं परंतु ये विज्ञापन कामर्शियल होते हैं। इनके वर्चस्व के कारण सरकारी विज्ञापन बहुत कम दिखते हैं जिससे जनता को सरकारी योजनाओं की समुचित जानकारी नहीं मिलती है और परिणामस्वरूप वह इनका लाभ नहीं उठा पाती है। ऐसे में डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 का महत्व और बढ़ जाता है। नीति को सही तरीके से लागू करने पर निश्चित रूप से आम जनता को इसका बहुत लाभ होगा तथा सरकार को अपना पक्ष आकर्षक रूप से रखने का अवसर मिलेगा।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमत्ता

### लोकप्रिय शिवराज

**गुलाब** से बच्चों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इतनी ख्याति पायी कि आज भी वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के नाम से उनके मन में गुलाब से खिले हुए हैं। मध्यप्रदेश में मामा के रूप में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकप्रिय हो रहे हैं। वे प्रदेश की भांजियों पर तो जी-जान से मेहरबान हैं ही अब बहनों पर भी दिल से मेहरबानी लुटा रहे हैं। अनेकानेक भांजियों की शादियां उन्होंने करवा दीं अब बहनों को भी हर महीने आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं। प्रदेश की भांजियों के मामा और बहनों के भाई के रूप में वे दिन पर दिन प्रसिद्धि के साथ ही उनके दुलारे भी बन गए हैं। लगभग डेढ़ साल का समय छोड़ कर वे चार कार्यकाल प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रदेश की जनता उनकी लोकप्रियता के पक्ष या विपक्ष में अपनी राय ईवीएम में दर्ज करा चुकी है। अब शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता की परीक्षा 3 दिसंबर को होगी। यदि वे पुन: भाजपा को सत्ता में लाने में सफल होते हैं तो निश्चित रूप से उनका कद न केवल देश-प्रदेश की राजनीति, बल्कि भाजपा के भीतर भी बहुत बड़ा हो जाएगा।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### म्यांमार में संघर्ष

**म्यांमार** में सैन्य प्रशासन और विद्रोहियों की हिंसक लड़ाई के बीच बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत में प्रवेश कर रहे हैं। भारत के सीमावर्ती राज्यों के कुछ समुदायों में उनके प्रति अनुभूति भी है। वर्तमान स्थिति में भारत शरणार्थियों का बोझ नहीं सहना चाहता है। शरणार्थी के रूप में भारत में प्रवेश करने वाले धीरे-धीरे यहीं बस जाते हैं, फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं और अपने अधिकारों की मांग करने लगते हैं। इसका कड़वा अनुभव भारत को पहले से ही है। इसे देखते हुए शरणार्थियों के देश में घुसने पर सख्त पाबंदी के साथ-साथ म्यांमार से लगी हुई सीमा को फ्लिहाल बंद कर दिया जाना चाहिए। विद्रोहियों के कारण म्यांमार के सैनिकों का भाग कर आना और अधिक चिन्ताजनक है। इससे भारत भी चाहे-अनचाहे म्यांमार के संघर्ष से प्रभावित हो सकता है। भारत को म्यांमार की सरकार के साथ ही विभिन्न विद्रोही समूहों से संपर्क व संवाद विकसित करने के प्रयास करने चाहिए ताकि सत्ता परिवर्तन या उथलपुथल बढ़ने पर वह अपनी सुरक्षा के साथ म्यांमारी सत्ता को प्रभावित कर सके।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

### छह दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन आज से

# मेधावी खिलाड़ी किए जा रहे हैं तैयार: रीता

**● आर्य कन्या डिग्री कालेज से आज निकाली जाएगी रैली**



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में 21 से 26 नवम्बर को सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। खेल स्पर्धा में 16 से 25 वर्ष के आयु के युवा भाग लेंगे। ब्लाक स्तरीय खेलों का उद्घाटन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा किया जायेगा। समापन समारोह में देश के नामी गिरामी खिलाड़ी शामिल होंगे। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रोफेसर डा रीता बहुगुणा जोशी ने सोमवार को मीडिया को बताया कि 21 नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे सैकड़ों युवाओं द्वारा रैली निकाली जाएगी। जो आर्य कन्या डिग्री कालेज से निकल कर डा के एन काटजू कालेज कीडगंज तक जायेगी। उन्होंने बताया कि खेल स्पर्धा के लिए अब तक 147 युवाओं ने ऑनलाइन ऑफ्लाइन पंजीकरण कराया है। खेल ब्लाक स्तर से लोकसभा स्तर तक खेले जायेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में टीमों द्वारा पंजीकरण कराया जा रहा है। पहले दिन 21 नवंबर मंगलवार को यह खेल डा के एन काटजू इण्टर कालेज कीडगंज यूनाइटेड इंजिनियरिंग कालेज नैनी के मैदान में और ब्याज इण्टर कालेज चाका नैनी में खेले जायेंगे। वहीं 22 नवम्बर को ब्लाक करछना कौंधियारा जसरा और शंकरगढ़ तथा 23 नवम्बर को उरूवा मेजा मांडा और कोरांव ब्लाकों में खेलों का आयोजन होगा। 25 नवम्बर को लोकसभा स्तरीय खो खो महिला और वालीबॉल पुरूष का फाइनल के पी इण्टर कालेज के मैदान में होगा। 26 नवम्बर को पुरूष महिला की कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच डा के एन काटजू इण्टर कालेज कीडगंज में होगा। सांसद प्रोफेसर डा रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि लड़कों के लिए वॉलीवाल और कबड्डी तथा लड़कियों के लिए कबड्डी और खो खो खेलों का आयोजन होगा। चारों श्रेणी के विजेता खिलाड़ियों को ब्लाक स्तर पर पुरस्कृत भी किया जायेगा। वहीं फइनल में चारों श्रेणी की विजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ साथ नगद पुरस्कार भी दिए जायेंगे। विजेता टीमों को 51 हजार तथा उप विजेता टीमों को 31 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी ने कहा युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण पैदा करने तथा आने वाले समय में देश के लिए मेधावी खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र और प्रदेश सरकार निरन्तर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा खिलाड़ियों के भविष्य को भी सुरक्षित करने हेतु अनेकों नीतिगत फैसले ले चुकी है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री के खेलो इण्डिया को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में विजई हुए एकल अथवा टीम विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें करोड़ों रूपये के पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

## न्यायमूर्ति मनोज कुमार हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे

### मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर आज हो रहे हैं रिटायर



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। सोमवार को उनकी नियुक्ति संबंधी यह आदेश भारत सरकार के विशेष सचिव राजिंदर कश्यप की ओर से जारी किया गया। अब तक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के मंगलवार को सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर यहां उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 03 अक्टूबर 2018 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए थे। जहां 13 फरवरी 2023 को न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को राष्ट्रपति की ओर से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। इसके बाद 26 मार्च 2023 को न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह 21 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि की पढ़ाई की और वर्ष 1984 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। वहीं वर्ष 2005 में बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता 12 अप्रैल 2013 को अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए। वहीं 10 अप्रैल 2015 को उन्होंने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। वह उच्च न्यायालय में प्रशासनिक कमेटी के सदस्य भी हैं। दो दिन बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने वर्ष 1987 में लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की उपाधि प्राप्त की। वह 06 दिसंबर 1987 को अधिवक्ता के रूप में नामित हुए। गौरतलब है 160 न्यायमूर्तियों की कुल स्वीकृत संख्या वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट में खंडपीठ को मिलाकर वर्तमान में कुल 92 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं।

## भगवान भाष्कर को अर्घ्य के संग अर्चना



संतकबीरनगर। श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति के प्रतीक सूर्यषष्ठी व्रत के अंतिम पड़ाव पर व्रती महिलाओं ने उदित होते भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण करते हुए भगवान आदित्य की पूजा की और अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। इस अवसर पर जिले की नदियों, सरोवरों, जलाशयों, तालों, पोखरों पर आस्था का विराट मेला लगा और भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण करके छठ माता से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा एवं कई स्वंयसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया। जिला मुख्यालय खलीलाबाद में कोतवाली कालोनी स्थित पक्का पोखरा, सुगर मिल कालोनी, गोला बाजार स्थित हनुमान गढ़ी के गोला पोखरा सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित जलाशयों पर छठ व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पौ-फटने के पूर्व ही पहुच चुकी थी। कई व्रती तो रात के अंतिम पहर में ही घाटों पर पहुंचकर जलाशयों के पानी में खड़े होने के लिए अपनी जगह सुरक्षित करके कठिन तप कर रही थीं और भगवान सूर्य के उदित होने की प्रतीक्षा में पूजा के सूप में पूजा सामग्री, दीप व अगरबत्ती जलाकर खड़ी थी। उनके साथ उनके घरों के परिजनों व अन्य श्रद्धालुओं का भारी रेला भी था जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। छठ माता के व्रत के प्रतीक स्वरूप पीले रंग के सिंदूर से मांग से लेकर नाम तक नहाई हुई व्रतियों की शोभा अवर्णनीय रही। ज्यों ही भगवान सूर्य की लाली आकाश में दिखाई पड़ी की व्रतियों ने अर्घ्य देने की शुरू की और देर तक व्रतियों के पति, पुत्र व अन्य परिजन दूध से अर्घ्य दिलाते रहे। इस अवसर पर कुछ स्वंयसेवी संगठनों ने चाय-काफी वितरण करने के लिए स्टाल लगा रखे थे और इस बहाने भी पुण्य लाभ कर रहे थे। छठ माता प्रतिमा स्थापित कराने वाले ग्रुप की ओर से भी प्रसाद वितरित किया गया। वहीं भाजपा सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने शहर के मोती चौराहा, हनुमानगएत्री एवं श्री समय माता मंदिर के सामने पक्का पोखरा पर छठी मैया के पांडाल में पूजा-अर्चना किया और व्यवसथाओं को देखा। पूजा स्थल गेट पर नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल एवं समाजसेविका हरजीत कौर ने प्रसाद वितरण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं व्यवस्थापकों से कहा कि माताओं एवं परिजनों को किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाय। इस दौरान विधायक ने भाजपा नगर अध्यक्ष सतविन्दर पाल सिंह जज्जी, दिनेश सिंह सहित अन्य नेताओं के साथ लोगो ने प्रसाद वितरण किया। पुलिस प्रशासन आधी रात से ही मुस्तैद रही। एसडीएम सदर शैलेश दूबे, नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, सीओ सिटी श्रीमती दिपांशी राठौर पुलिस बल के साथ पोखरा पर डटी रही। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी।

## स्पेशल एजुकेटर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू



संतकबीरनगर। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र खलीलाबाद पर सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत स्पेशल एजुकेटरों का पांच दिवस प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने बताया कि प्रशिक्षण में हम समस्त प्रकार के विकलांगताओं से परिचय, समर्थ ऐप, विभिन्न अधिनियमों से परिचित होंगे साथ ही साथ जो हमारे नवीन शासनादेश एवं जानकारियां हैं उनको अपडेट करेंगे। तत्पश्चात विकास क्षेत्र स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक अथवा प्रधानाध्यापक जो समेकित शिक्षा अंतर्गत समर्थ एप उपयोग किए जाने हेतु नोडल टीचर नामित किए गए हैं उनके तीन दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर कराया जाएगा, जिसमें इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्पेशल एजुकेटर मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे।

## महापौर आवास पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

प्रयागराज। लोक कल्याण की कामना को लेकर महापौर गणेश केसरवानी के कीडगंज स्थित आवास पर सोमवार को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया अखंड रामायण पाठ के बाद 22 नवंबर को ज्ञान पुस्तकालय की प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सविता केसरवानी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल मनीष केसरवानी शैलेंद्र गुप्ता रोहित पप्पू पांडे पार्षद मुकेश लारा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगा दे दी जान

मिल्कीपुर अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के चौकी क्षेत्र खंडासा अंतर्गत कोटिया गांव में 38 वर्षीय युवक ने छप्पर की बड़ेर से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ए घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव फंदे से नीचे उतरवा कर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोटिया गांव अंतर्गत पूरे मातादीन खुथहा निवासी 38 वर्षीय महेंद्र कुमार पांडे पुत्र रामजी पांडे का शव बीते रविवार की देर रात उसके घर के सामने थोड़ी दूर स्थित एक छप्पर की बड़ेर में रस्सी के सहारे लटका पाया गया। घटना की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पीड़ित मां ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शैलेश द्विवेदी एवं उप निरीक्षक सुधीर त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक महेंद्र शराब के नशे का आदती था। कुछ दिन पूर्व अपनी पत्नी से विवाद किया थाए और मारा पीटा था। जिससे नाराज होकर उसकी पत्नी पूनम अपने दोनों बेटों नैतिक उम्र करीब 10 वर्ष तथा समर्थ उम्र करीब 7 वर्ष के साथ अपने मायके चली गई थी। युवक का छोटा भाई अपने भाई की हरकतों से आजिज आकर अपने परिवार के साथ शहर चला गया थाए यही नहीं युवक अपनी मां को भी मारता पीटता था।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलें युवा: असलम अब्बास

**अंबेडकरनगर।** बिकास खण्ड बसखारी के अंतर्गत ग्राम सभा मसड़ा मोहनपुर में श्री रामलीला समिति का शुक्रवार की रात्रि में रामलीला का उद्घाटन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद श्री अब्बास ने श्री रामलीला समिति का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असलम अब्बास ने कहां की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज को एक नई दिशा देने का कम करें इस दौरान समिति के अध्यक्ष जनार्दन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन शुभम कसौधन ने किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने उद्घाटन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा



पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम समाज के आदर्शो प्रेरणा स्त्रोत है पितृ प्रेम एवं कुटुंब जनों के स्नेह के साथ सभी के साथ प्रेम करने के आदर्श से हमें सीख लेनी चाहिए। रामलीलाओं का मंचन तभी सार्थक साबित होगा। रामलीला के पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने नारद मोह और रावण अत्याचार का कुशल मंचन किया। रामलीला को देखने के लिए आसपास के गांवो से सैंकड़ों लोग आये हुये थे। इस दौरान शिवनाथ जायसवालए पवन जायसवालए अछय कुमारए पवन मौर्य मंशाराम चौहानए पंकज शर्मा मौजूद थे।

## भाजपा ने अवधेश चंद्र गुप्ता को बनाया कौशांबी जिले का प्रभारी

### प्रयागराज महानगर के भाजपा नेता महेश चंद्र श्रीवास्तव होंगे प्रभारी



प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने प्रयागराज महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता को कौशांबी जिले का प्रभारी और पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव को प्रयागराज महानगर का प्रभारी बनाया है। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी को यमुनापार एवं उत्तम मौर्य को गंगापार जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। नवनियुक्त सभी जिला प्रभारियों को भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी ने बधाई देते हुए कहा कि नवनियुक्त सभी जिला प्रभारियों के मार्गदर्शन से संगठन और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी कमलेश कुमार पार्षद किरन जायसवाल डॉ सुशील सिन्हा कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी रमेश पासी विवेक अग्रवाल राजू पाठक प्रमोद मोदी गिरजेश मिश्रा राघवेंद्र सिंह सचिन जायसवाल सुभाष वैश्य राजन शुक्ला शोभिता श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव नरेश कुंद्रा नवीन शुक्ला विवेक गौड़ राजेश सिंह रोहित जायसवाल संजीव जायसवाल एजाजुद्दीन सुशील जैन विपुल मित्तल अनुपम मालवीय अजय अग्रहरि शत्रुघ्न जायसवाल हरीश मिश्रा आदि रहे।

## शिक्षक प्रेरणा का स्त्रोत और सामूहिक ताकत

**प्रयागराज।** हर साल इक्कीस नवंबर को वर्ल्ड टेलीविजन डे यानी विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। यह दिन टेलीविजन के उस रोल के नाम है जो वो अन्य चीजों के अलावा हमें शिक्षित करने हमारा मनोरंजन करने हमें मार्गदर्शन देने और ज्ञान साझा करने में निभाता है। इस दिन को मनाने के लिए प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे और कुंडली भाग्य के शक्ति आनंद जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव बताए कि टेलीविजन ने उनकी जिंदगी पर क्या असर किया है और कैसे इसका हिस्सा बनना उनके लिए एक कमाल का सफर रहा है। ज़ी टीवी के प्यार का पहला नाम राधा मोहन में राधा का रोल निभा रहीं निहारिका रॉय ने कहा टेलीविजन हमारे लिविंग रूम में सिर्फ एक बॉक्स नहीं है। यह दुनिया का एक झरोखा है। यह एक कहानीकार एक शिक्षक प्रेरणा का स्त्रोत और एक सामूहिक ताकत है जो सरहदों और संस्कृतियों से परे है। यह लोगों में एक आम राय बना सकता है भावनाएं जगाता है और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता ला सकता है। एक एक्टर के रूप में मैं लगातार विकसित हो रहे इस कला रूप का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। टेलीविजन ने हमें अपनी कला दिखाने विविध कहानियां बताने और जिंदगी के सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़ने का मंच दिया है। भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का रोल निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा टेलीविजन सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है यह संचार का प्रतीक है जिसमें लोगों को एक साथ लाने की ताकत है। कुंडली भाग्य में करण का रोल निभा रहे शक्ति आनंद ने कहा टेलीविजन उस समय से बहुत बदल गया है। जब मेरा परिवार शुक्रवार को मूवी नाइट के लिए इकट्ठा होता था।

## मेला का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व: अंकुर




प्रयागराज। चित्रकूट मेला का सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। हिंदू महाकाव्य रामायण में प्रतिष्ठित चित्रकूट मेले के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह मेला मनाया जाता है। देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने चित्रकूट मेला में ब्रांड डाबर आंवला की शानदार सफलता की घोषणा की है। मेले ने डाबर आंवला को ऐसा मंच उपलब्ध कराया जहां उपस्थित लोगों के लिए विशेष ब्रांडिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंकुर कुमार मार्केटिंग हैड हेयर केयर डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हम आधुनिक ब्रांडिंग गतिविधियां लेकर आए और हमें इनके लिए उम्मीद से कहीं अच्छा रिस्पॉन्स मिला। त्योहारों के उत्साह के बीच डाबर आंवला ने पवित्र नदियों में ब्रांडेड नावों का इंतज़ाम किया। मेले के पारम्परिक दृष्टिकोण ने आगंतुकों को यादगार अनुभव प्रदान किया। आगंतुकों के लिए युनिलिटी और स्टाइल को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे ब्रांडेड चेंजिंग रूम भी उपलब्ध कराए। सुविधाजनक सेवाओं के चलते आगंतुकों ने जश्न का भरपूर आनंद उठाया। इस मौके पर डाबर ने फोकस करते हुए कैलेंडर भी बांटे। जो साल भर दर्शकों को याद दिलाते रहेंगे कि किस तरह डाबर आंवला उनके समग्र कल्याण के लिए तत्पर है। जश्न को सिनेमाई टच देते हुए रामायण की स्क्रीनिंग के दौरान हर पंद्रह मिनट के ब्रेक में दीपिका के विज्ञापन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान यह विज्ञापन दर्शकों को लुभाता रहा। चित्रकूट मेला में डाबर आंवला की सफलता उपभोक्ताओं के साथ गहरे रिश्ते बनाने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## फुलवारी पब्लिक स्कूल में लगा बाल मेला



गोंडा। फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 20 नवम्बर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह, अध्यक्षिका श्रीमती मालती सिंह, डाक अधीक्षिका श्रीमती किरण सिंह, विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह व सचिव क्रांति कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य व मनोरंजन के स्टॉल लगाए गए। जिसका स्कूल के नन्हें-मुन्नें बच्चों ने खूब आनन्द उठाया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री शैव्या मिश्रा, उप प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, समन्वयक श्रीमती सौम्या द्विवेदी, श्रीमती ज्योति चौरसिया, हर्षित सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, राहुल पांडे, आलोक द्विवेदी, अंजली ओझा, संगीता शुक्ला, नागेंद्र सिंह, दिनेश सोनी, निशी मिश्रा, अजीम सिद्दकी, सोनू शुक्ला, श्रीजना राय, शालिनी सिंह, बिमला राय, कुसुम छेत्री, आशा पाठक, मलिका टंडन, दिव्या सिंह, सुषमा, अपर्णा, चांदनी द्विवेदी, शुभम श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, राजन सिंह ने सहयोग दिया।

## जिलाधिकारी ने बीडीओ खलीलाबाद का वेतन रोका

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर अपलोड शिकायती प्रार्थना पत्र का ससमय निस्तारण किये जाने तथा कोई भी प्रकरण डिफाल्टर न होने का स्पष्ट निर्देश दिये जाने के बावजूद खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ का 02 संदर्भों का निस्तारण न किये जाने के कारण डिफाल्टर पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र का ससमय निस्तारण न किये जाने को गम्भीरता से लेते हुए राजकीय कार्यों के प्रति उदासीनता रवैया अपनाने के कारण अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

## पांच अभियुक्त जिला बदर

संतकबीरनगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने जनपद के 5 अभियुक्तों को जिला बदर किया है। एडीएम न्यायालय ने इसकी सूचना सम्बन्धित थानों को भी भेजा है। एडीएम न्यायालय ने धर्मसिंहवा थाना बरघाट निवासी पिन्टू मिश्रा उर्फउमेश मिश्रा उर्फ राकेश मिश्रा पुत्र अम्रीश नारायण मिश्र, मेंहदावल थाना के ग्राम फरदहा निवासी रियाज अहमद पुत्र मोहम्मद अकरम हुसेन, शहजाद अहमद उर्फ रमजान पुत्र मोहम्मद अकरम, बखिरा थाना क्षेत्र के झीनकान पुत्र इशहाक व राजू पुत्र रसीद ग्राम दुर्गजोत को जिला बदर किया है।

# चौदह कोसी परिक्रमा के लिए रामनगरी तैयार



**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा परिक्रमाध्कार्तिक पूर्णिमा मेला में लगे समस्त सुपर जोनल जोनलध्सेक्टर ध्स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण की अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के सभागार में संयुक्त ब्रीफिंग की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परिक्रमा मेला में लगे समस्त सुपर जोनलध्जोनलध्सेक्टरध्स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण को उनके दायित्वों के सम्बंध में ब्रीफ करते हुये कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अपने ड्युटी स्थल पर समय से पूर्व पहुंचे तथा उन्हें अपने तैनाती क्षेत्र के समीपस्त समस्त जानकारियां यथा.एम्बुलेंस व्यवस्थाए स्वास्थ्य शिविरए खोया पाया केन्द्रए पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी कर ले। अपने तैनाती क्षेत्र की संवेदनशील स्थानों यथा.सकरा स्थानए पुलियाए निर्माणाधीन कार्य स्थल इत्यादि जहां पर भी बेरीकेटिंग की गयी है आदि को देख ले और यदि कहीं पर भी और वैलिडेटिंग करने की आवश्यकता है तो उसे संबंधित ठेकेदार से समन्वय कर करवा लें। सभी मजिस्ट्रेटध् पुलिस अधिकारी अपनी तैनाती क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से भी सम्पर्क कर उनसे सौहार्द बनायेंए जिससे कि किसी भी परिस्थिति में उनकी मदद ली जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेटध्पुलिस अधिकारी अपनी तैनाती सेक्टर के सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के प्रभारी होंगे। सभी अधिकारीगण अपने तैनाती क्षेत्र का आज पुन: जायजा ले लें और यदि कहीं पर किसी भी प्रकार की कमी हो तो उसे दूर कर लें। यह सुनिश्चित कर लें कि किस स्थान पर किस प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि जिन.जिन स्थान पर भीड़ अधिक एकत्रित होने की संभावना हो वहां पर उसे मैनेज करने हेतु तैयारी पूर्व से ही कर ली जाए। उन्होंने कहा कि विगत परिक्रमा के दौरान जो भी समस्याएं आई थी उनसे सीख लेते हुए इस परिक्रमा में किसी भी प्रकार की समस्या ना आने पाए उसकी तैयारी पूर्ण रखें। उन्होंने एसपी सिटी को निर्देशित किया कि क्राउड मैनेजमेंट हेतु नियमित पी ए सिस्टम से एलाउंस किया जाए परिक्रमा के दौरान उपलब्ध कराई जारी सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाती रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं जल वेरीकेटिंग स्थाई कर दी गई है। जल सुरक्षा हेतु प्राइवेट गोताखोरों की व्यवस्था के साथ.साथ जल पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान भी तैनात किए गए हैं।

## उद्योग स्थापना में आ रही कठिनाइयों को दूर करायें

अयोध्या।.मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। मण्डलायुक्त ने गत बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की एक.एक बिन्दु के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वस्टर्स समिति के सम्बंध में समस्त उपायुक्त उद्योग अपने जनपद में एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित निवेशकों से समन्वय बनाते हुये उनके उद्योग स्थापनार्थ आ रही कठिनाईयों को दूर करायें तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु उन्हें तैयार करें। उन्होंने कहा कि जनपद अयोध्या सहित मण्डल के सभी जनपदों में होटल निर्माण हेतु इच्छुक व्यवसायियों से सम्पर्क स्थापित करते हुये उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करें। संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डल में एम0एस0एम0ई0 के तहत ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु 173 इकाईया तैयार हैए जिनमें 1634 करोड़ निवेश की धनराशि होगी तथा इसके तहत लगभग 9737 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने उपस्थित सभी उद्यमियों से एक.एक कर उनकी समस्याओं का जाना तथा सम्बंधित अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमए मुख्यमंत्री युवा.स्वरोजगार योजनाए एक जनपद एक उत्पाद योजनाए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती सविता भारती रंजन द्वारा किया गया।

## फसल काटने को लेकर दो पक्ष भिड़े, 2 की मौत

श्रावस्ती। मल्हीपुर . थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम बाबूपुरवा में मंगलवार की सुबह 9 बजे फ़सल काटने के विवाद को लेकर दो सगे रिश्तेदार विद्याराम पुत्र सांवली प्रसाद यादव निवासी बाबूपुरवा तथा पंकज पुत्र फेरन व इनके परिवारीजन निवासी नकहा के आपस ने भिड़ गए पूर्व में कभी भी इनके बीच कोई विवाद नही हुआ थाए मृतक द्वारा अभियुक्त के पिता से मौखिक तौर पर ली गयी जमीन पर खेती बाड़ी का काम किया जा रहा था जहाँ पर दोनों पक्षों के बीच फसल कटाई को लेकर वाद.विवाद एवं मारपीट की घटना घटित हुई। जिसके फलस्वरूप खेत में कृषि कार्य हेतु ले जाये गये ट्रैक्टर से दबकर विद्याराम पुत्र सावली प्रसाद की मृत्यु हो गयी। तथा मारपीट में घायल दूसरे पक्ष के ननके पुत्र कन्हई लाल की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर थाना मल्हीपु पुलिस तथा क्षेत्राधिकारी जमुनहा पर्याप्त पुलिस बल के साथ पहुँच गये तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर मौका मुआयना किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर को विधिक कार्यवाही करनें हेतु निर्देर्शित किया गया । फलस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मृतक विद्याराम यादव के पुत्र अखिलेख यादव की तहरीर पर मु0अ0सं0 404ध्2023 धारा 302ए307ए 147ए 149 भादवि बनाम राम फेरनए अवधराम और कन्धईलाल पुत्रगण सकटूए पंकज और तुल्ली पुत्रगण फेरनए ननकेए हेमाऊ और लल्लू पुत्रगण कन्धईलाल निवासीगण नकहा पोस्ट किशुनपुर चन्वनभारी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया एवं कन्हई पुत्र सकटू निवासी नकहा धर्मनगर की तहरीर पर मु0अ0सं0 405ध्2023 धारा 302ए307ए 147ए 149 भादवि बनाम सांवली प्रसाद पुत्र प्यारेए विद्याराम पुत्र सावंलेए केवल पुत्र प्यारेए मुन्नालाल पुत्र प्यारेए अखिलेश पुत्र विद्यारामए दद्दन पुत्र विद्यारामए राजन पुत्र विद्याराम निवासी गण बाबूपुरवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा घटना घटित होने के मात्र 06 घंटे के अन्दर ही एक पक्ष से कन्हई पुत्र सकटूए हेमराज उर्फहेमाऊ पुत्र कन्हई तथा दूसरे पक्ष से अखिलेश पुत्र विद्याराम यादवए दद्दन पुत्र विद्याराम केवल पुत्र प्यारेए मुन्नालाल पुत्र केवलए की गिरफ्तारी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया भूमि पूजन, रखी आधारशिला

**● 700 लोगों के बैठने की होगी क्षमता, 145.59 लाख की लागत से बनेगा ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हालः डीएम**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शहर** में लंबे समय से चली आ रही ऑडिटोरियम निर्माण की मांग पूरी होने जा रही है। सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर में ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हाल के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पूजन अर्चन कर पूरे विधि विधान से ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हाल का शिलान्यास किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालय पर इंडोर कार्यक्रम के लिए ऑडिटोरियम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। आज उसकी आधारशिला रखी है। इस ऑडिटोरियम का निर्माण जिला में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यक्रमों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस आडोटोरियम की डिजाइन बहुत आधुनिक साज सज्जा सुविधायुक्त बनाया जायेगा।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हाल के निर्माण जिला मुख्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मुहिया हो सकेगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने ऑडिटोरियम/ मल्टीपरपज हाल की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए इसके निर्माण के लिए डीएम के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किए जाने वाले प्रयास बताए। कलेक्ट्रेट व विकास भवन में सभागार बना है। ऐसे में यदि कोई बड़ा कार्यक्रम कराना हो तो इसके लिए निजी हॉल ही बुक करना पड़ता है। अब इस ऑडिटोरियम के बनने पर जिला प्रशासन को भी इसकी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए अंबरीश सिंह, जीतेंद्र त्रिपाठी जीतू, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई– 14 लखनऊ के परियोजना प्रबन्धक अरविन्द कुमार दुबे, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि राजकीय आईटीआई राजापुर में लागत 145.59 लाख से 675.58 वर्गमीटर में बनने वाले ऑडिटोरियम/ बहुउद्देशीय हाल में किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान 700 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता होगी। इस हॉल के निर्माण के बाद कार्यक्रमों के आयोजन के लिए टैंट आदि लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि. निर्माण इकाई.14, लखनऊ द्वारा किया जाएगा।

# डीएम ने क्रय एजेंसियों पर कसा शिकंजा

**● किसानों से संवाद स्थापित कर धान बेचने के लिए करें आग्रह, बढ़ाए खरीदः जिलाधिकारी**



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं धान खरीद से जुड़ी क्रय एजेंसियों की बैठक लीए कृषकों को क्रय केंद्रों पर धान विक्रय के लिए प्रोत्साहित करते हुए धान खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने तहसीलवार खरीद सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की, तहसीलवार पेंडेंसी का कारण जानाए यथाशीघ्र सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए। एडीएम स्वयं सत्यापन का प्रतिदिन रिव्यू करें। कहीं भी सत्यापन पेंडिंग ना रहे इसे सुनिश्चित कराया जाए। अन्यथा संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

डीएम ने एडीएम संजय कुमार सिंह को निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी केंद्रों का सत्यापन करें और ये भी देखे की केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों से वार्ता की गई है अथवा नही। सभी लेखपाल सचिव भी किसानों से आग्रह करे। सत्यापन हेतु यदि लम्बित पाया गया तो कठोर कार्यवाही होगी।

डीएम ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर शासन की मंशानुरूप धान क्रय सुनिश्चित कराएं। किसी भी क्रय केन्द्र पर घटतौलीए बोरो व पैसों की अनुपलब्धता अथवा व्यवस्थाओं की कमी के कारण धान खरीद प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी भी क्रय केन्द्र पर किसानों के शोषण की शिकायत को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध अनिवार्य रूप से दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी उप जिलाधिकारी, जिले से नामित नोडल अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष पटेल, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता पीके शुक्ला सहित सभी क्रय एजेंसियों के जनपदीय प्रभारी शामिल हुए।

# महापौर के साथ मंत्री ने किया घाटों का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** छठ पूजा पर्व के अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा के साथ लोधीपुर स्थित खन्नौत नदी एवं हनुमतधाम स्थित घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय घाट पर नगर निगम टीम द्वारा की गई तैयारियों को देखा गया। घाट पर श्रद्धालुओं की आस्था का विशेष ध्यान रखते हुए नगर निगम टीम द्वारा की गई व्यवस्था हेतु महापौर, नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा सहित निगम के टीम की प्रंशसा की गई। साथ ही मंत्री द्वारा स्थल पर उपस्थित समस्त श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथाअपील की गई कि अपने नगर को साफ सुथरा रखने हेतु स्वच्छता में सहयोग करे।

महापौर अर्चना वर्मा जी द्वारा समस्त को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी गयी और अपने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के अपील की गई। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने बताया नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में स्वच्छ त्यौहार मनाये जाने के क्रम में खन्नौत नदी घाट व हनुमतधाम स्थल पर विशेष व्यवस्था कराई गई है, जिसमें से विशेष सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के साथ. साथ ऊबड़.खाबड़ जगह को लेवल कराया गयाए कार्यक्रम को पूर्ण रूप से प्लॉस्टिक मुक्त रखनेए जन.मानस द्वारा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु सेल्फी पॉइंट बनाया गया, कार्यक्रम स्थल की सजावट प्लॉस्टिक फ्री सामग्री के साथ कराई गयी है, इसके अतिरिक्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, मोबाइल टॉयलेट क साथ.साथ कूड़े के सही निस्तारण हेतु नील रंग व हरे रंग की डस्टबिन की व्यवस्था भी कराई गई है।

# संकल्प यात्रा के दृष्टिगत डीएम ने अफसरों के साथ की बैठक

**● विकसित भारत संकल्प यात्राः ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर और नगरीय क्षेत्र में वार्डो के कलस्टर स्तर पर होगा आयोजन**



**लखीमपुर खीरी।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से जनजातीय क्षेत्रों में शुरू अभियान शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में अब जिलेभर में चलेगा। 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिया कि संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर स्वागत और उत्सव समितियों का गठन कर ले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सीडीओ अनिल कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीडीओ दिनकर विद्यार्थीए डीपीआरओ सौम्यशील सिंह एवं एडीएम संजय कुमार सिंह क्रमशः ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों हेतु सहायक नोडल नामित किये गए हैं। शासन स्तर से कार्यक्रमों की दिन.प्रतिदिन की समीक्षा के लिए अधिकारी नामित किये गये है। जिले के सभी अधिकारीए कर्मचारी भारत सरकार एवं उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार करें। संकल्प यात्रा प्रचार.प्रसार के लिए जनपद में भारत सरकार की ओर से 10 प्रचार वाहन भेजे जायेगें। प्रचार वाहनों का आवंटन कर दिया गया है। इन आईईसी प्रचार वाहन की सुरक्षा संबंधित थाने की जिम्मेदारी होगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रचार वाहनों द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिड कार्ड योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नति प्राद्योगिकी के साथ मान चित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वक, स्कील सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय में नामांकन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकारी स्वामित्व इत्यादि योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जायेगा। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एएसपी नेपाल सिंह, सभी एसडीएम, बीडीओ, जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने एसडीएम और सहायक अभियंता, पर्यटन सूचना अधिकारी का वेतन रोकने के दिए निर्देश



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। डीएम ने कहा कि परियोजनाओं के पूर्ण होने के उपरान्त कार्यों की गुणवत्ता जांच कराते हुये हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सभी 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं से संबंधित अधिकारियों को नवम्बर माह में शत प्रतिश कार्य पूर्ण कर हस्तगत कराने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। डीएम ने एक.एक कर सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। सहबाजनगर एवं ग्राम घुसगवां मे गौ संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य एक सप्ताह में शुरू करने हेतु कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफको निर्देश दिये। विधानसभा क्षेत्र कटरा विकास खण्ड मदनापुर स्थित अति प्राचीन शिव मन्दिर के पर्यटन विकास परियोजना हेतु गठित जांच समिति द्वारा जांच आख्या बिना हस्ताक्षर उपलब्ध कराये जाने पर डीएम ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुये एसडीएम तहसील तिलहर, सहायक अभियंता पीडबल्यूडी सुरेन्द्र कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष कुमार का वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने के निर्देश दिये। प्रोजेक्ट अंलकार योजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की भ्रमक रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर डीएम ने पूर्व डीआईओएस शौकीन सिंह यादव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। राजकीय एलोपैथिक मेडीकल कालेज के निर्माण कार्य में महा प्रबन्धक उप्र राजकीय निर्माण निगम बरेली उपसंविदाकार का अनुबन्ध निरस्त होने पर जल्द पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। तहसील तिलहर के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में मानक के अनुसार गुणवत्तपूर्ण सामग्री उपयोग की जाये। राजकीय पॉलीटेक्निक पुवायां महिला छात्रावास निर्माण की जांच आख्या व हनुमतधाम के तट पर घाट निर्माण तथा सौन्दर्यकरण कार्य की जांच आख्या दो दिनों में उपलब्ध करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। आईटीआई खुटार की नवनिर्मित बिल्डिंग को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हेतु आईटीआई भवन को उपयोग में लाया जाये तथा हस्तगत की कार्यवाही जल्द पूर्ण की जाये।

## पत्नी ही निकली पति की कातिल, नाबालिग बेटे के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट, तीन अभियुक्तों को भेजा जेल

**मोहम्मदी।** तीन दिन पूर्व कोतवाली के एक गांव राजेपुर मे एक युवक की गंभीर चोट के कारण मौत हो गई थी जिसमें मृतक की पत्नी अपने नाबालिग बेटों के साथ मौके से फरार हो गई थी, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया जिसमें घटना का खुलासा शीघ्रता के साथ हुआ प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह की टीम ने मृतक रतीराम की पत्नी नाबालिक बेटे तथा साजिश में शामिल एक और को गिरफ्तार करके जेल भेजा हैए प्रभारी निरीक्षक अबर सिंह ने बताया कि मृतक रतीराम शराब पीने का आदी था तथा इसके बच्चा लखविंदर भी शराब का आदी था, इसी को लेकर मृतक रतीराम को पत्नी और बेटे ने काफी मारा पीटा गया, जिसके सर पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौत हो गईए वही मृतक की पत्नी सुनीता देवी, नाबालिग बेटे लखविंदर तथा घटना में शामिल गोलू और प्रिंस को गिरफ्तार करके हत्या करने के आरोप मे जेल भेजा गयाहै।

## महिला की मौत, पति पर लापरवाही का आरोप

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव कुरतरा निवासी समसुल की पत्नी 26 वर्षी शहाना की बीमारी के चलते मौत हो गई वहीं मृतका के भाई ने पति पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाया है।मृतका के भाई मोईनुद्दीन ने बताया बहन शहाना की शादी 4 बर्ष पहले समसुल से की थी उसके ढाई वर्ष का एक बेटा है शहाना को टीवी की विमारी हो गई थी उसका इलाज चला वो ठीक हो गई उसके बाद उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। मोईनुद्दीन का आरोप है रविवार को शहाना को सांस लेने में परेशानी हो रही थी और समसुल काम पर चला गया, शहाना को डॉक्टर के पास लेकर नहीं गया शाहाना ने अपनी बहन रुखसार को फोन करके बुलाया तवियत बहुत खराब है मेरी मुझे अस्पताल ले चलो पति काम पर चले गए है , रुखसाना पहुंची उसने फोन करके समसुल को बुलाया और शहाना को लेकर राजश्री मेडिकल कॉलेज पहुंचे डॉक्टर ने म्रत घोषित कर दिया मोइनुद्दीन का आरोप है शहाना को सही समय पर इलाज मिल जाता उसकी जान बच जाती।

# न्यायमूर्तियों-अधिवक्ताओं का मिला अतुलनीय सहयोगः मुख्य न्यायाधीश

**हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का विदाई समारोह आयोजित**



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की ओर से सोमवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और संचालन उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय महासचिव नितिन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति अजय भनोट हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महासचिव नितिन शर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महासचिव नितिन शर्मा ने मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का माल्यार्पण पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने विदाई समारोह के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने न्यायिक कार्यों के सम्पादन के दौरान बहुत मदद की। बार एसोसिएशन के लिए कुछ और बेहतर कर सकें यही मेरी उनसे अपेक्षाएँ हैं। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा में बारे बताते हुए कहा कक्षा आठ तकसरकारी स्कूल में पढ़ाई की। पिता के सानिध्य में साहित्य और अंग्रेजी का गहन अध्ययन किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानान्तरण के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति द्वारा यह अवगत कराया गया कि वकालत और न्यायमूर्ति के क्षेत्र में यदि आपने इलाहाबाद नही देखा तो कुछ नही देखा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं की ओर इशारा करते हुए कहा न्याय के क्षेत्र में यहाँ जो कुछ मुझे मिला उसे सम्भाल कर रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी होगी।न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पूरे प्रदेश की जनता की आस्था और विश्वास का केन्द्र है। यह भविष्य में इसी तरह कायम रहे। इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। मुख्य न्यायमूर्ति बार एसोसिएशन के लिए क्या कुछ कर सकें यह हमेशा उनके मन में रहा है। न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अपने बीच आकर एक सुखद अनुभूर्ति होती है। हम लोग तो मौका तलाशते रहते हैं अपनों के बीच आने का। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति बार एसोसिएशन के हित में कार्य रहा हो उसको पूर्ण करने में हमेशा आगे रहे हैं। कोविड 19 के दौरान भी किसी को भी निराश नही होने दिया और बिना समय व्यतीत किए न्यायिक कार्य शुरू किया और जिस जज्बे साथ वह न्यायिक कार्यों के सम्पादन में आगे रहे ठीक उसी प्रकार से एक कुशल खिलाड़ी के रूप में भी उनका जज्बा कायम रहा।न्यायमूर्ति अजय भनोट ने कहा कि किस प्रकार से हम एक दूसरे के दिल को छू जाएं इस तरह का मौका तलाशते रहते हैं। हम लोगों का जो दृष्टिकोण रहा उससे प्रेरित होना स्वाभाविक है। मुख्य न्यायमूर्ति से उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। जो मेरे जीवन में चिर स्थायी रहेगा। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति चाहे वह न्याय कक्ष में हों या न्याय कक्ष के बाहर हों जिस आत्मीयता के साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की समस्याओं का निराकरण करते रहे यह सम्पूर्ण हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। वकालत के तीस वर्षों के दौरान आप जैसा मुख्य न्यायमूर्ति नही देखा। संयुक्त सचिव प्रेस अमरेन्दु सिंह ने मुख्य अतिथि और अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव आशुतोष पाण्डेय अशोक कुमार त्रिपाठी अजय कुमार मिश्र अरविन्द कुमार श्रीवास्तव स्वर्ण लता सुमन सर्वेश कुमार दुबे ओम प्रकाश विश्वकर्मा अरविन्द कुमार सिंह अरूण कुमार त्रिपाठी आशुतोष मिश्र व अनिल प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी बनने से अपराध पर नियंत्रण आसान : एसपी

**● एसपी ने किया नवीन समधन पुलिस चौकी का उद्घाटन**



नवीन पुलिस चौकी फीता काटकर उदघाटन करते एसपी व अन्य।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** फर्रुखाबाद रोड समधन स्थित नवीन पुलिस चौकी बनने से क्षेत्र में लगनें बाले आसपास के ग्रामों में होने वाले अपराधों पर नियत्रंण आसान होगा तथा किसी भी घटना की सूचना पर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर अपराधियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करके पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है।

यह बात सोमवार को फर्रुखाबाद रोड समधन स्थित फर्रुखाबाद रोड समधन स्थित नवीन पुलिस चौकी के भवन का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कही। कहा कि अपराध नियत्रंण हेतु जिम्मेदार नागरिक अपने आसपास हो रहे गैरकानूनी कार्यो की सूचना पुलिस प्रशासन को देकर सहभागिता निभायें। सदर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई ने कहा कि चौकी पुलिस क्षेत्रीय जनता से मित्र पुलिस का व्यवहार करके उनके भरोसे को कायम रखें। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वह सदैव तत्पर हैं।

इस दौरान पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाख हुसैन सिददीकी ने कहा कि प्रभारी निरीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं का निष्पक्ष रुप से निस्तारण किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, बसपा विधानसभा प्रभारी सैयद अहमद उसैब, काजी नसीम अहमद अब्बासी, मो. नफीस, किसान नेता साजिद हुसैन, पप्पू सिददीकी, मोहित गुप्ता, इस्तखॉर खॉन व उपनिरीक्षक चन्द्र भान, अजब सिंह, रामग्रीश यादव, आनन्द कुमार मिश्रा, कमलेश यादव सहित कांस्टेवल सुधीर चौहान, मनोज यादव, अमन सिंह, विनीत कुमार, विनय कुमार, गजेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जेठ जेठानी पर जहर देकर मारने का आरोप

**बरेली।** जमीन के विवाद में जेठ, जिठानियो पर जहर देकर मारने का आरोप मायके बालो ने लगाया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव भोगपुर देवीपुरा निवासी श्याम लाल की पत्नी 30 बर्षीय ओमवती की जहर खाने से मौत हो गई। मृतका के भाई रामचरन का आरोप है कि उसकी बहन ओमवती की शादी श्यामलाल के साथ गांव भोगपुर देवीपुरा में हुई थी ओमवती के ससुराल में जो जमीन है उसकी जेठानी कुशवा देवी ने अपने नाम करवा ली है उस जमीन को बांटने को लेकर आए दिन क्लेश होता रहता था। आरोप है कि रविवार को ओमवती की जिठानी कुशवा जेठ विद्धाराम , जिठानी फुलावती जेठ चन्द्रपाल ने जमीन पर कब्जा करने को लेकर ओमवती को जहर दे दिया उसे राममूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

# रमिया बेहड़ बीआरसी पर प्रतियोगिता



**ढखेरवा खीरी।** शिक्षा विभाग के अन्तर्गत रमिया बेहड़ के वीआरसी में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वच्छता के महत्व एवं जीवन में उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित विषयों पर ब्लॉक स्तरीय चित्रकला और निबंध प्रतियोगितायें आयोजित की गई, प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित बच्चों के मध्य प्रतियोगिता, प्रा. एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के मध्य आयोजित की गई। न्याय पंचायत स्तर चयनित प्रतिभागियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रा. स्तर चित्रकला में प्राथमिक विद्यालय खरवाहिया न. 2 की छात्रा अंशू मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही (संविलियन) की सलोनी मौर्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय हथियाबोझ की छात्रा साक्षी मौर्या ने प्रथम में स्थान प्राप्त किया संविलियन विद्यालय दुलही की छात्रा प्रांशी चक्रवर्ती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर निबंध प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय रमुवापुर के छात्र उत्कर्ष शर्मा ने प्रथम और प्रा. विद्यालय सुजानपुर के छात्र अमित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही की छात्रा अनामिका पाल ने प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी की छात्रा चांद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही से तीन बच्चों का चयन हुआ एक बच्ची प्रथम स्थान पर और दो का चयन द्वितीय स्थान पर हुआ। दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में भी विद्यालय के दिव्यांग छात्र संगम लाल ने जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ में तृतीय स्थान और अरुण ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में तथा जिला समन्वय समेकित शिक्षा माला श्रीवास्तव के संयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड के निर्देशन में विकास क्षेत्र के पांचो, आरपी संतोष कुमार वर्मा, अजय कुमार वर्मा, राममोहन् आशीष प्रताप श्रीवास्तव, अनीता मिश्रा और इंसिनरेंट टीचर विनय शुक्ला, शिवभान मौर्य तथा नरसिंह की देखरेख में आयोजित की गई।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आज और कल गुप्त मतदान

शाहजहाँपुर। रेलकर्मी सहित सभी सरकारी औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा अनिषि्चतकालीन हड़ताल के लिए 21.22 नवम्बर को गुप्त मतदान होगा। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच शाहजहांपुर के संयोजक नरेंद्र कुमार त्यागी ने राष्ट्रीय संयोजक शिव गोपाल मिश्रा के हवाले से बताया कि पुरानी पेंशन बहाली सयुक्त मंच की 10 अगस्तए 2023 को रामलीला मैदानए नई दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक रैली और आल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के मुम्बई में 8 एवं 9 नवम्बर 2023 को आयोजित वाषिक अधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुसार रेल कर्मचारियोंए रक्षा विभाग के कर्माचारियों सहित तथा अन्य सरकारी औद्योगिक संस्थानो के कर्मचारियों शिक्षको द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु 21.22 नवम्बर 2023 को पूरे भारतीय रेलवेए रक्षा विभाग के साथ अन्य सरकारी औद्योगिक सस्थानो में देंशव्यापी हडताल के लिए षगुप्त मतदान कराया जायेगा। जिसके आधार पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिषि्चत कालीन हडताल की तिथि निर्धारित की जायेगी। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के महामंत्री एवं पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के संयोंजक शिव गोपाल मिश्र ने कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में पुरानी पेंशन बहाली की एक सुत्रीय मांग के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि कर्मचारी हडताल के पक्ष में अपना मत दे देते है तो जनवरी या फरवरी में अनिश्चित कालीन हडताल हेतु नोटिस सरकार को दे दी जायेगी। एनआरएमयू शहजहांपुर शाखा द्वारा शाखा सचिव शिवकुमार सकसेना व शाखाध्यक्ष रामौतार शर्मा द्वारा अधिक से अधिक मतदान हेतु रणनीति तैयार करते हुए तीन टीमों का गठन किया। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक दो दिन मतदान चलेगा। मुख्य रूप से अजय सिंहए प्रभाकर तोमरए मदनलालए राजेशए नवनीतए हीनाए महेंद्रए शुभमए जयपालए जितेंद्र आदि रहे।

# जल जीवन मिशन योजना को धरातल पर उतार दूर करें पेयजल संकट: प्रभारी मंत्री

● प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की प्रगति समीक्षा



संवाददाता। चित्रकूट

**पिछड़ा** वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में एवं बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, सदर विधायक अनिल प्रधान, अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक बांदा /चित्रकूट पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में नियमित रूप से विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की जा रही है। हम सब लोग केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे जनता तक पहुंचे इसके अनुपालन पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ क्वालिटी के साथ लाभार्थियों को मिले। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है। संबंधित विभाग इस कार्य में प्रगति कराए। बताया कि जनपद चित्रकूट को जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए 12 सौ करोड़ रुपए दिया गया है जब हम धरातल पर इस योजना को लागू कर देंगे तभी इस धन का सदुपयोग होगा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार विद्युत आपूर्ति संचालित रहे।

निजी नलकूप लगाने की व्यवस्था को बढ़ाया जाए ताकि यहां के किसान भाई मत्स्य पालन मुर्गी पालन आदि योजनाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकें। प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच कराकर कार्यवाही कराये।

# ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा से ग्रामीणों में उत्साह का संचार



**उरई, जालौन।** उत्तर प्रदेश इप्टा की अगुवाई में ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा के तीसरे दिन सोमवार को जिला मुख्यालय से रवानगी के बाद यात्रा का जत्था ग्राम करसान, बजीदा, मरोड़ा, गढ़र में भ्रमण के उपरांत बिनौरा पहुंचा जहां यात्रा ने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन कर तीसरे दिन की शाम विश्राम का पड़ाव लिया। 18 नवंबर को जनपद के ग्राम चुर्खी से प्रारंभ हुई राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा मुख्यालय उरई स्थित जेल रोड से अपने गंतव्य की ओर बढ़ी इससे पूर्व सुबह पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा के आवास समीप स्थित सन राइजिंग स्कूल में कलाकारों ने लोकगीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वहां न सिर्फ बच्चों को बल्कि शिक्षक शिक्षिकाओं और मौजूद लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ वैचारिक स्तर पर भी झकझोर डाला इसके पश्चात यात्रा ने अपने तीसरे दिन की शुरुआत ग्राम करसान से शुरू की जहां गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में सांस्कृतिक जत्थे के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नाट्य प्रस्तुति और गीतों ने समा बांध दिया। तत्पश्चात यात्रा ग्राम बजीदा स्थित परिषदीय विद्यालय पहुंची जहां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. स्वयं प्रभा दुबे ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जो यात्रा निकाली जा रही है वह निश्चित ही देश और समाज को मजबूती देगी।

# खनन माफ़ियाओं की हैवी ब्लास्टिंग से थर्रा रहे चित्रकूट में स्थित गोडा और रौली के पहाड़

● एनजीटी नियमों की खनन माफ़िया उड़ा रहे धज्जियां

● मौत के साये में जीने को मजबूर भरतकूप के ग्रामीण

रतन पटेल, चित्रकूट



**खनिज** और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मिली भगत से जिले के भरतकूप क्षेत्र के गोडा और रौली पहाड स्थित ग्रेनाइट की खदानों में एनजीटी के नियमों की धज्जियां उडा कर माफियाओं द्वारा धडल्ले से चार इंची ब्लास्टिंग कर जन जीवन के साथ खिडवाड किया जा रहा है। पट्टे धारकों द्वारा किए जा रहे अवैध ब्लास्टिंग से ग्रामीण मौत के डर के साये में जीने के लिए मजबूर है। अवैध ब्लास्टिंग से पहाड़ से पत्थरों के बड़े-बड़े टुकड़े गिर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध ब्लास्टिंग पर प्रतिबंध न लगा तो कभी बड़ा हादसा हो सकता है। बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट के भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा,रौली और कोरारी गांव में मानक को ताक में रखकर अवैध खनन का खेल लम्बे समय से जारी है। खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियो की मिली भगत से खनन माफ्यिाओं द्वारा मानक को ताक में रखकर पहाड़ों में 4 इंच की सुरंग बनाकर विस्फोट किया जा रहा है।

जिससे तेज धमाके के साथ पहाड़ टूटते हैं और पहाड़ों से टूटे हुए पत्थर के टुकड़े आसपास की बस्तियों में गिरते है। जिससे उनकी दीवारों पर दरार आ जाती है। हर वक्त उनको पत्थरों की चपेट में आने से जान जाने का भय बना रहता है।

वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महाराज का कहना है कि खनन माफ्यिाओं द्वारा किये गये रहे अवैध खनन से पहाडों की सुंदरता खत्म होने के साथ-साथ क्षेत्र की जलवायु पर बुरा असर पड़ रहा है।

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलेगा आवास योजना का लाभः पीडी



**जालौन, उरई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिना किसी भेदभाव अथवा बिचौलिए की मध्यस्थ्ता के पात्र व्यक्तियों को आवास की धनराशि स्थानांतरित की जा रही है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकता है। यह बात आवास दिवस के अवसर पर परियोजना निदेशक ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटते कही। परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आवास दिवस मनाया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का सपना है कि प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर छत हो व पक्के आवास हों। इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव अथवा बिचौलिए की मध्यस्थता के दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत आवास प्लस 2018 के आंकड़ों का उपयोग करते हुए लाभार्थियों का निर्धारण किया गया है। इसके लिए कोई आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। आवास निर्माण के लिए तीन किस्तों में एक लाख 20 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। इसके अलावा मनरेगा से 90 दिन की अतिरिक्त मजदूरी का प्रावधान है। योजना के तहत धनराशि का सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरण किया जाता है।

# महिला प्रधान ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए बांटी सामग्री



**कोंच, जालौन।** स्वर्गीय राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा छात्र छात्राओं को लगातार प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। रविवार शाम कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत पचीपुरा कलां में प्रधान रागिनी देवी नंदकिशोर पटेल की दो होनहार बेटियों को सम्मानित करने के साथ-साथ गांव की लगभग दो दर्जन छात्राओं को स्टेशनरी भी वितरित की गई। ग्राम प्रधान रागिनी पटेल की अध्यक्षता एवं स्वर्गीय रामप्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के डायरेक्टर इंजीनियर राजीव रेजा के मुख्य आतिथ्य, कुंवर नरसिंह गहरवार एडवोकेट के विशिष्ट आतिथ्य में संजोए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेजा ने ट्रस्ट के क्रियाकलापों के बारे में बताते हुए कहा कि इस ट्रस्ट की शुरुआत अहमदाबाद गुजरात से हुई थी। वर्ष 2016 से लगातार इस ट्रस्ट के माध्यम से छात्राओं को उपयोगी स्टेशनरी, ड्रेस आदि का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा अहमदाबाद में पिछले सात वर्षों से छात्राओं को प्रतिदिन निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है।

# खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी ने जताई नाराज़गी

संवाददाता। फतेहपुर



**सीएम** डैश बोर्ड व विकास कार्यों की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के सभी बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम डैश बोर्ड को गंभीरता से अधिकारी लें अपने विभागीय योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवतापूर्ण ढंग से विशेष ध्यान देते हुये क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। डीएम ने कहा कि सीएम डैश बोर्ड मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव स्तर तक डाटा प्रस्तुत किया जाता है। जिन विभागों के डाटा त्रुटिपूर्ण हैं उसको सही कराते हुए मुख्यालय स्तर से डाटा फीड कराएं। ताकि जिले की रैंकिंग सही रहे। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की इस माह रैंकिंग ए-प्लस है निगरानी बनाए रखें ताकि रैंकिंग गिरने न पाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि समय से पशुओं का टीकाकरण व ज्यादा से ज्यादा क्रतिम गर्भाधान कराएं। साथ ही पशुधन योजनांतर्गत लाभार्थियों को मुर्गी पालन के लिए जो अनुदान मिलना है नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बैंक स्तर पर एलडीएम से समन्वय बनाते हुए लाभार्थियों को मुर्गी पालन कराएं।

## सेंट मेरीज़ स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजन



**फतेहपुर।** संत मेरीस स्कूल में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज धर्मप्रांत के स्वामी लुइस भसक शनस, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक रहीं। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के प्रहसन, सुमधुर गीत व नन्हे मुंहो बच्चों द्वारा नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की।

## क्विक न्यूज

### पीएचडी उपाधि से विभूषित होने पर जतायी खुशी



**कोंच, जालौन।** स्थानीय एसआरपी इंटर कॉलिज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सीपी सक्सेना के होनहार पुत्र प्रांशु सक्सेना के आई के गुजराल टेक्निकल यूनिवर्सिटी जालंधर पंजाब से पीएचडी उपाधि से विभूषित होने पर शिक्षाविदों सहित नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रांशु को बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है। प्रांशु के स्थानीय आवास पर पहुंचकर लोगों ने उनके पिता का मुँह मीठा कराया। प्रांशु के शोध का विषय एए डायग्नोस्टिक मॉडल टू सपोर्ट फोलिकुलर लिम्फोमा क्लासिफिकेशन ऑफ हैमाटॉक्सिलिन एंड ईओसिन स्टैंड इमेजिज था। प्रांशु ने सरस्वती विद्या मंदिर कोंच से इंटरमीडिएट, पुणे यूनिवर्सिटी से बी.टेक और लवली यूनिवर्सिटी पंजाब से एम. टेक की डिग्री हासिल की। प्रांशु वर्तमान समय में एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलिज गाजियाबाद में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं।

### साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**फतेहपुर।** आबूनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सोमवार को राम औतार सिंह व पद्मा सिंह की ओर से साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान कथा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कथा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन आचार्य ने वृंदावन की पावन महिमा का भक्तों को श्रवण कराया। आगामी 27 नवंबर को समापन पर गया भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजकों ने कार्यक्रम स्थल में सभी तैयारियां पहले से पूर्ण कर ली थी। श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन आचार्य पं. कमल किशोर शुक्ल (परशुराम) ने भक्ति ज्ञान वैराग्य की दुख की निवृत्ति वृंदावन की पावन महिमा का भक्तों को श्रवण कराया। आचार्य ने कथा में जीवन भागवत के द्वारा अपने जीवन की दिशा एवं दशा को सुधार किए जाने की बात कही।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के मिले 85 मरीज



**फतेहपुर।** हसवा विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत एकारी गांव स्थित श्री महादेव इंटर कालेज में परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें दूर-दराज गावों से आए मरीजों के आंखों की जांच की गई। जिसमें सौ मरीजों को जांच के बाद दवाएं जहां वितरित की गई वहीं 85 मरीजों का मोतियाबिंद का आपरेशन करने के लिए निःशुल्क वाहन से चित्रकूट अस्पताल में भेजा गया। कैंप का मुख्य अतिथि प्रबंधक नरेंद्र कुमार प्रजापति ने फीता काट कर शुभारंभ किया। नेत्र शिविर कैंप में स्वयं प्रबंधक ने अपनी आंखों की जांच की गई। शिक्षिकाओं व शिक्षकों ने अपनी-अपनी आँखों की जांच करवाई। दर्जनों गांवों के मरीज अपनी अपनी आंखों की जांच के लिए कैंप में पहुंचे। डा. विनय अग्रहरि ने महिला, पुरूष के आलवा बच्चे और विद्यालय के छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया।

### सदर विधायक ने किया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



**चित्रकूट।** पंडित दीनदयाल जनशताब्दी के अवसर पर वालीबाल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्पोटर्स स्टेडियम चित्रकूट में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक अनिल प्रधान द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्रतिकार किया गया। वॉलीबॉल में सीतापुर, सुषमा स्वरूप, जनसेवा इंटर कॉलेज, स्पोर्ट स्टेडियम, राजापुर,तेजपुर आदि टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सीतापुर में तेजपुर के बीच खेला गया। जिसमें सीतापुर ने तेजपुर को 25 के मुकाबले 11 से पराजित किया। इस मौके पर विधायक अनिल प्रधान ने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करके अच्छे परिणाम देने के लिए प्रेरित किया तथा आश्वासन दिया की क्रिके ट के खिलाड़ियों के लिए मेरे द्वारा लाइट लगवाई जा रही है तथा भविष्य में भी खिलाड़ियों के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा।

### फिरोजपुर में हो रहे खनन को रुकवाने की मांग

**फतेहपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह राजू ने बताया कि जनपद में गंगा तट पर स्थित फिरोजपुर गांव में खनिज विभाग द्वारा कृषि योग्य भूमि पर बालू खनन का पट्टा कर गरीब किसानों को भुखमरी की ओर धके ल दिया है। बताया ऐसे ग़ैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए किसान और कार्यकर्ता आगामी 27 नवंबर को न्याय के लिए मुख्यमंत्री से शिकायत करने पैदल यात्रा कर लखनऊ पहुंचेंगे। मांगों के बाबत मुख्यमंत्री से वार्ता कर फिरोजपुर गांव में हो रहे खनन को रोकवाने का अनुरोध किया जायेगा।

# प्रारम्भ हुई अधिवक्ताओं की सीओपी नवीनीकरण प्रक्रिया



**कानपुर देहात।** उच्चतम न्यायालय के आदेश से बनी हाई पावर कमेटी के निर्देश पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में अधिवक्ताओं की सीओपी नवीनीकरण प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी गई है जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023 है। उक्त बातें मुलायम सिंह यादव एडवोके ट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने जनपद न्यायालय परिसर झंडा पार्क में जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात का संबद्धीकरण पांच वर्ष के लिए बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा बढ़ाएं जाने की खुशी जाहिर करने के मौके पर अधिवक्ताओं के बीच कही। उन्होंने कहा कि नए दिशा निर्देशों में सी.ओ.पी.धारक अधिवक्ता जिनकी अवधि पांच वर्ष पूरे हो चुकी हैं उनको सीओपी पुनः इश्यू कराना अनिवार्य है। समस्त प्रपत्र सलंग्न कर फॉर्म के साथ 250 रुपया नगद या ड्रॉफ्ट के द्वारा जमा करना है फॉर्म भर कर जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष या महामंत्री से प्रमाणित करा कर जिला बार कार्यालय या सीधे बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश में जमा कर सकते हैं जिन अधिवक्ताओं के पास सीओपी नहीं है वह बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सभी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहेंगे। गोष्ठी का संचालन अमर सिंह भदौरिया महामंत्री ने किया।

# डीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में की समीक्षा बैठक



**कानपुर देहात।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में योजनाओं के संतृप्तीकरण, आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से तथा जन सामान्य को जागरुक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियां अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण द्वारा संभावित लाभार्थियों का नामांकन, चयन तथा स्वच्छता सुविधा, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण करना उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कमेटी का गठन करते हुए संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

# 21 नवम्बर से होगा चार दिवसीय उर्स मुबारक समारोह का आयोजन




**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कस्बे में हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक गुलाम अली उर्फ हज़रत गुलपीर शाह र.अ.का उर्स मुबारक गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ होता रहा। जिसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। विगत वर्षों की भांति 55 वां सालाना उर्स मुबारक शानो शौकत से मनाया जा रहा है। 21 नवंबर से दावत-ए-इस्लामी के सुन्नतों भरे इज्तिमा के साथ चार दिवसीय उर्स मुबारक का आगाज होगा। निजामियाँ उर्स कमेटी के सदर मो. आजम खान ने बताया कि लगभग 60 वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा बेला मार्ग कच्चा मार्ग बनने जा रहा था। जैसे ही खुदाई शुरू हुई अगले दिन ठेके दार को स्वप्न हुआ और एक बुजुर्ग कहने लगे कि यह हमारी आराम गाह है। इसको मोड़कर सड़क बना लें तभी बन सकती है। तब ठेके दार ने सड़क का रुख थोड़ा बदला और बिधूना कानपुर रोड बन सका। ठेके दार ने उस स्थान पर माथा ठेका और यह आरजू करते हुए कहा कि अब हमारा रोड बनने दें। यह बात चर्चा का विषय बन गई और लोगों में दिन प्रतिदिन हजरत गुलपीर शाह रहमतुल्लाह अलैह के प्रति अकीदत बढ़ने लगी। तब से अनवरत उर्स मुबारक रसूलाबाद की सरजमी में होता आ रहा है। करीब 70 वर्षों से लगातार उर्स मुबारक मुनक्कित किया जा रहा है।

# शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले गिरोह के तीन सदस्य पुलिस के शिकंजे में



**फर्रुखाबाद।** एसओजी, सर्विलांस, थाना कम्पिल पुलिस द्वारा शस्त्र बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार किये गये। जिनके कब्जे से ;कुल 37 अदद बने अधबने नाजायज असलहेद्ध जिसमें 20 अदद देशी तमंचा 12 बोर 9 अदद तमंचा 315 बोर 4 अदद अधबने तमंचे की वॉडी 3 अदद अधबनी नाल 12 बोर व 1 अदद देशी राइफल की नाल 315 बोर व तमंचा बनाने के उपकरण ;फैक्ट्री बरामद हुए हैं। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20-11-2023 को, एसओजी/सर्विलांस/थाना कम्पिल पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुये पवन कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम नगला रैंद थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद, राकेश पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम नगला रैंद थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद, प्रमोद शर्मा पुत्र हरिनन्दन निवासी सिरसा थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद को ग्राम नगला रैंद मजरा शादनगर के खेतों में जहां सरपत व झाडिया थाना कम्पिल क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाना कम्पिल पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ छठ पर्व का समापन



**फर्रुखाबाद।** लोक आस्था और प्रकृति के पावन पर्व छठ का सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। नगर में इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह घाटों का निर्माण किया गया और छठव्रती ने इसमें उतरकर भगवान सूर्य की उपासना की। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक में खासा उत्साह देखा गया। शहर के पांचाल घाट पर छठ के व्रतियों ने सूर्य को अर्घ्य देकर सनातन धर्म की सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का श्रद्धा पूर्वक निर्वहन किया। यहां श्रद्धालुओं ने कहा कि छठ मैया की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। चार दिनों के महापर्व में पहले दिन नहाय खाय से शुरुआत हुई और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का भव्य समापन हुआ। गंगा घाट पर सुबह 4 बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया।

# फ़र्रुखाबाद बस अड्डे का सेल्फी प्वाइंट चढ़ा अराजकता की भेंट




**फर्रुखाबाद।** जनपद फर्रुखाबाद के बस अड्डे स्थित बने सेल्फी प्वाइंट को विगत दिनों से अराजकतत्वों द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर लगे सा सजावट सामग्री को तोड़ तोड़ कर नष्ट किया जा रहा है।

सेल्फी प्वाइंट किसी भी जनपद] महानगरों आदि की पहचान को सुशोभित एवं सुंदर बनाने का काम करता है जिससे की बाहर से आए सैलानियों द्वारा यहां चित्रों को कैद करके उसी जनपद का प्रचार प्रसार करता है। परंतु सेल्फी प्वाइंट को संवारना व साफ सफाई आदि तो दूर , उसकी संपत्ति को नष्ट करने का कार्य करते है। सेल्फी प्वाइंट पर्यटन विभाग द्वारा स्थानीय नगर पालिका अनुरूप निर्माण किया गया, जो कि लाखों की लागत से बना हुआ है। उसी जनपद की शान को नष्ट किया जा रहा है । ऐसा घिनौना कृत्य करने वाले रात्रि के समय शराबियों, नशेड़ियों आदि के द्वारा किया जाता है सेल्फी प्वाइंट को एक सुंदरता का केंद्र न मानकर , वहां पर मादक पदार्थो को इस्तेमाल करने का अड्डा बना दिया गया है। लोगों की मांग है कि प्रशासनिक तौर पर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए एवं वहां पर लगने वाला जमाबड़ा बंद किया जाए तथा होने वाली पार्टियों को बंद किया जाए।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नवजात कन्याओं का मनाया जन्मोत्सव

**कानपुर देहात।** निदेशक, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के क्रम में जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशानुसार सोमवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य के न्द्र शिवली कानपुर देहात में 12 नवजात बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कन्या के प्रति सकारात्मक सोच रखने हेतु महिलाओं को फूल माला देकर सम्मानित किया गया साथ ही बेबी किट देकर बेटी के जन्म होने की बधाई दी गई। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षिक अंकिता सिंह द्वारा महिलाओं व पुरुषों को बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न करने, बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करने, बालिकाओं को बालकों के समकक्ष समझा जाना तथा कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिमा श्रीवास्तव महिला कल्याण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। राजकीय

# महर्षि स्कूल के 18 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभा से जिले का बढ़ाया मान

**फतेहपुर।** भारत सरकार के विज्ञान भारती, एनसीआरटी एवं प्रौद्योगिकी विभाग की आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन की ऑनलाइन परीक्षा में महर्षि विद्या मंदिर के 18 बाल वैज्ञानिकों ने जनपद का गौरव बढ़ाया। वहीं विद्यालय के कक्षा आठ की छात्रा आस्था मौर्या का राज्य स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता में चयन हो गया। इस परीक्षा का आयोजन 29 अक्टूबर को देश भर में ऑनलाइन डिजिटल डिवाइस के माध्यम से किया गया। जिसमें जिले के 19 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें आस्था मौर्या ने प्रदेश कैंप की लिस्ट में चयनित होकर विद्यालय व जनपद का नाम बढ़ाया। महर्षि विद्या मंदिर की आरूषी द्विवेदी कक्षा 6 ने प्रथम, आर्यन मिश्रा ने प्रथम, अभय सिंह ने द्वितीय व आयुषी द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में सूर्य प्रताप सिंह ने प्रथम, दुष्यन्त ने द्वितीय, इज्ना हयात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 8 में आस्था मौर्या ने प्रथम सगुन कनौजिया ने द्वितीय, वान्या श्रीवास्तव ने तृतीय तथा कक्षा 9 में अथर्व पटेल ने प्रथम सौर्य प्रकाश शुक्ला ने द्वितीय आर्यन वीर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में वैश्नवी श्रीवास्तव ने प्रथम, अवक्षता वर्मा द्वितीय एवं पुष्पभान सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में सूर्य प्रताप सिंह द्वितीय व हर्ष पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुए चयन ट्रायल्स

**फतेहपुर।** प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया विश्वविद्यालय), प्रयागराज की अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल्स बालक/बालिका का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, फतेहपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय, बिन्दकी, फतेहपुर द्वारा कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महा विद्यालय के प्रचार्या डॉ0 सुसिल कुमार व ऑब्जर्वर के रूप में डॉ0 सरद राय रहे।

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 21 नवम्बर, 2023



# हूती विद्रोहियों का भारत जा रहे इजराइली जहाज पर कब्जा

## चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बनाया

**भाषा।** यरुशलम

**यमन के** हूती विद्रोहियों ने इजराइल से संबंधित और भारत जा रहे एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया और जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना से इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्षेत्रीय तनाव और बढ़ने की आशंका है तथा इससे समुद्री मोर्चे पर युद्ध छिड़ने का अंदेशा है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजराइल से जुड़े होने के कारण जहाज को कब्जे में लिया और वह गाजा के हमास शासकों के खिलाफ इजराइल के अभियान के खात्मे तक अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में इजराइलियों से जुड़े या उनके स्वामित्व वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। हूतियों ने कहा, इजराइल या उससे जुड़े सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल बल की भाषा समझते हैं। इजराइली जहाज को कब्जा में लेना एक व्यावहारिक कदम है जो अंजाम की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को साबित करता है। उन्होंने कहा, यह तो शुरुआत है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बहामास का झंडा लगे गैलेक्सी लीडर जहाज पर हमले के लिए हूतियों को दोषी ठहराया था, जो एक इजराइली अरबपति से संबद्ध वाहन वाहक था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि जहाज में कोई भी इजराइली नहीं था।जहाज के जापानी संचालक, एनवाईके लाइन ने कहा कि अपहरण के समय जहाज में कोई माल नहीं था। एनवाईके ने कहा कि इसके चालक दल के सदस्य फिलीपींस, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से हैं। जहाज के जापानी संचालक एनवाईके लाइन ने कहा कि जहाज को कब्जा में लिए जाने के दौरान उसमें सामान नहीं था। एनवाईके ने कहा कि जहाज के चालक दल के सदस्य फिलीपीन, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से थे।जहाज भारत में गुजरात राज्य के पिपावाव जाने वाला था।जापान ने सोमवार को जहाज को कब्जे में लिए जाने की निंदा की। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि जापान की सरकार हूती विद्रोहियों के साथ बातचीत के माध्यम से चालक दल की शीघ्र रिहाई के लिए पूरी कोशिश कर रही है।





### गाजा के शिफा अस्पताल से निकाले गए बच्चे मिस्र पहुंचे : सरकारी मीडिया

**खान यूनिस।** गाजा के संकटग्रस्त शिफा अस्पताल से निकाले गए बच्चे मिस्र पहुंच गए है। मिस्र के सरकारी मीडिया की तरफ से यह जानकारी दी गई। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट बचाव सेवा ने कहा कि वह समय से पहले जन्मे 28 बच्चों को सोमवार को दक्षिणी गाजा के एक अस्पताल से सीमा पार मिस्र के दूसरे अस्पताल ले कर गई। मिस्र के अल-काहिरा सेटेलाइट चैनल ने एम्बुलेंस के अंदर बच्चों की तस्वीरें प्रसारित की। उसने हालांकि यह नहीं बताया कि कितने बच्चे आए थे। सप्ताहांत में शिफा अस्पताल से 31 बच्चों को निकाला गया था।

### चीन ने गाजा में युद्ध समाप्त करने पर वार्ता के लिए अरब, मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों का स्वागत किया

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने सोमवार को बीजिंग मे चार अरब देशों और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनका देश जितनी जल्दी हो सके गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अरब और इस्लामी दुनिया में अपने भाइयों और बहनों के साथ काम करेगा। सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीनी प्राधिकरण और इंडोनेशिया के मंत्रियों ने विभिन्न देशों की आगामी यात्रा के तहत बीजिंग से दौरे की शुरुआत करने का फैसला किया, जो चीन के बढ़ते भू-राजनीतिक प्रभाव और फलस्तीनियों के लिए उसके दीर्घकालिक समर्थन को दिखाता है। वांग ई ने दौरे पर आए विदेश मंत्रियों से कहा कि बीजिंग से यात्रा की शुरुआत करने का उनका निर्णय चीन के प्रति उनके उच्च स्तर के विश्वास को दर्शाता है। वांग ने वार्ता शुरू होने से पहले राजकीय अतिथि गृह में प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, चीन अरब और इस्लामी देशों का एक अच्छा दोस्त और भाई है। हमने हमेशा अरब (और) इस्लामी देशों के वैध अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा की है और हमेशा फलस्तीनी लोगों का दृढ़ता से समर्थन किया है। चीन लंबे समय से फलस्तीनियों का समर्थन करता रहा है और कब्जे वाले क्षेत्रों में बस्तियों को लेकर इजराइल की निंदा करता रहा है। चीन ने सात अक्टूबर को हमास के हमले की आलोचना नहीं की है जबकि अमेरिका और अन्य देशों ने इसे आतंकवादी कृत्य कहा है। हालांकि, चीन के इजराइल के साथ आर्थिक संबंध बढ़ रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### भारत-ब्रिटेन के प्रस्तावित एफटीए में मेडिकल उपकरण क्षेत्र के लिए उत्पत्ति का नियम बना हुआ है अड़चन

नई दिल्ली। मेडिकल उपकरण क्षेत्र के लिए उत्पत्ति का नियम भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मे एक अड़चन बना हुआ है तथा मतभेदों को दूर करने के लिए वार्ता जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्पत्ति का नियम किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्रोत को निर्धारित करने के लिए आवश्यक मानदंड है। इसका महत्व इस तथ्य से पता चलता है कि कई मामलो में शुल्क और प्रतिबंध आयात के स्रोत पर निर्भर करता है। भारत मे मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र मे काफी संभावना है क्योंकि यह अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत अमेरिका, जर्मनी, चीन, सिंगापुर और नीदरलैंड से आयात करता है, जो देश के लिए इन उपकरणों के शीर्ष निर्यातक बने हुए है। अधिकारी ने कहा, मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र मे, उत्पत्ति के नियम से जुड़े कई मुद्दे है। सीमा शुल्क मे रियायत की मांग भी एक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा क्षेत्रों मे मतभेदों को दूर करने के लिए दोनो देशों के बीच वार्ता जारी है। सरकार ने मेडिकल उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र मे अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए है। इस तरह की योजनाओपहल मे मेडिकल डिवाइस पार्क, राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन, और (मेडिकल उपकरण) क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शामिल है।

### पाकिस्तान : प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान लोग लौटे घर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे अवैध रूप से रह रहे विदेशियो के खिलाफ कार्रवाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान नागरिक अपने देश लौट चुके है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान मे तालिबान नीत सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने संख्या की पुष्टि करते हुए द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि ज्यादातर लोग तोरखम और स्पिन बोलदक की सीमा को पार कर घर लौट रहे है। पाकिस्तान मे जब अधिकारियो ने राष्ट्रव्यापी कार्वाई की घोषणा की तो उस समय अनुमानित 17 लाख अफगान लोग देश मे रह रहे थे। अधिकारियो ने बिना दस्तावेज के रहे रहे लोगो को 31 अक्टूबर तक देश छोड़ने या फिर गिरफ्तारी का आदेश दिया था। पाकिस्तानी अधिकारियो ने कहा था कि शरणार्थी के रूप मे पंजीकृत 14 लाख अफगान लोगो को डरने की जरूरत नही है क्योकि यह कार्वाई बिना दस्तावेजो के रह रहे लोगो के खिलाफ की जा रही है।

### कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब का फिनलैंड से करार

**कैम्ब्रिज।** भारतीय मूल के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी एल्यूमी सुयश भट्ट द्वारा स्थापित एक एडटेक स्टार्टअप कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने फिनलैंड एजुकेशन एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम शुरू करने के लिए नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस के साथ सहभागिता की है। इस नई और एक बड़ी पहल में 24 भारतीय स्कूल ओनर्स ने 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2023 तक फिनलैंड के हेलसिंकी और तुर्कू की यात्रा की। इन 24 स्कूलों में से 10 स्कूलों ने आगरा और इटावा सहित उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब के संस्थापक सुयश ने इंडियन एजुकेशन सिस्टम को और बेहतर बनाने की इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्टूडेंट्स, शिक्षक, और भारतीय स्कूल कम्युनिटी के सभी हितधारक के लिए विकसित किए जा रहे कई हाउसिंग और ऑनलाइन कायक्रमों के माध्यम से फिनलैंड प्रोग्राम इंडियन एजुकेशन सिस्टम को बदलने की दिशा में हमारा पहला कदम है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण यह था कि फिनिश एजुकेशन सिस्टम में टेक्नोलॉजी को कैसे इंटीग्रेट किया जाता हैए जिससे स्टूडेंट्स के लिए आकर्षक और गहन सीखने के अनुभव तैयार होते हैं। एनआईएसए के प्रेसिडेंट डॉ कुलभूषण शर्मा ने कहा कि ष्इस यात्रा ने हमारे स्कूल के नेताओं को यह देखने का मौका दिया कि कैसे आधुनिक उपकरण और सिस्टम शिक्षा में व्यापक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम के बाद अगले कुछ दिनों में प्रारंभिक शिक्षा, प्राइमरी शिक्षा, हाई स्कूल और यूनिवर्सिटी स्तर पर टीचर ट्रेनिंग को लेकर गहन जानकारी सहित विभिन्न एजुकेशनल चरणों की खोज के लिए समर्पित थे।

### अमेरिका के ओक्लाहोमा में एक घर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत और तीन घायल

तुलसा (अमेरिका)। अमेरिका के दक्षिण मध्य राज्य ओक्लाहोमा में रविवार को सुबह एक घर में एक सभा के दौरान हुई बहस के बाद गोलीबारी होने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तुलसा पुलिस ने बताया कि देर रात करीब दो बजे अधिकारियो को इस घटना की सूचना मिली। हालांकि, पुलिस ने अभी यह जानकारी साझा नही की है कि कितने लोगों ने गोलीबारी की या किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नही। साथ ही, गिरफ्तारी को लेकर भी कुछ नही बताया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों मे से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के समय घर के पिछले कमरे मे चार छोटे बच्चे भी मौजूद थे, लेकिन वे सभी सुरक्षित है।

### द. कोरिया ने उ. कोरिया को जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित नहीं करने के लिए चेताया

सियोल। दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया को उसकी जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण योजना पर आगे न बढ़ने की चेतावनी दी और सोमवार को कहा कि सियोल एक अंतर-कोरियाई शांति समझौते को निलंबित कर सकता है तथा प्रक्षेपण के जबाव मे फिर से अग्रिम क्षेत्रों मे हवाई निगरानी शुरू कर सकता है।उत्तर कोरिया इस साल की शुरुआत मे एक सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा मे स्थापित करने के अपने पहले दो प्रयासों मे विफल हो गया और अक्टूबर मे उपग्रह को कक्षा मे स्थापित करने का तीसरा प्रयास नही किया।दक्षिण कोरिया के अधिकारियो ने कहा कि उत्तर कोरिया उपग्रह प्रक्षेपित करने में संभवतः इसलिए देर कर रहा है क्योंकि उसे रूसी तकनीकी सहायता मिल रही है और वह आने वाले कुछ दिनो मे प्रक्षेपण कर सकता है।दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कांग होपिल ने उत्तर कोरिया से उसके तीसरे प्रक्षेपण प्रयास को तुरंत रद्द करने की अपील की।कांग ने एक बयान मे कहा, यदि उत्तर कोरिया हमारी चेतावनी के बावजूद सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण प्रक्षेपित करता है, तो हमारी सेना लोगो के जीवन और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

### नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले बख्शे नहीं जाने चाहिए: प्रधानमंत्री काकड़

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने कहा कि इस साल नौ मई को सुरक्षा प्रतिष्ठानो पर हुए अभूतपूर्व हमलो मे शामिल लोगों को बख्शा नही जाना चाहिए और उन पर सैन्य अदालतों मे मुकदमा चलाया जाना चाहिए। जियो न्यूज के साथ रविवार को एक साक्षात्कार में, काकड़ ने कथित भ्रष्टाचार के मामले मे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में नौ मई की हुई घटनाओं का जिक्र किया। काकड़ ने कहा कि अगर लोग देश की सुरक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही हमला करते है तो उन पर कानून के मुताबिक सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। नौ मई की हिंसा मे कथित रूप से शामिल लोगो के सैन्य मुकदमो को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ सरकार की अपील पर, काकड़ ने कहा, यह बिल्कुल उचित है कि अगर किसी ने किसी सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला किया तो उसके खिलाफ सैन्य अदालतों मे मुकदमा चलाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उनकी सरकार पर कुछ राजनीतिक दलो के प्रति पक्षपाती होने के आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि आम चुनाव कराना तथा निर्वाचित सरकार को जिम्मेदारियां सौपना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान मे आगामी आम चुनाव की पारदर्शिता के बारे मे दो प्रमुख राजनीतिक दलो द्वारा व्यक्त की गई चिंताओ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, काकड़ ने रविवार रात कहा कि पीड़ित कार्ड का खेल कोई भी राजनीतिक दल आसानी से खेल सकता है।

### पाकिस्तान : प्रवासियों पर कार्वाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान लोग लौटे घर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ कार्वाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान नागरिक अपने देश लौट चुके है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में तालिबान नीत सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने संख्या की पुष्टि करते हुए द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि ज्यादातर लोग तोरखम और स्पिन बोलदक की सीमा को पार कर घर लौट रहे हैं।पाकिस्तान में जब अधिकारियों ने राष्ट्रव्यापी कार्वाई की घोषणा की तो उस समय अनुमानित 17 लाख अफगान लोग देश में रह रहे थे। अधिकारियों ने बिना दस्तावेज के रहे रहे लोगो को 31 अक्टूबर तक देश छोड़ने या फिर गिरफ्तारी का आदेश दिया था।पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा था कि शरणार्थी के रूप में पंजीकृत 14 लाख अफगान लोगों को डरने की जरूरत नही है।

### इंदौर के राजेश अग्रवाल लीसेस्टर ईस्ट से लेबर पार्टी के उम्मीदवार

**लंदन।** मध्य प्रदेश के इंदौर में जन्मे उद्यमी और लंदन के व्यापार मामलों के उप महापौर राजेश अग्रवाल को विपक्षी लेबर पार्टी ने अगले आम चुनाव में लीसेस्टर ईस्ट संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार चुना है। अग्रवाल (46) ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की और सांसद चुने जाने पर क्षेत्र के सभी नागरिकों के लिए काम करने का संकल्प जताया। इस क्षेत्र में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों की बड़ी आबादी रहती है। अग्रवाल ने स्थानीय चुनाव मे भारतीय मूल के एक और संभावित दावेदार काउंसलर ऋषि मदलानी को हराकर 2024 मे होने वाले आम चुनाव के लिए लेबर पार्टी की उम्मीदवारी हासिल की है। उन्होने एक्स पर लिखा, लीसेस्टर ईस्ट से लेबर पार्टी का संसदीय उम्मीदवार चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### जापान के फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित जल तीसरी बार सुरक्षित तरीके से छोड़ा गया : संचालक

**तोक्यो।** जापान के क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से प्रशांत महासागर मे उपचारित रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को तीसरी बार छोड़े जाने की प्रक्रिया तय योजना के अनुसार सुरक्षित रूप से समाप्त हो गई। संयंत्र के संचालकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के सी फूड उत्पादकों को हालांकि पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लगाए गए चीनी आयात प्रतिबंध से परेशानी हो रही है। सी फूड का आशय समुद्री जल से प्राप्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, झींगा, ऑक्टोपस, सीप, कुछ प्रकार के शैवाल आदि से है। परमाणु संयंत्र में 2011 में भीषण भूकंप और सुनामी से क्षतिग्रस्त होने के बाद बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल जमा हो गया है।

### मैक्सिको में 50 फुट ऊंचा टॉवर गिरने से पांच श्रमिकों की मौत, तीन घायल

**मैक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिको मे एक सड़क परियोजना से जुड़े निर्माण के दौरान 50 फुट ऊंचे मचान (स्कैफोल्डिंग टॉवर) के गिरने से पांच श्रमिकों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मजदूर शनिवार को राजमार्ग के दोनो तरफ बनने वाली सुरक्षा दीवार के बीच सीमेंट डालने का काम कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान स्कैफोल्डिंग टॉवर गिर पड़ा और लोहा तथा धातु तथा गीले सीमेंट मे फंसकर श्रमिकों की मौत हो गई। परिवहन विभाग ने बताया कि दुर्घटना केंद्रीय राज्य हिडाल्गो में हुई और घटनास्थल पर मौजूद सभी कर्मियों को मलबे से निकाल लिया गया।

### फ्रांस : पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर की मां ने आरोपी की रिहाई के विरोध में प्रदर्शन किया

**नान्तेरे ( फ्रांस )।** फ्रांस में वाहन को रोकने के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा कथित तौर पर एक किशोर को गोली मारने के मामले में न्याय की मांग को लेकर पीड़ित की मां के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इससे पहले, अदालत ने संदिग्ध पुलिस अधिकारी को आगे की जांच होने तक हिरासत से रिहा कर दिया है। नाहेल मेरजौक जून की मौत के बाद से देशभर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इस दौरान लोग पुलिस हिंसा, गरीबी और आप्रवासी पृष्ठभूमि वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को लेकर अपना गुस्सा प्रकट कर रहे हैं। मेरजौक मूल रूप से उत्तरी अफ्रीकी का निवासी था। नान्तेरे के पेरिस उपनगर में नेल्सन मंडेला स्क्वायर पर रविवार को सैकड़ों लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इसी जगह पर मेरजौक को गोली मारी की गई थी। विरोध-प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में पुलिस की गाड़ियां मौजूद थीं। विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस पर चीजें फेंके जाने के दौरान कुछ समय के लिए तनाव जैसी स्थिति रही, जिसे बाद में काबू कर लिया गया।

# अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने अचानक यूक्रेन की यात्रा की

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में धन और हथियारों के आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक हाई-प्रोफाइल प्रयास के तहत अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को अचानक यूक्रेन की यात्रा की। हालांकि, इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न नए वैश्विक जोखिमों के कारण अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय संसाधन प्रभावित हुए हैं। पोलैंड से ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे ऑस्टिन का यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने और देश की तत्काल सैन्य जरूरतों को लेकर सार्वजनिक रूप से जोर देने का कार्यक्रम है क्योंकि रूस-यूक्रेन के मध्य लड़ाई जारी है और भीषण सर्दी आने वाली है। यह ऑस्टिन की कीव की दूसरी यात्रा है, लेकिन इस बार की यात्रा वह बहुत अलग परिस्थितियों में कर रहे हैं। उनकी पहली यात्रा रूस के आक्रमण के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में हुई थी। ऑस्टिन ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रयास शुरू किया जिसके तहत अब 50 देशों की मासिक बैठक होती है ताकि इस बात पर समन्वय किया जा सके कि कीव को कौन से हथियार, प्रशिक्षण और अन्य सहायता दी जा सकती है। ऑस्टिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं आज एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए यहां आया हूं - अमेरिका रूस की आक्रामकता के खिलाफ आजादी की लड़ाई में यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा। लेकिन गाजा में संघर्ष यूक्रेन की लड़ाई से ध्यान और संसाधन की आपूर्ति में कमी ला सकता है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले और उसके बाद इजराइल द्वारा गाजा पर कई हफ्तों तक की गई विनाशकारी बमबारी के बाद से अमेरिका ने उन हमलों को क्षेत्रीय युद्ध में बदलने से रोकने के लिए तेजी से काम किया है, जिसमें 10,000 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन को अब तक अमेरिका से 44 अरब अमेरिकी डॉलर और अन्य सहयोगियों से 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार मिले हैं, जिसमें लाखों गोलियों से लेकर वायु रक्षा प्रणाली, उन्नत यूरोपीय और अमेरिकी युद्ध टैंक और आखिर में एफ-16 लड़ाकू जेट विमान की आपूर्ति का वादा शामिल है। यूक्रेन को अभी और अधिक की मदद की जरूरत है और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के लगभग 20 महीनों के बाद इसमें कमी दिखाई देने लगी हैं।



### अल्बानीज ने युद्धपोत में सोनार प्रणाली के इस्तेमाल पर चीन की आलोचना की

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने चीनी और ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत के बीच खतरनाक मुठभेड़ को लेकर सोमवार को चीन की आलोचना की। हालांकि उन्होने यह नही बताया कि उन्होने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से हाल मे हुई बातचीत के दौरान इस मुद्दे को उनके समक्ष उठाया था या नही। उन्होने कहा कि पिछले मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुद्रीय क्षेत्र मे एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धक जहाज के निकट चीनी विध्वंसक जहाज ने जब सोनार प्रणाली का इस्तेमाल किया तो इससे एक ऑस्ट्रेलियाई गोताखोर घायल हो गया। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने शनिवार को कहा कि उन्होने विध्वंसक जहाज के असुरक्षित और गैर-पेशेवर व्यवहार के बारे मे बीजिंग के समक्ष गंभीर चिंताएं जताई है। मुठभेड़ और मार्ल्स के बयान के बीच, अल्बनीज ने सैन फ्रांसिस्को मे एशिया-प्रशांत नेताओ के शिखर सम्मेलन के मौके पर शी से बात की। अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि शी के साथ उनकी चर्चा औपचारिक द्विपक्षीय बैठक के बजाय निजी थी। अल्बनीज ने अपने संसद भवन कार्यालय मे स्काई न्यूज को बताया, मै किसी भी विश्व नेता के साथ होने वाली व्यक्तिगत बैठकों, चर्चाओ के बारे मे बात नही करता।

# भीषण तूफान के बाद काला सागर में डूबे तुर्किश जहाज के एक कर्मी की मौत, 11 लापता

**भाषा।** अंकारा

**तुर्किए के** काला सागर तटीय क्षेत्र के पास तूफान के दौरान डूब गए एक मालवाहक जहाज के चालक दल की तलाश कर रहे बचाव दल को सोमवार को एक कर्मी का शव मिला, वहीं 11 अन्य सदस्य लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्किए का झंडा लगा जहाज काफकामेटलर इस्तांबुल से करीब 200 किलोमीटर दूर इरेगली शहर में समुद्र तट के पास बने एक ढांचे से टकराने के बाद डूब गया था। परिवहन और अवसंरचना मंत्री अब्दुलकादिर उरालोगलू ने कहा कि यह जहाज तुर्किए के पश्चिमी बंदरगाह इजमिर की ओर जा रहा था। उरालोगलू ने कहा कि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान कई घंटे तक रुका रहा, लेकिन सोमवार को हालात सामान्य होने के बाद चालक दल की तलाश शुरू की गई तो पोत में तैनात रसोइए का शव मिला। इसी तरह कैमरून का ध्वज लगा पल्लाडा जहाज इरेगली के पास पांच मीटर तक ऊंची लहरों में फंसकर दो हिस्सों में टूट गया था। इस पर सवार सभी 13 कर्मी सुरक्षित हैं। समुद्री महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। तुर्किए में एक अन्य घटना में दक्षिणी प्रांतों दियारबाकिर और बटमान में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में 4 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में दो बच्चे और उनकी मां शामिल थी। महिला का तीसरा बच्चा लापता है। बाढ़ में करीब 50 लोग घायल हो गए हैं।

### प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने संबंधी संधि पर नही बन पाई कोई सहमति

**नैरोबी।** वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने संबंधी संधि को लेकर केन्या के नैरोबी में सप्ताह भर चली वार्ता रविवार को समाप्त हो गई, जिसमें दुनियाभर के देशों के प्रतिनिधि इस बात को लेकर किसी सहमति पर नहीं पहुंच सके कि संधि के मसौदे को कैसे आगे बढ़ाया जाए। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक प्रदूषण पर संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में सप्ताह भर चली बैठक के नतीजों की आलोचना करते हुए कहा कि तेल उत्पादक देश संधि को कमजोर करने के लिए बनाई गई रुकावट की रणनीति को लागू करने में सफल रहे। प्रतिनिधियों से सितंबर में प्रकाशित उस मसौदे पर चर्चा करने की अपेक्षा थी जो पहली दो बैठकों के विचारों का प्रतिनिधित्व करता है। प्लास्टिक के लिए अंतरसरकारी वार्ता समिति को पांच दौर की वार्ताओं में प्लास्टिक प्रदूषण पर पहली अंतरराष्ट्रीय, कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि बनाने का दायित्व सौंपा गया है।

# मिलेई ने अर्जेंटीना का राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता, बदलाव का वादा किया

**भाषा।** ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)



**धुर दक्षिणपंथी** जेवियर मिलेई ने रविवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। अपने धुर दक्षिणपंथी लोकलुभावन चुनावी अभियान के दौरान मिलेई ने बढ़ती मुद्रास्फीति और बढ़ती गरीबी से निपटने के लिए देश में बदलाव लाने का वादा किया था। अर्जेंटीना के चुनाव प्राधिकरण के अनुसार राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में कुल 99.4 प्रतिशत वोट में मिलेई को 55.7 प्रतिशत और वित्त मंत्री सर्जियो मासा को 44.3 प्रतिशत वोट मिले। दक्षिण अमेरिकी देश में 1983 में लोकतंत्र की वापसी के बाद से राष्ट्रपति पद की दौड़ में यह जीत का सबसे बड़ा अंतर है। ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर मोटर वाहन चालकों ने हॉर्न बजाकर और कई इलाकों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जीत का जश्न मनाया। मिलेई के पार्टी मुख्यालय के बाहर ब्यूनस आयर्स शहर के एक होटल में जश्न मनाया गया जिसमें समर्थकों ने गीत-संगीत की धुन पर नाच-गाकर जश्न मनाया। लोगों ने अर्जेंटीना के झंडे और पीले गैड्सडेन झंडे को लहराया जिस पर लिखा था, डोंट ट्रेड ऑन मी। इस प्रतीक को अक्सर एकजुटता दिखाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और मिलेई ने अपने चुनावी आंदोलन में इसका जोर शोर से इस्तेमाल किया था। मिलेई ने जीत के बाद अपने संबोधन में कहा, अर्जेंटीना का पुनर्निर्माण आज से शुरू हो रहा है।

# भविष्य के परिवहन का साधन होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**भाषा।** मेलबर्न



**इलेक्ट्रिक** वाहनों (ईवी) को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के वास्ते देशों को विविध नीतियों को अपनाने की जरूरत है। असल में परिवहन में शामिल वाहनों से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में इजाफा हो रहा है। यह उत्सर्जन वर्ष 1990 से अब तक औसतन 1.7 फीसदी की सालाना दर से करीब 56 फीसदी तक बढ़ चुका है। यह अर्थव्यवस्था के किसी भी क्षेत्र में उच्चतम उत्सर्जन दर को दर्शाता है। परिवहन से होने वाले उत्सर्जन में करीब 74.5 प्रतिशत योगदान सड़क पर चलने वाले वाहनों का है जिनमें कार, वैन, बस और ट्रक सहित अन्य वाहन शामिल हैं। निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को हासिल करने के लिहाज से धरती के वायुमंडल में मौजूद कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को तेजी से कम करने की जरूरत है। ऐसे में इलेक्ट्रिक वाहनों को परिवहन समाधान का अहम हिस्सा माना जा रहा है। लेकिन समस्या यह है कि ईवी के उपयोग में तेजी कैसे लाई जाए और इस पर्यावरण हितैषी विकल्प को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के वास्ते किस तरह की पूरक रणनीति अपनाई जाए। वैश्विक ईवी बाजार में ईवी वाहनों की बिक्री में पिछले कुछ सालों से तेज इजाफा हुआ है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 में एक करोड़ से अधिक ईवी की बिक्री हुई, यह संख्या बेची गई कुल नई कारों की संख्या के 14 फीसदी के बराबर है। ईवी को अपनाने की दर दुनियाभर में हर जगह समान नहीं है। लेकिन सरकारी नीतियों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है जिन्होंने दुनिया के शीर्ष तीन ईवी बाजारों (चीन, यूरोप और अमेरिका) में ईवी को अपनाने की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वर्ष 2022 में इन तीन बाजारों का दुनियाभर में बिकने वाले ईवी में सम्मलित योगदान करीब 90 फीसदी है। जिन सरकारों ने ईवी खरीदने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया, वे ईवी के प्रति उपभोक्ता की भावनाओं में पर्याप्त बदलाव लाने में सफल रहीं। ए प्रोत्साहन इलेक्ट्रिक और पारंपरिक वाहनों के बीच खरीद मूल्य के अंतर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए थे। ए प्रोत्साहन वाहन खरीद सब्सिडी या छूट या पंजीकरण कर में छूट के रूप में उपलब्ध कराए गए। इस तरह के उदाहरणों में वे प्रोत्साहन योजनाएं शामिल हैं जो 1990 के दशक से नार्वे में, 2008 से अमेरिका में और 2009 से चीन में लागू हैं। दुनियाा के विभिन्न हिस्सों में ईवी के खरीद मूल्य में काफी अंतर है। नार्वे की सड़क पर ईवी के चालक को कम टोल देना पड़ता है, वे बस की लेन में जा सकते हैं और सस्ती दर पर सार्वजनिक पार्किंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस देश में अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के पास सरकारी कानून द्वारा सुरक्षित चार्जिंग अधिकार हैं। इन सब की वजह से नार्वे में 2020 में ईवी की बिक्री 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के बराबर हो गई जो 2022 तक बढ़कर 79 प्रतिशत हो गई। लेकिन कोई अन्य देश इसके करीब भी नहीं है। फ्रांस कम आय वाले लोगों को ईवी खरीदने के लिए लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करता है।

# शकीरा कर धोखाधड़ी सुनवाई के पहले दिन स्पेनी अधिकारियों के साथ समझौते पर सहमत

**भाषा।** बार्सिलोना (स्पेन)



**पॉप गायिका** शकीरा कर धोखाधड़ी के एक मुकदमे के पहले दिन यहां सोमवार को स्पेनी अधिकारियों के साथ समझौता करने के लिए सहमत हो गईं। इससे वह जेल की सजा से बच गई हैं। शकीरा (46) ने मजिस्ट्रेट जोस मैनुएल डेल एमो से कहा कि उन्होंने अभियोजकों के साथ हुए समझौते को स्वीकार कर लिया है। गायिका ने स्पेन सरकार को 2012 से 2014 के बीच 1.45 करोड़ यूरो (1.58 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का कर भुगतान करने में नाकाम रहने के मामले में छह आरोपों को स्वीकार करने का जवाब हां में दिया। समझौते के तहत, शकीरा को तीन साल की निलंबित सजा मिलनी है और करोड़ों यूरो का जुर्माना भरना होगा। महज आठ मिनट के बाद सुनवाई स्थगित कर दी गई। अभियोजकों ने जुलाई में कहा था कि वे अदालत से करीब आठ साल कैद की सजा का अनुरोध करेंगे और 2.4 करोड़ यूरो (2.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) जुर्माना लगाने की भी मांग करेंगे। शकीरा को कर धोखाधड़ी मामले में सोमवार को बार्सिलोना की अदालत में पेश होने के लिए समन भेजा गया था।यह मामला 2012 से 2014 की अवधि के दौरान शकीरा के रहने के स्थान पर आधारित है।बार्सिलोना में अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि कोलंबियाई गायिका उस अवधि के दौरान आधे से अधिक समय स्पेन में रही थीं और इसलिए उन्हें देश में अपनी विश्वव्यापी आय पर कर का भुगतान करना चाहिए था, चाहे क्यों न अब तक उनका आधिकारिक निवास बहामास में हो। बहामास में कर की दरें स्पेन की तुलना में बहुत कम हैं। शकीरा ने कर भुगतान नहीं करने के आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उन्होंने अपना सारा बकाया चुका दिया है। शकीरा की जनसंपर्क कंपनी ने कहा कि पॉप स्टार ने अपना सारा बकाया पहले ही चुका दिया है और अतिरिक्त 30 लाख यूरो (लगभग 3.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का ब्याज अदा कर दिया है।

# राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं: मोदी

**भाषा।** जयपुर



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि उसके लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है और वह दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर आंखों पर पट्टी बांध लेती है। मोदी ने सोमवार को पाली और उसके बाद पीलीबंगा में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज पूरा देश विकसित होने का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। भारत 21वीं सदी में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत बड़ी होगी। इसलिए राजस्थान में ऐसी सरकार जरूरी है जो राजस्थान के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से यहां पिछले पांच साल राजस्थान में जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया। यहां की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। यहां की कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है। उन्होंने आरोप लगाया, जब से महिला को आरक्षण देने वाला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ है तब से इन्होंने महिलाओं के विरुद्ध अभद्र अभियान छेड़ दिया है। घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। मोदी ने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री ने तो विधानसभा में महिलाओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी भी नेता ने इसके खिलाफ आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है जिसे राजस्थान के लोग पहचान गए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए हाल ही में राज्य विधानसभा में एक विवादास्पद टिप्पणी की थी। हालांकि बाद में उन्होंने उसके लिए माफी मांगी थी।मोदी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने एक पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ भी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया क्योंकि वह अति पिछड़े परिवार से हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने क्यों गालियां दीं क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं इसलिए उनकी बेइज्जती करने में उनको आनंद आता है। कांग्रेस के नेता में इसे इसे गलत कहने का विवेक नहीं है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं पर आंखें मूंद लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांध लेती है। यहां राजस्थान में पांच वर्ष तक दलित परिवारों के साथ हुए अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया है। मोदी ने कहा कि महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण और उनकी सुरक्षा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक बना दिया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं जबकि सनातन को खत्म करने का मतलब है राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना। तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर में यह आरोप लगाकर विवाद पैदा कर दिया था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसलिए इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए। राज्य में पेट्रोल की ऊंची कीमतों के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार पड़ोस के भाजपा शासित हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात से अधिक कीमत पर पेट्रोल बेच रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सालाना दो लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, लेकिन अब सात लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर में कटौती से 2.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है।मोदी ने आरोप लगाया, यहां की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं सोचती। तुष्टिकरण की राजनीति का असर क्या होता है इसको राजस्थान ने बीते पांच साल में झेला है। कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों में झोंक दिया। दंगों एवं आतंकी मानसिकता रखने वालों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान है।हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में जनसभा में मोदी ने कहा, जहां भी कांग्रेस की सरकार होती है उसकी वहां प्राथमिकता भ्रष्टाचार एवं भाई भतीजा वाद होती है। कांग्रेस कभी आपकी जरूरतों की चिंता नहीं करती। कांग्रेस राजस्थान में नशे के तस्करों को भी बढ़ावा दे रही है। न्होंने कहा, यह नशा हमारे बच्चों को ही नहीं हमारे भविष्य को भी तबाह कर देगी। यहां भाजपा सरकार बनते ही नशे के तस्करों पर ऐसी कार्वाई होगी इसे सुनकर, देखकर और लोग भी कांप जाए।

### प्रधानमंत्री ने बीकानेर में रोड शो किया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम को बीकानेर में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया।मोदी ने केंद्रीय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल के साथ खुले वाहन में रोड शो किया। सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों ने उत्साह के साथ मोदी का स्वागत किया और मोदी ने हाथ हिलाते हुए अभिवादन स्वीकार किया।यह रोड शो जूनागढ़ से शुरू हुआ। रोड शो के रास्ते में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर : किश्तवाड़ में दो किलोग्राम के आईईडी को निष्क्रिय किया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार शाम एक सड़क पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा लगाया गया दो किलोग्राम का आईईडी मिला। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को बाद में विशेषज्ञों द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया, जिसकी वजह से एक संभावित आतंकी हमला टाल गया। उन्होंने कहा कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त गश्ती दल ने किश्तवाड़-बटोटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे लगे आईईडी को देखा।अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात को तुरंत रोक दिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जिसने विस्फोटक पदार्थ को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर आईईडी लगाने वाले आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के झुग्गियों में रहने वाले हिंदुओं को सशक्त बनाने के लिए ग्राम समितियां बनाएगी विहिप

**जम्मू।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) हिंदुओं के कमजोर वर्गों, खासकर जम्मू-कश्मीर के झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के सशक्तीकरण के लिए ग्राम-स्तरीय समितियां बनाएगी। संगठन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विहिप हिदू समुदाय के कमजोर वर्गों को न्याय और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियान चला रही है। विहिप के राष्ट्रीय सचिव देवजी भाई रावत ने संवाददाताओं से कहा, झुग्गी बस्तियों और जंगलों में रहने वाले दलित एवं आदिवासी हिंदुओं के उत्थान के उद्देश्य से कौशल विकास प्रशिक्षण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की निगरानी के लिए प्रतएक गांव में समितियां बनाई जाएंगी। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए संगठन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद उन्होंने कहा, कौशल विकास प्रशिक्षण अशिक्षित युवाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है ताकि वे अपने परिवार के लिए आजीविका कमाने में सक्षम हो सकें। रावत ने आगे कहा कि विहिप हिंदुओं के बीच छुआछूत को खत्म करने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है और कमजोर वर्गों के साथ डॉ. बीआर आम्बेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मिकी, संत कबीर और रामानुजाचार्य जैसे समाज सुधारकों की जयंती मनाएगी। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के हिंदुओं को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया।

### शादी से इनकार पर युवक ने एक परिवार के दो लोगों की गोली मारकर की हत्या, चार व्यक्ति घायल

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय जिले में सोमवार की सुबह एक युवक ने शादी से इनकार करने पर लड़की के परिवार के दो सदस्यों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि चार अन्य लोगों को घायल कर दिया। आरोपी का घर पीड़ित परिवार के पड़ोस में ही है। घायलो में से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसने गोलीबारी तब की जब पीड़ित परिवार के लोग छठ की पूजा के बाद घाट से लौट रहे थे। जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार के सदस्यों का आरोप है कि आरोपी आशीष चौधरी (30) उनके परिवार की एक लड़की, जो आरोपी द्वारा की गई गोलीबारी में घायल हो गई है, से शादी करना चाहता था। कुमार ने बताया कि लड़की का परिवार शादी के लिए राजी नही था। लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के साथ वारदात स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने बताया कि बदले की भावना से आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि मृतकों में शशि भूषण झा के पुत्र चंदन झा और राजनंदन झा शामिल है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया है जबकि एक अन्य घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। घायलों में शशि भूषण झा, उनकी पुत्री दुर्गा झा और उनके परिवार की दो अन्य महिलाएं प्रीति देवी और लवली देवी शामिल है। सभी यहां स्थित क्यैया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष चौधरी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### केंद्र सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल किया, एचपी नायक होंगे नैटग्रिड में संयुक्त सचिव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिकारी हर प्रसाद नायक को केंद्र सरकार द्वारा सोमवार को की गई प्रशासनिक फेरबदल में राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नैटग्रिड) का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। नायक 1995 बैच के भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार उन्हे गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले नैटग्रिड मे पांच साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। नैटग्रिड एक संघीय आसूचना तंत्र है जिसे भारत की आतंकवाद निरोधक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बनाया गया था। आदेश के अनुसार भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1998 बैच के अधिकारी अश्विनी श्रीवास्तव को खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। अमित कटोच को श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय) बनाकर भेजा गया है, वही पंकज हजारिका संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में अवर सचिव (जेएस स्तर) होंगे। बिहार कैडर की 2004 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पलका साहनी फार्मास्युटिकल्स विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में सेवाएं देंगी, वही गुजरात कैडर की 2003 बैच की प्रशासनिक अधिकारी संध्या भुल्लर उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कामकाज संभालेंगी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में संयुक्त सचिव, बृजेंद्र स्वरूप को जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार विभाग के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में कार्यकारी निदेशक (परियोजना) और राजकुमार मिश्रा को राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र (एनडब्ल्यूआईसी) के निदेशक के रूप में पदस्थ किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव बृजेश पांडेय की उनके कैडर राज्य त्रिपुरा में तय समय से पहले वापसी को मंजूरी दे दी है। त्रिपुरा कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी शांतनु अब पांडेय की जगह मंत्रालय में नए संयुक्त सचिव होंगे। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार वरिष्ठ नौकरशाह करण सिंह को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अवर निदेशक (प्रशासन) के रूप में भेजा गया है।

### एडवांटेज फंड अर्थव्यवस्था को देगा लाभ

**मुंबई।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने बजाज फिनसर्व बैलेंस्ड एडवांटेज की घोषणा की है। यह एक ओपन एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है। उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है जो इक्विटी और डेरिवेटिव सहित इक्विटी से संबंधित विकल्पों और फिक्स्ड इनकम के विकल्पों में निवेश करना चाहते हैं। बजाज फिनसर्व बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक अनूठे निवेश मॉडल का उपयोग करता है जो व्यवहार विज्ञान पर आधारित है साथ ही निवेश के लिए उन विकल्पों का चयन करता है, जहां ग्रोथ की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। इस एसेट अलोकेशन परिसंपत्ति आवंटन तकनीक का उपयोग करकेए निवेशक बाजार की अस्थिरता से निपटन कर इष्टतम रिटर्न प्राप्त कर सकते है। आवंटन तय करने के लिए सिर्फमात्रात्मक मॉडल का उपयोग करने के बजायए बजाज फिनसर्व एएमसी निवेश टीम व्यवहारिक पहलू का भी विश्लेषण करती हैए जिससे निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न हासिल करने में मदद मिल सकती है। परंपरागत रूप सेए एसेट अलोकेशन की रणनीति तय करने के लिए बुनियादी सिद्धांतों, पिछले प्रदर्शन और मात्रात्मक मॉडल का उपयोग करना है। हालांकिबजाज फिनसर्व एएमसी की निवेश टीम एसेट अलोकेशन और निवेश के लिए उपयुक्त समय पे सही निर्णय लेने के लिए व्यवहार विज्ञान मॉडल का भी उपयोग करने में भरोसा करती है। इस फंड के लॉन्च पर बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीईओए गणेश मोहन ने कहा कि यह देखते हुए कि हम म्यूचुअल फंड कारोबार में नए ह, हमारे पास चीजों को नए सिरे से देखने का बेहतर अवसर भी है। हमारा बैलेंस्ड एडवांटेज फंड उसी सोच का एक और उदाहरण है। यहा, व्यवहार विज्ञान और निवेश विकल्पों का चयन करते समय उनमें ग्रोथ समझने की क्षमता दोनों ही संतुलितश् हैं, जिससे हमें अपने निवेश निर्णय लेने में मदद मिलती है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ निमेश चंदन ने कहा कि भीड़ हमेशा गलत नहीं होती है। परिणामस्वरूपजब भी इक्विटी बाजार में तेजी आती है तो सेल करना और हर बार बाजार में गिरावट आने पर खरीदारी करना एसेट अलोकेशन के लिए सबसे उपयुक्त सोच नहीं हो सकती है।

## कॉलेजियम की सिफारिश वाले नामों को मंजूरी देने में केंद्र का रवैया मनमाफिक चुनाव वाला: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी देने में केंद्र के रवैए को मनमाफिक तरीके से चुनाव वाला बताया और कहा कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता।न्यायालय ने कहा कि कॉलेजियम ने जिन 11 न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की है, उनमें से पांच का स्थानांतरण कर दिया गया है लेकिन छह के मामले अभी लंबित हैं। इनमें चार गुजरात उच्च न्यायालय से और एक-एक इलाहाबाद तथा दिल्ली उच्च न्यायालय से हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लिए हाल में जिन नामों की सिफारिश की गई है, उनमें से आठ को मंजूरी नहीं दी गई है और इनमें से कुछ न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायाधीशों से वरिष्ठ हैं। शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम में सदस्य न्यायमूर्ति कौल ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी से कहा, मेरी जानकारी के अनुसार आपने पांच न्यायाधीशों के तबादले के लिए आदेश जारी किए हैं। छह न्यायाधीशों के लिए आपने आदेश जारी नहीं किया है। इनमें से चार गुजरात के हैं। पिछली बार भी मैंने कहा था कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता। न्यायाधीश ने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, पिछली बार भी मैंने इस बात पर जोर दिया था कि चुनिंदा तरीके से स्थानांतरण मत कीजिए। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गए नामों के संबंध में मनमाफिक तरीके से चुनाव की नीति अपना रही है। पीठ दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें से एक में नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश वाले नामों को स्वीकृति देने में केंद्र की ओर से देरी का आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनिंदा तरीके से नियुक्ति करने से समस्या पैदा होती है क्योंकि लोगों की वरिष्ठता प्रभावित होती है। कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर अक्सर उच्चतम न्यायालय और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध की स्थिति रही है।

### निर्वाचन आयोग मिजो भावनाओं का सम्मान नहीं करता : कांग्रेस

**आइजोल।** मिजोरम प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य विधानसभा चुनाव की मतगणना की तारीख कई अपील के बावजूद नहीं बदलने को लेकर सोमवार को निर्वाचन आयोग की आलोचना की और कहा कि यह मिजो भावनाओं का सम्मान नहीं करती है। प्रदेश कांग्रेस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उसने और अन्य राजनीतिक दलों ने तीन दिसबंर को होने वाली मतगणना की तारीख में बदलाव करने के लिए कई अपील की है क्योंकि यह रविवार का दिन है, जो मिजोरम में ईसाई समुदाय के लिए एक पवित्र दिन है।, इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग पर चुप्पी साधने और मिजो लोगों की भावनाओं का अनादर करने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस को लगता है कि मिजोरम में अन्याय हो रहा है क्योंकि आयोग ने हिंदुओं के एक त्योहार के कारण राजस्थान में मतदान की तारीख बदल दी, जबकि इसने पूर्वोत्तर के राज्य में किए गए इसी तरह के अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

## तेलंगाना की प्रगति के लिए परिवारवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए : नितिन गडकरी

**भाषा।** हैदराबाद



तेलंगाना में कथित भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को लेकर के. चंद्रशेखर राव नीत भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां लोगों से राज्य में एक परिवार के शासन से मुक्ति पाने और प्रदेश की समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनने का आग्रह किया। एल्लारेड्डी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को यहां युवाओं की चिंता नहीं है। उन्हें बस यही चिंता है कि उनके बेटे और बेटी को कैसे रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा, यह परिवारवाद की राजनीति है। तेलंगाना की प्रगति के लिए परिवारवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक अपने बच्चे को भी राजनीति में उतारने लगेंगे तो पार्टी कार्यकर्ताओं का क्या होगा? भाजपा के वरिष्ठ नेता ने दोहराया कि उनके जैसा एक छोटा पार्टी कार्यकर्ता, जो किसी जमाने में पोस्टर चस्पा किया करता था, वो पार्टी का अध्यक्ष बन गया और यह सिर्फ तभी संभव हो पाया क्योंकि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

## एमवे ने एमएलएम योजना के माध्यम से करीब 4,000 करोड़ रुपए अपराध की कमाई अर्जित की: ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बहुस्तरीय विपणन (एमएलएम) योजना चलाने वाली एमवे इंडिया पर अपराध की 4,000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई करने और इसका एक बड़ा हिस्सा विदेशी बैंक खातों में भेजने का सोमवार को आरोप लगाया। केंद्रीय एजेंसी ने हैदराबाद में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष एमवे इंडिया एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के बाद यह बात कही। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि अदालत ने सोमवार को अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लिया। तेलंगाना पुलिस ने एमवे और उसके निदेशकों के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की थीं। ईडी की ओर से दर्ज किया गया धनशोधन का आपराधिक मामला इन्हीं प्राथमिकियों पर आधारित है। यह आरोप लगाया गया है कि कंपनी सामानों की बिक्री की आड़ में अवैध धन संचलन योजना को बढ़ावा दे रही है और नए सदस्यों का पंजीकरण कराने पर अधिक कमीशनाप्रोत्साहन का वादा करके और यह दावा करके आम लोगों को धोखा दे रही है कि ए कमीशनाप्रोत्साहन अनंत काल तक जारी रहेंगे। कंपनी का कहना है कि उसने कानून के अनुसार काम किया है। एमवे के प्रवक्ता ने कहा, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर अभियोजन शिकायत 2011 की जांच से संबंधित है और हम तभी से विभाग के साथ सहयोग कर रहे हैं तथा हमने समय-समय पर मांगी गई सभी जानकारी साझा की हैं। प्रवक्ता ने कहा कि एमवे ने भारत में अपना कामकाज 25 साल पहले शुरू किया था, तब से वह कानून एवं निमयों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने कहा, हम अपने कानूनी अधिकारों का पालन करते हुए कानून की उचित प्रक्रिया का पालन कर भारतीय कानूनी और न्यायिक प्रणाली में अपने निरंतर विश्वास को दोहराना चाहते हैं।

### बिहार में छठ के दौरान 13 डूबे

**भाषा।** पटना

**बिहार के** सात जिलों में पिछले 24 घंटों में छठ पूजा के दौरान विभिन्न नदियों और अन्य जलाशयों में 13 लोगों की जान चली गई।आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के मुताबिक जिन जिलों में डूबने से मौत के मामले सामने आए हैं उनमें पटना, खगड़िया, समस्तीपुर, सहरसा, दरभंगा, मुंगेर और बेसुसराय शामिल हैं। पटना जिले में संपतचक थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर इलाके में सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे तीन लोग एक तालाब में डूब गए।डीएमडी के बयान में कहा गया है कि खगड़िया जिले में, सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे दो अलग-अलग घटनाओं में चौथम और परबता इलाकों में तीन लोग डूब गए। इसके अलावा, रविवार से दरभंगा और समस्तीपुर जिलों में दो-दो और बेगुसराय, मुंगेर और सहरसा जिलों में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई।

## कोलकाता में एक लाख लोग एक साथ भगवद्गीता का पाठ करेंगे

### प्रधानमंत्री के शामिल होने की संभावना

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिसंबर में कोलकाता में एक कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है जिसमें करीब एक लाख लोग एक साथ भगवद्गीता का पाठ करेंगे। मजूमदार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एक लाख गीता पाठ कार्यक्रम 24 दिसंबर को शहर के मध्य में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया, हमने प्रधानमंत्री मोदी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है और उन्होंने हमारा निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। उस दिन एक लाख लोग एक साथ भगवद्गीता का पाठ करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रमुख ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए कई धार्मिक समूह एक साथ आए हैं। मजूमदार ने दावा किया, यह एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्यपाल सी वी आनंद बोस और राज्य की अन्य हस्तियों को भी निमंत्रण भेजा जाएगा। मजूमदार ने कहा, इस कार्यक्रम का भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है और हम इसका आयोजन नहीं कर रहे हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दावा किया 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि भाजपा नेता राज्य का बार बार दौरा करेंगे। हमने 2019 के लोकसभा चुनावों और 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले इस प्रवृत्ति को देखा है। लेकिन, इससे कोई फायदा नहीं होगा।

### एनआईए ने घोषित आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के विमानों से यात्रा करने वाले लोगों को धमकाने और 19 नवंबर से एअरलाइन की उड़ानों का परिचालन बंद करने की धमकी देने के मामले में घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एनआईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बताया कि यह मामला भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज किया गया है। पन्नू ने चार नवंबर को जारी किए गए वीडियो संदेशो मे सिखो से कहा था कि वे 19 नवंबर और इसके बाद एअर इंडिया के विमानो से यात्रा न करें। गैरकानूनी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबंध रखने वाले पन्नू ने विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर वीडियो संदेश जारी किए। इसके बाद हाई अलर्ट जारी किया गया और कनाडा, भारत तथा उन अन्य देशों में सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी, जहां एअर इंडिया अपने विमानों का परिचालन करती है। पन्नू 2019 से एनआईए की नजर में है, जब आतंकवाद रोधी एजेंसी ने उसके खिलाफ पहली बार मामला दर्ज किया था। सितंबर में एनआईए ने पंजाब के अमृतसर और चंडीगढ़ में पन्नू के हिस्से का घर और उसकी जमीन जब्त कर ली थी।

### 36 स्कूलों में प्रवेश शुरू

**नोएडा।** 13 शहरों में विबज्योर ऑफस्कूल्स के 36 स्कूलों में अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विबज्योर में हम छात्रों को सिर्फ पढ़ाते ही नहीं हैं बल्कि उन्हें विश्वस्तरीय दुनिया के लिए तैयार भी करते हैं। हमारा पाठ्यक्रम इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह उनके मन और मस्तिष्क दोनों के विकास को सुनिश्चित करता है। इस तरह हमारे छात्र उत्कृष्ट अकादमिक शिक्षा पाकर भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं। हम नए अकादमिक वर्ष की शुरूआत कर रहे हैंए ऐसे में हम उन्हें अपने सपने साकार करने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं। हम अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने छात्रों को उत्साही लर्नरए विचारक और ज़िम्मेदार नागरिकों के रूप में विकसित करना चाहते हैं। तो विकासए खोज और सफलता की इस यात्रा में हमारे साथ जुड़ें।ष् श्रीमति कविता केरावालाए वाईस चेयरपर्सनए विबज्योर ग्रुप ऑफस्कूल्स ने कहा।

## आदिवासियों के बीच जागरूकता पैदा करें लेखक : मुर्मू

**भाषा।** बारीपदा (ओडिशा)

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने सोमवार को आदिवासी समुदायों के बीच जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया और लेखकों से इससे जुड़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने ओडिशा में मयूरभंज जिले के कुलियाना में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का भी आज उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि साहित्य किसी समुदाय की संस्कृति का दर्पण होता है और लेखकों को आदिवासी समुदायों की जीवनशैली के बारे में लिखना चाहिए ताकि अन्य लोग उनके जीवन मूल्यों के बारे में जान सकें। अखिल भारतीय संथाली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन और साहित्यिक महोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकांश संथाली साहित्य मौखिक परंपरा में उपलब्ध है और किसी भी भाषा को लोकप्रिय बनाने में लेखकों की बड़ी भूमिका होती है।
राष्ट्रपति ने कहा, लेखक समाज के सजग प्रहरी होते हैं। वे अपने कार्यों से समाज को जागरूक करते हैं और उसका मार्गदर्शन करते हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अनेक साहित्यकारों ने हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को राह दिखाई थी...। निरंतर जागरूकता से ही सशक्त एवं जीवंत समाज का निर्माण संभव है। पूरे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में बातचीत की। मुर्मू ने कहा कि भाषा और साहित्य वे सूक्ष्म धागे हैं जो राष्ट्र को एक साथ बांधते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य विभिन्न भाषाओं के बीच व्यापक आदान-प्रदान से ही समृद्ध होता है तथा यह कार्य अनुवाद के माध्यम से संभव है। उन्होंने कहा, संथाली भाषा के पाठकों को अनुवाद के माध्यम से अन्य भाषाओं के साहित्य से भी परिचित कराया जाना चाहिए। संथाली साहित्य को अन्य भाषाओं के पाठकों तक पहुंचाने के लिए इसी तरह के प्रयासों की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समुदायों का मानना है कि जंगल का उनसे नहीं, बल्कि उनका (आदिवासियों) जंगल से संबंध है।



उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज जलवायु परिवर्तन एक बड़ी समस्या है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रकृति के अनुकूल जीवन बहुत महत्वपूर्ण है ताकि इन मुद्दों से निपटा जा सके। मुर्मू ने संथाली लेखकों से आग्रह किया कि वे ओल चिकी का प्रसार करने के लिए बच्चों पर ध्यान केंद्रित करें और उनके लिए भाषा में पत्रिकाएं प्रकाशित कर नियमित रूप से उनके साथ संवाद करें। राष्ट्रपति ने कहा कि ओल चिकी में एक भारतीय भाषा के रूप में विस्तार करने की क्षमता है और उन्होंने संथाली लेखकों से भाषा के समग्र विकास के लिए उनके लेखन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। ओल चिकी लिपि को लोकप्रिय बनाने वाले पंडित रघुनाथ मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुर्मू ने कहा, दूसरों से इसे मान्यता देने की अपेक्षा करने से पहले हमें स्वयं अपनी ओल चिकी भाषा को महत्व देना चाहिए। संथाली बच्चों को आपस में इस भाषा में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संथाली बच्चों को ओल चिकी लिपि में छोटी कहानियां पढ़ने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे भविष्य में भाषा का विकास कर सकें।
ओल चिकी को दिसंबर, 2003 में संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया गया था और भारत सरकार ने इस भाषा को मान्यता दे दी है। मयूरभंज जिले के रायरंगपुर की रहने वाली मुर्मू ने कुलियाना में एकलव्य विद्यालय के बुनियादी ढांचे पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि स्कूल खुलने से स्थानीय बच्चों को शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। आदिवासी समुदाय से संबंध रखने वाली 65 वर्षीय मुर्मू ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा, उनके घर के पास कोई स्कूल नहीं थाअ इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए घर से दूर जाना पड़ा। उस समय पास में स्कूल न होने के कारण कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते थे, जो आज नहीं है।

# रोहित को आईसीसी विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम की कमान

● छह भारतीय शामिल

भाषा। दुबई

**रोहित शर्मा** को विश्व कप की समाप्ति के बाद सोमवार टूर्नामेंट की आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान बनाया गया जिसमें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली सहित छह भारतीयों को एकादश में जगह मिली है। भारत को रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसने अपना छठा विश्व कप खिताब जीता। रोहित ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आक्रामक और निडर बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी काफी सराहना हुई। भारतीय कप्तान 11 मैच में एक शतक और तीन अर्धशतक से 54.27 के औसत से 597 रन बनाकर कोहली के बाद टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। किसी एक विश्व कप में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली ने तीन शतक और छह अर्धशतक से 765 रन बनाए। टूर्नामेंट के दौरान कोहली सेमीफाइनल में अपने 50वें शतक के साथ महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहे। आईसीसी की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में आधे से अधिक भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी दर्शाती है कि भारत ने भले ही खिताब नहीं जीता हो लेकिन मेजबान टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थी जिसने लगातार 10 मैच जीते। विकेटकीपर बल्लेबाज और उप कप्तान लोकेश राहुल को भी टीम में जगह मिली। वह एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 75.33 के औसत से 542 रन बनाकर टूर्नामेंट में आठवें सबसे सफल बल्लेबाज रहे। लीग चरण के शुरुआती चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद मोहम्मद शमी सिर्फ सात मैच में 10.70 के



औसत से 24 विकेट चटकाकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, पुरुष क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ चार खिलाड़ियों ने विश्व कप में शमी के 55 विकेट से अधिक विकेट चटकाए हैं जो लसिथ मलिंगा (56), मिशेल स्टार्क (65), मुथैया मुरलीधरन (68) और ग्लेन मैकग्रा (71) हैं लेकिन शमी ने ए विकेट अपने से आगे मौजूद खिलाड़ियों से 10 कम मैचों में चटकाए हैं। विश्व कप में 11 मैच में 18.65 के औसत से 20 विकेट के साथ चौथे सबसे सफल गेंदबाज रहे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आईसीसी एकादश में जगह मिली है। आईसीसी ने कहा, टूर्नामेंट में एक से अधिक मैच खेलने वाला कोई भी गेंदबाज बुमराह की 4.06 की इकोनॉमी रेट से बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पाया- यह आंकड़ा इसलिए भी बेजोड़ है क्योंकि वह काफी बार उस समय गेंदबाजी करते हैं जब क्षेत्ररक्षण की सीमाएं लागू होती हैं। ऑलराउंडर के रूप में भारत के रविंद्र जडेजा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल को टीम में जगह मिली है। आईसीसी ने कहा, भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और लगातार किफायती गेंदबाजी की। विश्व कप समाप्त होने के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अलविदा कहने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक को दो सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

### रोहित विश्व कप नहीं दिला पाए लेकिन उन्हें कम से कम दो साल कप्तान बनाए रखने की जरूरत

**अहमदाबाद।** विश्व कप जीतने का सपना पूरा नहीं होने पर रविवार की रात को जब रोहित शर्मा मोटेरा स्टेडियम से बाहर निकलते हुए अपने पास से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति से हाथ मिला रहे थे तो निश्चित तौर पर वह काफी अकेलापन महसूस कर रहे होंगे। भले ही ऐसा लग रहा होगा कि रोहित शर्मा के सारे सपने चकनाचूर हो गए लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम को अभी उनकी जरूरत है और उन्हें कम से कम दो साल तक लंबे प्रारूप का कप्तान बनाए रखा जाना चाहिए। राहुल द्रविड़ का कप्तानी कार्यकाल 2007 में जब समाप्त हुआ तो महेंद्र सिंह धोनी उनकी जगह लेने के लिए तैयार थे और जब धोनी ने कप्तानी छोड़ी तो विराट कोहली को पहले से ही तैयार कर दिया गया था। इसी तरह से रोहित भी कोहली से जिम्मेदारी लेने को तैयार थे। लेकिन वर्तमान टीम में कोई भी युवा अभी कप्तानी की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं लगता और ऐसे में चयनकर्ताओं के पास रोहित को कप्तान बनाए रखने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की बातों से अंदाजा लग जाता है कि रोहित टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। द्रविड़ ने मैच के बाद कहा, वह असाधारण कप्तान है। रोहित ने वास्तव में बहुत अच्छी तरह से इस टीम की अगुवाई की है।

# इसे चोकर्स नहीं, एक खराब दिन कहेंगे: खेल मनोवैज्ञानिकों ने भारत की हार पर कहा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय टीम को** आईसीसी विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट की हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद प्रशंसकों का एक वर्ग टीम को चोकर्स (अहम मैचों में हारने वाली टीम) का तमगा देने लगा लेकिन मनोवैज्ञानिकों ने इसे खेल के मैदान में महज एक खराब दिन करार दिया। एकदिवसीय विश्व कप में शुरुआती 10 मैचों में दमदार जीत दर्ज करने के बाद करोड़ों प्रशंसक विश्व कप में भारतीय जीत की आस लगाए बैठे थे लेकिन टीम को एक बार फिर फाइनल में निराशा हाथ लगी। भारत ने अपना पिछला वैश्विक खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चैम्पियंस ट्रॉफी में जीता था। टीम को इसके बाद आईसीसी के पांच फाइनल और चार सेमीफाइनल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी के खिताबी और नॉकआउट मैचों में लगातार लचर प्रदर्शन के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या भारतीय टीम के लिए एक खराब दिन था या खिलाड़ी वाकई में ऐसे मुकाबलों में चोक कर रहे हैं। खेल मनोवैज्ञानिक गायत्री वर्तक ने कहा कि यह दबाव में बिखरने वाला मसला नहीं है। ऑस्ट्रेलिया उस दिन बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरा था। उन्होंने से कहा, मुझे नहीं लगता कि टीम कहीं से भी मानसिक रूप से बिखरी हुई दिखी। मुझे नहीं लगता कि वे दबाव में प्रदर्शन नहीं कर सके। वे सभी टूर्नामेंट में सकारात्मक रूप से आए और फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया। एक खिलाड़ी के रूप में आपके जेहन में पिछले मैच की यादें रहती है।

## सविता की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बनने पर

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी है। उन्हे फिर से एफआईएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। मैने कभी नही सोचा था कि मै लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मै वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए और मेरे साथियो के लिए गौरवशाली क्षण है।

## द्वितीय मीडिया ओलंपिक 9 व 10 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में

**लखनऊ।** मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए मीडिया ओलंपिक के द्वितीय संस्करण का आयोजन 9 और 10 दिसंबर 2023 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जा रहा है। दो दिवसीय इस आयोजन में एथलेटिक्स, बैडमिंटनए टेबल टेनिस, कैरम,शतरंजए फुटबाल शूट आउट और रस्साकसी की स्पर्धाएं होंगी। आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में किसी भी आयु के मीडिया कर्मी और उनके परिवार के सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। इसके विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इन खेलों का उद्घाटन 9 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सुबह 11 बजे होगा जबकि समापन 10 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शाम 4 बजे होगा।

## लुकाकु ने बनाया नया रिकॉर्ड, सर्बिया ने यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया

**मैड्रिड।** बेल्जियम के स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु ने पहले हाफ मे चार गोल करके यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने अंतिम मैच मे अपनी टीम को अजरबैजान पर 5-0 से जीत दिलाई। लुकाकु ने क्वालीफायर्स मे कुल 14 गोल किए जो पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो से चार और फ्रांस के किलियन एमबापे से पांच गोल ज्यादा है।इस तरह से लुकाकु ने यूरोपीय क्वालीफाइंग चैंपियनशिप मे सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होने पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (यूरो 2016 क्वालीफाइंग मे) और उत्तरी आयरलैंड के डेविड हीली (यूरो 2008 क्वालीफाइंग मे) के 13 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## भारत ने आईटीएफ में आठों क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए

**बेंगलुरु।** भारतीय खिलाड़ियो ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईटीएफ महिला विश्व टूर के मुख्य ड्रॉ से पहले सोमवार को यहां सभी आठ क्वालीफाइंग स्थानो पर कब्जा किया। एशियाई खेलो की स्वर्ण पदक विजेता रुतुजा भोसले को तीसरी वरीयता के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष वरीयता मिली है। उज्बेकिस्तान की निगिना अब्दुरैमोवा यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं।

## सरबजोत, ईशा, दिव्या पहले दिन चुनौती पेश करेंगे

**दोहा।** भारत के सरबजोत सिंह पुरुष और ईशा सिंह तथा दिव्या टीएस महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल्स में मंगलवार को यहां सत्रांत प्रतिष्ठित आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के पहले दिन चुनौती पेश करेंगे। इस वार्षिक टूर्नामेंट में 12 सदस्यीय टीम भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान और इसके बाद कार्यक्रम से जुड़ी समस्याओं के कारण चार साल बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। विश्व कप फाइनल्स में शीर्ष 15 अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों के बीच शूट आउट होता है।

# अब युवा कंधों पर होगा क्रिकेट की विरासत को बढ़ाने का जिम्मा



भाषा। बेंगलुरु

**भारत की** फाइनल में हार के बाद भावशून्य हो चुके विराट कोहली उपविजेता का पदक लेने के लिए जाने से पहले उन्हीं की तरह भावशून्य दिख रहे शुभमन गिल से हाथ मिलाते हैं और उन्हें गले लगाते हैं। यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रविवार की अश्रुपूरित रात का सबसे मार्मिक क्षण था। भारत के तीसरा विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद यह भारतीय क्रिकेट का जिम्मा अगली पीढ़ी को सौंपने का भी स्पष्ट संकेत था। कोहली, रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी अभी कुछ समय तक बने रहेंगे लेकिन भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब युवा पीढ़ी के कंधों पर होगी। इन खिलाड़ियों में गिल (24 वर्ष), श्रेयस अय्यर (28), इशान किशन (25), रुतुराज गायकवाड़ (26), यशस्वी जयसवाल (21) और चोट से उबर रहे ऋषभ पंत (26) शामिल हैं जिनकी पहली परीक्षा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में होगी। इन खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का पर्याप्त अनुभव है और कई अवसरों पर वे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं लेकिन कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाना आसान काम नहीं होगा। पिछले डेढ़ दशक में इन खिलाड़ियों ने विश्व क्रिकेट में अपनी विशेष जगह बनाई है तथा अपने कौशल, स्थायित्व और मानसिक दृढ़ता का शानदार परिचय दिया है। उन्होंने कप्तानी के अतिरिक्त बोझ को भी अच्छी तरह से झेला है। ऐसे में भारत के लिए भविष्य का कप्तान कौन होगा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि श्रेयस अय्यर इस भूमिका के लिए सबसे फिट खिलाड़ी हैं। उथप्पा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, श्रेयस अय्यर ने अपने समर्पण और आत्मविश्वास का शानदार नमूना पेश किया है। उन्होंने विशेष कर नंबर चार पर अपनी विशेष छाप छोड़ी है। अगर वह अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हैं तो उन्हें विशेष कर सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी सौंपने पर किसी को हैरानी नहीं होगी।

### मोदी ने ड्रेसिंग रूम जा कर हौसला बढ़ाया



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त मिलने के बाद निराशा मे डूबे भारतीय खिलाड़ियो का ड्रेसिंग रूम मे जा कर हौसला बढ़ाया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां खेले गए फाइनल मैच को देखने के लिए मोदी यहां पहुंचे थे। विश्व कप मे लगातार 10 जीत के बाद फाइनल मे हार के बाद भारत के कई खिलाड़ियों की आंखे नम दिखी। भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रधानमंत्री के साथ ड्रेसिंग रूम मे बिताए पल को एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर साझा किया। शमी ने मोदी के साथ तस्वीर साझा कर लिखा, दुर्भाग्यवश, कल हमारा दिन नही था। मै पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मेरा समर्थन करने के लिए सभी भारतीयो को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष रूप से ड्रेसिंग रूम मे आने और हमारा उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं। हम वापसी करेंगे। इस तस्वीर मे शमी का सिर मोदी के कंधे पर है और प्रधानमंत्री उनका हौसला बढ़ाते दिख रहे है। जडेजा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हमारा टूर्नामेंट बहुत अच्छा था लेकिन कल हम हार गए। हम सभी दुखी है लेकिन लोगो के समर्थन से हम आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल ड्रेसिंग रूम मे आना विशेष और बहुत प्रेरणादायक था। मोदी ने इससे पहले भारतीय टीम की सराहना की और कहा कि देश उनके साथ खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लिखा, प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप मे आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था। आप बहुत अच्छे जज्बे के साथ खेले और देश को गौरवान्वित किया। हम आज और हमेशा आपके साथ खड़े है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भारत की अगुआई करेंगे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में 23 नवंबर से होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।भारत को हराकर विश्व एकदिवसीय चैंपियन बने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ मेजबान टीम के उप कप्तान होंगे। भारत ने विश्व कप टीम में शामिल सिर्फ तीन खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला के लिए चुना है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा, इशान किशन और सूर्यकुमार शामिल है।श्रेयस अय्यर हालांकि रायपुर और बेंगलुरू में होने वाले अंतिम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलो के लिए टीम से जुड़ेंगे और वह गायकवाड़ की जगह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। टीम इस प्रकार हैः सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मुकेश कुमार।

### विराट को आउट करके दर्शकों को खामोश करना सबसे संतोषजनक रहाः कमिंस

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के लिए विश्व कप फाइनल मे विराट कोहली को आउट करके नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे मौजूद 90 हजार दर्शकों को खामोश करना सबसे संतोषजनक पल रहा। कमिंस से जब पूछा गया कि क्या स्टेडियम मे मौजूद दर्शकों को खामोश करना उनके लिए सबसे संतोषजनक पल रहा, उन्होंने कहा, हां मुझे ऐसा लगता है। हमने दर्शकों की खामोशी को स्वीकार करने के लिए एक सेकंड का समय लिया। ऐसा लग रहा था कि यह भी उन दिनो मे से एक दिन है जिसमे वह शतक लगाएगा, जैसा कि वह आमतौर पर करता है और इसलिए यह संतोषजनक था ऑस्ट्रेलिया के कप्तान का मानना है कि वनडे विश्व कप बने रहना चाहिए क्योंकि अपनी विरासत है और खिलाड़ियों के पास कहने के लिए अपनी कहानियां है। मै यह जरूर कहना चाहूंगा कि मुझे इस विश्व कप मे वनडे से फिर से प्यार हो गया है। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि हमने जीत दर्ज की है। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें हर मैच वास्तव में मायने रखता है। यह द्विपक्षीय श्रृंखला से थोड़ा भिन्न है। मेरे कहने का मतलब है कि विश्व कप का अपना समृद्ध इतिहास है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह आगे लंबे समय तक चलेगा। पिछले दो महीनो के दौरान कई शानदार मैच खेले गए और कई नई कहानी इससे जुड़ी, इसलिए मुझे लगता है कि क्रिकेट में इसके लिए जगह है।

### चमत्कार होते हैं, उन पर विश्वास न करना मुश्किल : लाबुशेन

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड छठा विश्व कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि शुरू मे टीम मे जगह नही मिलने के बाद भी उन्होंने उम्मीद नही छोड़ी थी क्योंकि वह हमेशा चमत्कार पर विश्वास करते है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप की शुरुआती 18 सदस्यीय टीम में जगह नही दी गई थी। एस्टन एगर के चोटिल होने के कारण उन्हे आखिरी समय मे टीम मे शामिल किया गया। भारत के खिलाफ रविवार को फाइनल मे नाबाद 58 रन बनाने वाले लाबुशेन ने कहा, मेरे लिए चमत्कारों पर विश्वास नही करना कठिन है और कोई ऐसी शक्ति है जो आपके लिए मार्ग प्रशस्त करती है। लाबुशेन ने विश्व कप मे 10 पारियों में 40.22 की औसत से 362 रन बनाए जिसमे तीन अर्धशतक शामिल है। फाइनल मे उन्होंने एक छोर संभाले रखा तथा ट्रेविस हेड के साथ 192 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। लाबुशेन ने हालांकि स्वीकार किया कि उन्हें फाइनल के लिए अंतिम एकादश मे अपनी जगह को लेकर पूरा यकीन नही था। कल रात 10 बजे तक टीम की घोषणा नही हुई थी। मुझे नही पता था कि मै खेल रहा हूं या नही। मै अपने बिस्तर पर बैठकर सोच रहा था कि अगर मै नही खेलूंगा तो किस तरह से मै अपना योगदान दे सकता हूं। संभवतः क्षेत्ररक्षण मे मै अपना योगदान दे सकता हूं। लाबुशेन ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, इसके बाद सवा 10 बजे टीम की घोषणा कर दी गई और केवल इतना कहा गया कि सेमीफाइनल मे खेलने वाली टीम मे कोई बदलाव नही किया गया है। इससे मुझे थोड़ी राहत मिली।

### स्लम गोल्फ में दिखेगा गोल्फर का संघर्ष

**मुंबई।** वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेज़न मिनीटीवी ने आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा स्लम गोल्फ का ट्रेलर जारी किया, जो मुंबई की अंदरूनी गलियों से शुरू होने वाले एक महत्वाकांक्षी सफर और अंततः अपने लक्ष्यों को हासिल कर लेने की दास्तान है। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज सीरीज के बेहद प्रेरणा दायक ट्रेलर का अनावरण किया जो मजबूत इरादों वाले युवक पवन के जीवन की झलक दिखलाता है। पवन मुंबई की एक झोपड़ पट्टी में रहता है और पेशेवर गोल्फर बनने की तमन्ना रखता है। अपने जुनून को लेकर लड़ने के ठोस इरादे और जोशकी जोरदार कहानी के दम पर इस सीरीज में शरद केलकरए मयूर मोरे और अर्जन सिंह औजलैन मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। कामयाबी की सोच के बल पर हमारे उत्साह और आशावाद को बढ़ावा देने के लिए स्लम गोल्फ22 नवंबर को अमेज़न मिनीटीवी पर मुफ्त में दिखाई जाएगी। यह ट्रेलर मुंबई की जिंदगी के अलग-अलग और उनऊंच नीचे छोरोंको हाईलाइट करता है, जहां जीवन के कई क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद हैं। स्लम गोल्फसीरीज एक ऐसे लड़के की कहानी पेश करती है, जो जिंदगी की चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद, पेशेवर गोल्फके क्षेत्र में कुछ बड़ा करने के सपने देख रहा है। सीरीजऔर अपने किरदार के बारे में बात करते हुए मयूर मोरे ने कहा स्लम गोल्फउन लोगों की मुसीबतोंपर रोशनी डालती है जो बड़ी उपलब्धि हासिल करने की इच्छा तोरखते है।

### प्रणय और सेन चीन मास्टर्स सुपर 750 में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे

**शेनझेन।** वापसी कर रहे एचएस प्रणय सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के अंतिम बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चीन मास्टर्स से पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ मे जरूरी रैंकिंग अंक जुटाने की उम्मीद होगी। पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए प्रणय को जापान ओपन सुपर 500 के दूसरे दौर मे शिकस्त का सामना करना पड़ा था और वह यहां पुरुष एकल मे एक बार फिर शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होंगे। प्रणय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जिन्होंने जापान मे पिछले मुकाबले में उन्हे हराया था। ओलंपिक मे क्वालीफाई करने के लिए अगले साल 28 अप्रैल तक शीर्ष 16 में शामिल रहने के लिए चुनौती पेश कर रहे दुनिया के 17वे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन और 23वे नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी प्रतियोगिता मे हिस्सा लेंगे। पिछले हफ्ते पहले दौर मे जापान के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कोडाई नारोआका के खिलाफ शिकस्त के बाद सेन जब चीन के सातवे वरीय शी युकी से भिड़ेंगे तो उन्हे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मौजूदा सत्र मे सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाने वाले श्रीकांत को अपनी गलतियो का खामियाजा भुगतना पड़ा है। दुनिया के इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते जापान मास्टर्स मे हिस्सा नही लिया था और यहां वह अपने अभियान की शुरुआत गत विश्व चैंपियन थाईलैंड के चौथे वरीय कुनलावत वितिदसार्न के खिलाफ करेंगे। प्रियांशु राजावत पहले दौर मे जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीय जोड़ी पिछले हफ्ते जापान में पहले दौर की शिकस्त को भुलाकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी।

### सरिता को कांस्य, शीतल व प्रकाश स्वर्ण पदक की दौड़ में

**बैंकॉक।** राकेश कुमार और शीतल देवी ने सोमवार को यहां पैरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप मे अपनी स्पर्धाओं के फाइनल मे पहुंचकर कम से कम दो रजत पदक पक्के किए जबकि सरिता देवी ने कांस्य पदक जीता। सरिता ने महिला कंपाउंड ओपन वर्ग के कांस्य पदक के ऑल इंडियन मुकाबले मे ज्योति बालियान को 139-135 से हराया। पैरा एशियाई खेलो की स्वर्ण पदक विजेता शीतल ने इससे पहले सरिता को सेमीफाइनल मे 143-138 से हराकर महिला कंपाउंड ओपन वर्ग के स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। शीतल फाइनल में सिंगापुर की नूर सयाहिदाह से भिड़ेंगी जिन्होंने सेमीफाइनल मे ज्योति को 150-138 से शिकस्त दी। राकेश ने भी पुरुष कंपाउंड ओपन फाइनल में जगह बनाकर कम से कम रजत पदक सुनिश्चित किया। राकेश ने अंतिम चार के मुकाबले मे जापान के युया ओइ को 143-142 से हराया। भारत 23 नवंबर से यहां शुरू हो रही क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के जरिए पेरिस पैरालंपिक के अपने छह कोटा (चार कंपाउंड और दो रिकर्व) मे इजाफा करने की कोशिश करेगा। भारत हालांकि रिकर्व वर्ग मे पदक जीतने मे नाकाम रहा जब तोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह प्री क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए। हरविंदर को पुरुष रिकर्व वर्ग में जापान के तोमोहिरो उएयामा के खिलाफ शूट ऑफ मे 5-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। विवेक चिकारा को अंतिम आठ के मुकाबले में चीन के दूसरे वरीय झाओ लिक्शू से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

# जोकोविच ने रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता



भाषा। तूरिन (इटली)

**नोवाक** जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की। इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा। इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा।

# हमें तेज गेंदबाजों के कार्यभार को कुशलता से प्रबंधित करना होगाः म्हाम्ब्रे

भाषा। अहमदाबाद



**भारतीय टीम** को इस साल दिसंबर से मार्च (2024) तक दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ सात टेस्ट मैच खेलना और ऐसे में टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाजों को चोट से बचाए रखने के लिए उनके कार्यभार को अच्छे से प्रबंधित करना होगा। मोहम्मद शमी (सात मैच में 48.5 ओवर में 24 विकेट), जसप्रीत बुमराह (11 मैचों में 91.5 ओवर में 20 विकेट) और मोहम्मद सिराज (11 मैचों में 82.3 ओवर में 14 विकेट) ने रविवार को संपन्न वनडे विश्व कप में भारतीय गेंदबाजी की बागडोर संभाली थी। ए सभी गेंदबाज एशिया कप से ही टीम के नियमित सदस्य रहे हैं। म्हाम्ब्रे ने विश्व कप के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, हमें बहुत सोच-समझ कर इन गेंदबाजों के कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इन लोगों ने काफी क्रिकेट खेला है, इसलिए हमें यह देखना होगा कि हम इसे कैसे कर सकते हैं। म्हाम्ब्रे का टीम के साथ आधिकारिक अनुबंध भी विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे पर अब तक चर्चा नहीं की है। भारतीय ड्रेसिंग रूम में पिछले दो साल में म्हाम्ब्रे की भूमिका काफी अहम रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह टेस्ट टीम के लिए तैयार है या नहीं। वह चोट से उबरने के बाद टी20 और एकदिवसीय टीम का हिस्सा रहे हैं। हमें काफी समय तक बुमराह की कमी खली। जब वह टीम में होते हैं तो आप देख सकते हैं कि उनकी मौजूदगी का कितना असर होता है।

## भारत के सामने विश्व कप क्वालीफायर में कतर की मुश्किल चुनौती

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां कतर के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे ग्रुप ए में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। क्वालीफायर के पहले मैच में कुवैत को 1-0 से हराने के बाद भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। भारत घरेलू मैदान पर कतर को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद करेगा लेकिन मेहमान टीम प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम ने चार साल पहले एशियाई चैंपियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोका था और इस मुकाबले में यह टीम के लिए प्रेरणा का काम करेगा। भारत ने 2022 विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर में 10 सितंबर, 2019 को दोहा कतर को गोलरहित ड्रा पर रोककर फुटबॉल जगत को आश्चर्यचकित कर दिया था। कतर उस समय जबरदस्त फॉर्म में था और उसने 2019 की शुरुआत में एशिया कप का खिताब जीता था। उस मुकाबले में करिश्माई भारतीय कप्तान सुनील छेत्री अस्वस्थ होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे लेकिन मंगलवार को कलिंगा स्टेडियम में वह अपना कौशल दिखाने के लिए उत्सुक होंगे।


### हमारे पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं हैः स्टिमक

**भुवनेश्वर।** भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर मैच से पहले सोमवार को यहां कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम के पास इस मैच में खोने के लिए कुछ नहीं है। स्टिकम ने कहा कि कुवैत के खिलाफ 16 नवंबर को 1-0 की जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है लेकिन कतर की टीम हर मामले में भारतीय टीम से कहीं आगे है।

# लखनऊ टीम ने जीते 7 स्वर्ण सहित 15 पदक

## मंडल यूथ योगासन

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल की बालिका यूथ योगासन टीम ने हाल ही में वाराणसी मंडल में आयोजित यूपी यूथ बालिका मिनी ओलंपिक गेम्स में अपनी तकनीक का कमाल दिखाया और 7 स्वर्ण 6 रजत व 2 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीते। लखनऊ के लिए पायल व देवांशी यादव ने अंडर-14 आर्टिस्टिक पेयर में स्वर्ण जीते। वहीं अंडर.19 आर्टिस्टिक ग्रुप में भूमि तिवारी, प्रसन्ना बाजपेयी, आस्था शर्मा सृष्टि सोनकर व अनाहिता को स्वर्णिम सफलता मिली। टीम कोच मालविका बाजपेयी ने बताया कि इन खेलों के अंतर्गत योगासन की स्पर्धा गत 16 से 18 नवंबर 2023 तक मां दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौनपुर में हुई थी। इसमें अंडर-14 ट्रेडीशनल टीम इवेंट में पायल, अग्रिमा, अन्वी सिंह राणा, एसआराधना, देवांशी यादव और अंडर-19 आर्टिस्टिक सिंगल में भूमि तिवारी ने रजत पदक जीते। इसके अलावा अंडर-19 रिदमिक पेयर में अवनी शर्मा व नव्या को कांस्य पदक मिले। इस चैंपियनशिप में लखनऊ के टीम कोच की भूमिका में सुधीर कुमार व देवेश कुमार भी थे। लखनऊ मंडल के योगासन के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय, उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि पाल सिंह, उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन के महासचिव यश पाराशर और लखनऊ मंडल ओलंपिक संघ के संयोजक मो तौहीद ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग के लिये उत्तर प्रदेश टीम घोषित

**लखनऊ।** आगामी राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप.2023.24 के लिए उत्तर प्रदेश की साइकिलिंग टीम की घोषणा कर दी गई। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने बताया कि यूपी टीम ट्रायल 19 नवंबर को ट्रांस गंगा सिटी, गेट नं0.2 के अंदर आयोजित हुआ। इस ट्रायल के माध्यम से चयनित उत्तर प्रदेश टीम आगामी 30 नवंबर से 4 दिसंबर-2023 तक रांची झारखंड में होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। उत्तर प्रदेश टीम : पुरूष वर्गः सैय्यद मरदान अली मुरादाबाद, मुलायम यादव चंदौली, अविनाश कुमार कानपुर, सागर गाजियाबादए सुमित गुर्जर ;आगराद्धए अनुज कुमार ;अलीगढ़द्ध । सब जूनियर बालक वर्ग खालिद बागी मुरादाबाद । जूनियर महिला वर्ग आकांक्षा वर्मा ;अयोध्याद्ध। सब जूनियर बालिका वर्ग अर्किता वर्मा योया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गांगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गांगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।